बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 160, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह का रहस्य उजागर 16

देखें खेल पेज >> 15



राजेंद्रनगर में रोड शो के दौरान उमड़ी भीड़ का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# भगवा रथ... भगवा पोशाक, शहर में मोदी-योगी

## शंख और डमरू की गूंज से हुई रोड शो की शुरुआत, जय श्रीराम के नारों के साथ समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शुरू से आखिर तक बरसते रहे फूल, नजदीक आने के लिए कई बार बेकाबू हुए लोग
- मुख्यमंत्री के साथ रथ पर सवार प्रधानमंत्री लगातार करते रहे भीड़ का अभिवादन

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नाथ नगरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा। भगवामय माहौल में शंख और डमरू की ध्वनि के बीच राजेंद्रनगर के स्वयंवर बरातघर से शुरू हुए रोड शो पर शुरू से आखिर तक फूल बरसते रहे।

हाथ में पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री 45 मिनट में शहीद पंकज अरोरा चौक पहुंचे। इस बीच कई बार लोग नजदीक आने की कोशिश में बेकाबू हो गए।

रोड शो शाम करीब 6:55 बजे शुरू हुआ। सजे-धजे रथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सांसद संतोष गंगवार और छत्रपाल गंगवार के साथ आगे बढ़े तो जन समुदाय में तेज हलचल के साथ उद्घोष शुरू हो गए। हर कोई प्रधानमंत्री को नजदीक से देखने के लिए आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा था। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सभी का अभिवादन करते हुए आगे बढ़ते रहे। समापन स्थल पहुंचने तक रोड शो में करीब 12 जगह पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। रोड शो को भव्य बनाने के लिए रूट पर पड़ने वाले सभी घरों और दुकानों के बाहर जय श्रीराम लिखवाया गया था। इसके अलावा भगवा झंडे और नाथ नगरी के पोस्टर भी लगाए गए थे। रोड शो के दौरान उत्साहित भीड़ लगातार जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगाती रही।

### दोनों टीमों के सलामी बल्लेबाजों ने बनाए अर्धशतक

## पंजाब ने रचा इतिहास 262 बनाकर जीता मैच

262 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज कर पंजाब की टीम ने आज आईपीएल के 17 साल के इतिहास में एक और नया अध्याय जोड़ दिया। पंजाब ने कोलकाता के खिलाफ 262 रनों के लक्ष्य को दो विकेट खोकर 18.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। आईपीएल का यह पहला मैच है, जब दोनों ही टीमों के सलामी बल्लेबाजों ने एक ही मुकाबले में अर्धशतक जमाए है।



शशांक सिंह



जॉनी बेयरस्टो

108* रन

### पंजाब के लिए दूसरा सबसे तेज शतक

केकेआर के खिलाफ जॉनी बेयरस्टो ने मोर्चा संभाला और तेज खेलते हुए 45 गेंद पर शतक जड़ा दिया। बता दें कि मई 2013 में मोहाली के पीसीए स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ 38 गेंद में शतक बनाने का रिकॉर्ड डेविड मिलर के नाम है। बेयरस्टो के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर मयंक अग्रवाल हैं।

### प्रभसिमरन का रिकॉर्ड

प्रभसिमरन सिंह ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 18 गेंदों पर अर्धशतक ठोका। प्रभसिमरन ने डेविड मिलर का 10 सा पुराना रिकॉर्ड भी धराशायी कर दिया है।










### मतों का वीवीपैट से मिलान और मतपत्रों से चुनाव कराने का अनुरोध किया गया था सुप्रीम कोर्ट से

# ईवीएम सुरक्षित ... याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- पराजित उम्मीदवार विधानसभा क्षेत्रों में पांच प्रतिशत ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर चिप का सत्यापन करा सकेंगे



जनहित याचिकाएं दायर करने वालों को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि भारत की प्रगति को बदनाम करने, कमतर करने और कमजोर करने का एक समन्वित प्रयास किया जा रहा है और ऐसे किसी भी प्रयास को नाकाम किया जाना चाहिए। किसी भी पहलू पर आंख मूंदकर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है।

ईवीएम में हेरफेर के संदेह को बेबुनियाद करार देते हुए उच्चतम न्यायालय ने मतपत्रों से मतदान कराए जाने का निर्देश देने के अनुरोध को शुक्रवार को खारिज कर दिया और कहा कि ईवीएम सुरक्षित है तथा इसने मतदान केंद्रों पर कब्जा एवं फर्जी मतदान होने पर विराम लगा दिया।

इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय ने चुनावों में दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच प्रतिशत ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर चिप के सत्यापन की मांग करने की अनुमति दे दी। इसके लिए इन उम्मीदवारों को आयोग को एक लिखित आवेदन देना होगा तथा इसके लिए शुल्क अदा करना होगा।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच, न्यायालय ने ईवीएम के जरिये डाले गए वोट का वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं खारिज कर दीं। न्यायालय ने कहा कि तंत्र के किसी भी पहलू पर आंख मूंदकर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है। न्यायालय ने कहा कि मतदाताओं को वीवीपैट पर्चियां देना समस्या पैदा करेगा और यह अव्यावहारिक है तथा यह इसका दुरुपयोग किए जाने एवं विवादों को बढ़ावा देगा। निर्देश दिया कि एक मई से, चिह्न लोड करने की यूनिट को एक कंटेनर में सील व सुरक्षित किया जाए और चुनाव नतीजों की घोषणा के कम से कम 45 दिनों की अवधि तक स्ट्रांग रूम में ईवीएम के साथ रखा जाए।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि बगैर सबूत के बार-बार तथा लगातार संदेह जताए जाने से अविश्वास पैदा करने के नुकसानदेह प्रभाव पड़ सकते हैं। न्यायालय ने कहा, हमारा मानना है, ईवीएम सुरक्षित और उपयोगकर्ताओं के अनुकूल है। ईवीएम को हैक करने या इसमें हेरफेर करने या नतीजों को बदलने की संभावना नहीं है।

### नोटा के मामले में आयोग से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** आम चुनाव के बीच उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका पर निर्वाचन आयोग से जवाब देने को कहा जिसमें नोटा के विकल्प को अन्य उम्मीदवारों से अधिक वोट मिलने पर चुनाव रद्द करने और नए सिरे से मतदान कराने के लिए नियम बनाने का अनुरोध किया गया है। लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता शिव खेड़ा की एक जनहित याचिका पर निर्वाचन आयोग को ये नोटिस जारी किया। गुजरात के सूरत में हुए घटनाक्रम को देखते हुए यह याचिका महत्वपूर्ण है। सूरत सीट से भाजपा के सुरेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन अधिकारी ने नोटा के विकल्प पर कोई ध्यान नहीं दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा हम नोटिस जारी करेंगे। यह चुनाव प्रक्रिया के बारे में भी है। देखते हैं कि निर्वाचन आयोग का क्या कहना है।

### न्यायालय का फैसला कांग्रेस के लिए करारा तमाचा : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह फैसला कांग्रेस नीत विपक्ष के लिए करारा तमाचा है और ईवीएम को लेकर अविश्वास पैदा करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। मोदी ने कहा राजद-कांग्रेस और इंडी गठबंधन को न देश के संविधान और न ही लोकतंत्र की परवाह है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, वीवीपैट पर जिन याचिकाओं को आज उच्चतम न्यायालय ने खारिज किया, उनमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक पक्ष नहीं थी। चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा।

### कोर्ट ने माना भारत को बदनाम करने का प्रयास

पीठ की ओर से 38 पन्नों का फैसला लिखते हुए न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि वीवीपैट को शामिल कर एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली, जो मतदाताओं को यह जानने में सक्षम बनाती है कि उनके वोट सही ढंग से दर्ज किए गए हैं या नहीं, वोट सत्यापन के सिद्धांत को मजबूत करता है जिससे चुनावी प्रक्रिया की समग्र जवाबदेही बढ़ जाती है। न्यायमूर्ति दत्ता ने जनहित याचिकाएं दायर करने वालों को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि भारत की प्रगति को बदनाम करने, कमतर करने और कमजोर करने का एक समन्वित प्रयास किया जा रहा है और ऐसे किसी भी प्रयास को नाकाम किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, कुछ निहित स्वार्थी समूहों द्वारा राष्ट्र की उपलब्धियों को कमतर करने का प्रयास किए जाने की प्रवृत्ति तेजी से विकसित हुई है। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि न्यायालय मौजूदा आम चुनाव में पूरी प्रक्रिया को सवालों के घेरे में लाने की अनुमति नहीं दे सकता। शीर्ष अदालत ने विभिन्न याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। इन याचिकाओं में गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक याचिका भी शामिल थी जिसमें मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी प्रणाली फिर से अपनाने के लिए निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया था।

# दूसरा चरण : उप्र में सबसे कम मतदान

नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क

- प्रदेश में 54.83 प्रतिशत पड़े वोट

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में रात 11 बजे तक शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 63.50 प्रतिशत वोट डाले गये। बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा। अमरोहा में 64.02 प्रतिशत मतदान हुआ।

दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 56.42 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.91 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा।

त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत, असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है।



बेंगलुरू में मतदान के बाद आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले।

### अमरोहा में सबसे ज्यादा 64% मतदान

**लखनऊ।** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए 54.83 प्रतिशत मतदान हुआ। अमरोहा सीट पर सबसे ज्यादा 64.02 प्रतिशत व सबसे कम मथुरा में 49.29 प्रतिशत मतदान हुआ। कई जगहों पर ईवीएम में खराबी समेत कई शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका निस्तारण किया गया। इस चरण की अन्य सीटों में मेरठ में 58.70 प्रतिशत, बागपत में 55.93 प्रतिशत, गाजियाबाद में 49.65 प्रतिशत, गौतमबुद्धनगर में 53.21 प्रतिशत, बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर 55.79 प्रतिशत व अलीगढ़ में 56.62 प्रतिशत मतदान हुआ।

## शाहजहांपुर से राजेश का नामांकन खारिज ज्योत्सना सपा प्रत्याशी

**शाहजहांपुर।** सपा (गठबंधन) के घोषित उम्मीदवार राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया और हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड सपा की अधिकृत उम्मीदवार हो गईं। सपा आलाकमान के आदेश पर ही ज्योत्सना का नामांकन कराया था। 18 फरवरी को सपा ने राजेश कश्यप को शाहजहांपुर सीट से प्रत्याशी घोषित किया था। राजेश ने तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच चर्चा होने लगी कि भाजपा की एक कद्दावर महिला नेता सपा में आ रही है और राजेश की जगह उन्हें प्रत्याशी बनाया जाएगा। वहीं सपा आलाकमान के आदेश पर हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड का नामांकन अंतिम तिथि से एक दिन पहले 24 अप्रैल को करा दिया गया।

# दुर्घटना के बाद कार में आग, जिंदा जले मां-बेटे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज





- माइल स्टोन से टकराकर हुआ हादसा, पिता गंभीर घायल
- दर्शन करने मथुरा जा रहा था बरेली के भमोरा का परिवार

**अमृत विचार :** ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैनाल बाइपास पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। माइल स्टोन से टकराकर कार में आग लग गई। दुर्घटना में कार सवार ढाई माह का बेटा और उसकी मां जिंदा जल गए। कार चला रहा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव रफियाबाद निवासी 30 वर्षीय आशीष यादव, 25 वर्षीय पत्नी मीना और ढाई माह के बेटे के साथ गुरुवार की देर रात मथुरा दर्शन करने के लिए बैगन आर कार से जा रहे थे। शुक्रवार को उन्हें मथुरा में दर्शन करने थे। कार शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े तीन बजे कैनाल बाइपास से गुजर रही थी कि ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव भगवंतपुर के समीप सड़क किनारे मार्ग की दूरी दर्शाने के लिए लगे पत्थर से कार टकरा गई। कार की गति तेज थी। पत्थर से टकराते ही कार खंभे से जा टकराई। इसके बाद कार में आग लग गई। आशीष अपनी पत्नी और बच्चे को निकाल पाता तब तक कार धू धू कर जल उठी। बेटा और पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई और आशीष गंभीर घायल हो गया। ट्रक चालकों ने उसे बाहर निकाला। सीओ सिटी अजीत चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# बस में मिले 97 बच्चे, बाल तस्करी का शक

अयोध्या कार्यालय

- अरुणाचल प्रदेश से सहारनपुर मदरसा ले जाए जा रहे थे

**अमृत विचार :** राज्य बाल आयोग के निर्देश पर टीम ने शुक्रवार को लखनऊ- गोरखपुर राजमार्ग से डबल डेकर बस पकड़ी। बस में 97 बच्चे सवार मिले। दिल्ली की एनजीओ मुक्ति फाउंडेशन ने राज्य बाल आयोग से शिकायत की थी कि बिहार के अररिया जिले से बच्चों को अरुणांचल प्रदेश में बस से गोरखपुर और लखनऊ के रास्ते सहारनपुर ले जाया जा रहा है। टीम को बाल तस्करी का शक है।

बच्चों की उम्र 12 साल तक है। इनके साथ सहारनपुर जिला स्थित एक मदरसा के प्रबंधक और शिक्षक भी थे। छानबीन में संयुक्त टीम को केवल दो बच्चों के अभिभावक मौके पर मौजूद मिले हैं। अन्य बच्चों की ओर से काउंसलिंग में स्पष्ट बात न बता पाने और साथ मौजूद लोगों के पास बच्चों के अभिभावकों का सहमति पत्र न होने के चलते संयुक्त टीम की ओर से बच्चों के अभिभावकों को सूचना देकर बुलाया गया है। बच्चों के साथ मौजूद सहारनपुर के जामिया रफ़ीकिया तहफीजुल मदरसा के प्रबंधक तौसीफ अली का कहना है कि बच्चों को उनके माता-पिता की मर्जी से लेकर मदरसे जा रहे थे। बच्चों का मेडिकल करवा देखेरख के लिए लखनऊ स्थित बाल संरक्षण गृह भेजा जा रहा है।

# छेड़खानी से आहत होकर छात्रा ने खाया जहर, मौत

कार्यालय संवाददाता महोबा

- कोचिंग और स्कूल आते-जाते समय छेड़ता था युवक
- शिकायत करने पर परिजनों के साथ अभद्रता की गई

**अमृत विचार।** इंटर में प्रथम डिवीजन आई छात्रा ने छेड़खानी से आहत होकर जहर खाकर जान दे दी। छात्रा (17) ने इस साल इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। मोहल्ला इमलीबरा निवासी एक युवक उसे काफी दिनों से कोचिंग आते जाते समय परेशान कर रहा था।

गुरुवार को बाजार से लौटते समय युवक उसके पीछे पड़ गया और रास्ते में सरेआम छेड़खानी कर दी। उसने विरोध जताया तो युवक ने छात्रा को धमकी दी कि वह उसका ऐसा हाल करेगा कि वह मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी। इस घटनाक्रम से छात्रा परेशान थी इस धमकी से सहमी छात्रा ने घर में अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन युवक के घर गुरुवार की शाम शिकायत करने पहुंचे तो युवक ने छात्रा के परिजनों के साथ अभद्रता करते हुए भगा दिया। इससे आहत छात्रा ने रात में घर पर जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर छात्रा ने परिजनों से जहर खाने की बात बताई। परिजन आनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# साल में 2 बार सीबीएसई परीक्षा की तैयारी

- अगले माह प्रधानाध्यापकों से बैठक करेंगे बोर्ड और शिक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 2025-26 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के संबंध में व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा है। सेमेस्टर प्रणाली शुरू करने की योजना को खारिज कर दिया गया है।

सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय और सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के लिए अगले महीने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा करेंगे। सीबीएसई वर्तमान में इस बात पर काम कर रहा है कि स्नातक प्रवेश कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना एक और बोर्ड परीक्षा को समायोजित करने के लिए अकादमिक कैलेंडर को कैसे तैयार किया जाएगा। एक सूत्र ने बताया मंत्रालय ने सीबीएसई से इस बात पर काम करने को कहा है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा किस तरह आयोजित की जाएगी। सूत्र ने बताया 2025-26 शैक्षणिक सत्र से वर्ष के अंत में बोर्ड परीक्षाओं के दो संस्करण आयोजित करने का विचार किया जा रहा है, लेकिन तौर-तरीकों पर अभी भी काम करने की जरूरत है।

# केजरीवाल को राष्ट्र हित नहीं, सत्ता प्यारी : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

## हाईकोर्ट ने आप सरकार को लगाई लताड़



बच्चों को किताबों नहीं मिलने के मुद्दे पर हाईकोर्ट ने कहा- गिरफ्तारी के बाद भी केजरीवाल मुख्यमंत्री बने हुए हैं, जो दर्शाता है कि उनकी रूचि केवल सत्ता के इस्तेमाल में है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने नगर निगम (एमसीडी) के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को किताबें नहीं मिलने के मुद्दे पर शुक्रवार को आप सरकार जमकर लताड़ा। कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने हुए हैं, जो दर्शाता है कि उन्होंने राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है।

अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार की 'सत्ता के समायोजन में रुचि है। दिल्ली सरकार के वकील ने उच्च न्यायालय को बताया कि इस मामले में केजरीवाल से मंजूरी की आवश्यकता है, जिसके बाद अदालत ने नाराजगी जतायी। अदालत ने कहा कि अब तक हमने 'विनम्रतापूर्वक' इस बात पर जोर दिया है कि राष्ट्रीय हित 'सर्वोपरि' है लेकिन मौजूदा मामले ने उजागर कर दिया कि यह 'गलत' है। अदालत इस मामले में सोमवार को आदेश पारित करेगी।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने कहा, मुझे यह कहते हुए बेहद दुख हो रहा है कि आपने अपने हित को विद्यार्थियों और पढ़ने वाले बच्चों के हित से ऊपर रखा। यह स्पष्ट है और हम मानते हैं कि आपने अपने राजनीतिक हित को सबसे ऊपर रखा है। अदालत ने दिल्ली सरकार के वकील से कहा कि उनका मुवक्किल केवल सत्ता के इस्तेमाल में रुचि रखता है। पीठ ने कहा, हमें नहीं पता कि आप कितनी शक्ति चाहते हैं।

आप शक्तियां हथियाने की कोशिश कर रहे हैं, यही वजह है कि आपको शक्ति नहीं मिल रही है। अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर केजरीवाल चाहते हैं कि प्रशासन पंगु हो जाए तो यह उनका व्यक्तिगत विचार है। नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों को सभी को साथ लेकर चलना होगा क्योंकि यह एक व्यक्ति के प्रभुत्व का मामला नहीं हो सकता है।

### दिल्ली सरकार के पास तीन हजार फाइलें लंबित

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई ने दिल्ली सरकार की आलोचना करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित तीन हजार से अधिक फाइल विभिन्न मंत्रियों के साथ-साथ मुख्यमंत्री के पास कई वर्षों से लंबित हैं। आप सरकार की ओर से इस आरोप पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया, केजरीवाल सरकार प्रशासन और शासन के लिए नहीं बल्कि प्रचार और भ्रष्टाचार के लिए है। इसके अलावा महत्वपूर्ण कार्यों से जुड़ी 420 फाइल ऐसी हैं जो मुख्यमंत्री के स्तर पर लंबित हैं।



मोदी का रोड शो देखने पहुंचीं प्रजापति ब्रह्मकुमारी की सदस्य। ● अमृत विचार



ढोल की धुन पर नृत्य कर महिलाओं ने प्रधानमंत्री का किया स्वागत। ● अमृत विचार



ऐसे भी बांधा समा, भाजपा के झंडे को ही बना लिया साड़ी। ● अमृत विचार



टिबरीनाथ संस्कृत विद्यालय के छात्रों ने किया शंखनाद। ● अमृत विचार

# राजेंद्रनगर 45 मिनट के लिए जादुई लोक

## चुनावी कार्यक्रम में हर तरफ दिखा आस्था का अनूठा माहौल, डमरू-शंख की ध्वनि ने भीड़ में भरा जोश





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

सुरेश पांडेय, बरेली

**अमृत विचार :** रोड शो चुनाव प्रचार के लिए था, लेकिन हर तरफ आस्था का अनूठा माहौल था। भगवामय दिख रहे राजेंद्रनगर में उमड़ी भीड़ संभाले नहीं संभल रही थी। कहीं शंख और डमरू की ध्वनि अलग समा बांध रही थी तो कहीं राम और भजनों की गूंज और लोक संस्कृति के नजारे ध्यान खींच रहे थे। प्रधानमंत्री के आने से पहले ही राजेंद्रनगर काफी हद तक किसी जादुई लोक में तब्दील हो चुका था। यह सम्मोहन पूरे 45 मिनट बाद तब टूटा, जब शहीद पंकज अरोरा चौक पर पहुंचकर रोड शो का समापन हो गया।

शाम करीब 6:50 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला एयरपोर्ट की ओर से स्वयंवर बरातघर के पास आकर रुका। सातवीं गाड़ी से हाथ में पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर उतरे मोदी जैसे ही रथ पर सवार हुए, वैसे ही छतों पर खड़े लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिए। कुछ हद तक नजारा पुरी में निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की तरह दिख। उसी रथयात्रा की तरह मोदी के रथ को प्लास्टिक की मोटी रस्सी लेकर पुलिस के जवानों ने घेरकर चलना शुरू किया। मोदी लोगों का अभिवादन करते हुए बढ़े। लोग और नजदीक से उन्हें देखने के लिए आतुर होते रहे। मोदी के साथ रथ पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार, उनके पीछे सांसद संतोष गंगवार और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी सवार थे। स्वयंवर बरातघर से गुजरने के बाद छतों पर खड़ी भीड़ का जोश बढ़ गया। चौराहे पर मोदी पर फूलों की बारिश की गई। बांके बिहारी मंदिर के सामने मोदी ने सिर झुकाया तो एक बार फिर मोदी-मोदी का शोर गूंज उठा।

**शहीद को किया नमन:** रोड शो के दौरान पंडित और बटुक मंत्रोच्चारण करते रहे। अलग-अलग राज्यों की की संस्कृति की झलक दिखाने के लिए 12 छोटे मंच भी बनाए गए थे। रोड शो के दौरान पूरी सड़क दूधिया रोशनी से नहाई हुई थी। रोड शो के समापन के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने शहीद पंकज अरोड़ा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

### चेहरे पर थकान के बजाय मुस्कान

बिहार में जनसभा करके आ रहे मोदी के चेहरे पर जरा भी थकान नहीं झलकी। स्वयंवर बरातघर से चला मोदी के रथ को लगभग आठ सौ मीटर दूर शील चौराहे तक पहुंचने में 18 मिनट लगे। यहां से डीडीपुरम पहुंचने में 20 मिनट लगे। शील चौराहे पर उन्होंने जय श्री राम बोला तो भीड़ ने भी जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिए। भगवा कुर्ता पहने मोदी ने कंधे पर रंगीन गमछा डाल रखा था।



राजेंद्रनगर में रोड शो के दौरान उमड़ी भीड़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नजदीक से देखने के लिए उतावली नजर आई। ● अमृत विचार

### बोले मोदी- संतोष जी आपकी ही जिम्मेदारी है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वयंवर बरातघर के पास स्वागत करने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और सांसद संतोष गंगवार समेत जिले के कई जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। यहां मोदी ने सभी का परिचय लिया। इसके बाद चलते-चलते कहा, संतोष जी आपकी ही जिम्मेदारी है। स्वागत करने वाले नेताओं में लोकसभा क्षेत्र के क्लस्टर प्रमुख सुरेश राना, समन्वयक राजकुमार शर्मा, सह समन्वयक डॉ. केएम अरोरा, मेयर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. एमपी आर्या, डॉ. डीसी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा भी थे।

### पदाधिकारियों से मिले प्रधानमंत्री, पूछा दायित्व

**बरेली, अमृत विचार :** शहीद पंकज अरोड़ा चौक पर रोड शो के समापन के बाद प्रधानमंत्री विशेष रथ से उतरे तो लाइन में खड़े भाजपा के अलग-अलग प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने उनका अभिवादन किया। पीएम ने अभिवादन स्वीकार करते हुए उनसे उनका दायित्व पूछा। फिर मुस्कुराते हुए दूसरी गाड़ी में बैठकर एयरपोर्ट रवाना हो गए।

### मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** मोदी मित्र अभियान के सह संयोजक और आल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी भी टीम के साथ मौजूद रहे और रोड शो का स्वागत किया। अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अनीस अंसारी ने भी अजादार काजमी समेत कई कार्यकर्ताओं के साथ रोड शो का स्वागत किया।



रोड शो देखने पहुंचे लोगों को संभालने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। ● अमृत विचार

### एक्स पर लिखा... बरेली के अपने परिवारजनों के उत्साह से अभिभूत हूं

**बरेली, अमृत विचार :** रोड शो के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट कर बरेली के लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बरेली के अपने परिवारजनों के उत्साह से अभिभूत हूं। रोड शो में समाज के हर वर्ग ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की है। बरेली की माताओं, बहनों का मैं विशेष तौर पर आभार जताता हूं, जिन्होंने रिकार्ड संख्या में आकर मुझे आशीर्वाद दिया। इन चुनावों में भाजपा को जिताने के लिए खुद जनता-जानर्दन मैदान में है। हम अपने तीसरे कार्यकाल में बरेली के लिए और भी बहुत कुछ करना चाहते हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यहां लंबे समय से अटकी हुई समस्याओं का तेजी से समाधान हो। हम बरेली के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने के साथ ही कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास और कृषि सेक्टर में भी मदद देकर उन्हें नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले सात साल में प्रदेश की कानून व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। बरेली में भी यह बदलाव साफ नजर आता है। केंद्र की एनडीए और यूपी सरकार ने बरेली में जन कल्याण के लिए बेहतरीन काम किए हैं। यहां के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है। सड़कों के नेटवर्क के सुधारने के साथ ही शहर को भी स्वच्छ बनाने का काम किया गया है।



बांके बिहारी मंदिर के सामने झुकाया शीश।



पीएम के स्वागत के लिए जिलाध्यक्ष पवन शर्मा को खुद उठाकर लानी पड़ी फूलों की बोरी।

### पैदल ही स्वयंवर बरातघर पहुंचे मुख्यमंत्री



**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के आने से लगभग 10 मिनट पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयंवर बरातघर के पास काफिले के साथ नहीं बल्कि आईवीआरआई की तरफ से पैदल ही आए। मुख्यमंत्री एयरपोर्ट से स्वयंवर बरातघर पर पहुंचे थे। डेलापीर चौराहे से झूलेलाल द्वार के अंदर वाला मार्ग प्रधानमंत्री के लिए रिजर्व था। इसलिए मुख्यमंत्री डेलापीर से आईवीआरआई की तरफ से आवास विकास कालोनी होते हुए पहुंचे। इस कालोनी में भी बैरिकेडिंग लगी थी। इसलिए मुख्यमंत्री बीच में ही उतर गये और वहां से पैदल ही पहुंचे। उनके साथ वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार भी पैदल ही आए।

## डॉ. केशव समेत 13 लोगों ने किया एयरपोर्ट पर पीएम का स्वागत



प्रधानमंत्री का त्रिशूल एयरपोर्ट पर स्वागत करने पहुंचे डॉ. केशव अग्रवाल, डॉ. आदेश कुमार, पवन अरोड़ा, सुशील पाठक, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. विमल भारद्वाज, सौरभ मल्होत्रा, बंटी ठाकुर, सीए राजन विद्यार्थी और मनीष अग्रवाल।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **पीएम से बोले डॉ. केशव, प्राण प्रतिष्ठा के बाद लोग आपको राम का स्वरूप मानने लगे हैं**

**अमृत विचार :** रोड शो के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पार्टी के पदाधिकारियों और उद्यमियों समेत 13 लोग त्रिशूल एयरपोर्ट पर पहुंचे। प्रधानमंत्री ने सभी से हालचाल पूछा। इसके बाद रोड शो के लिए निकल गए।

प्रधानमंत्री शाम करीब 6.25 बजे एयरपोर्ट पर पहुंचे। पांच मिनट बाद वह स्वागत के लिए पहुंचे लोगों से मिले। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने प्रधानमंत्री से कहा कि जबसे अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण हुआ है, उसके बाद लोग आपको भगवान राम का स्वरूप और योगी जी को हनुमान मानने लगे हैं। उन्होंने कहा कि बरेली के विकास के लिए वह सरकार के साथ मिलकर सभी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का निरंतर काम कर रहे हैं। आयुष्मान योजना में निजी अस्पतालों के सहयोग की वजह से बरेली यूपी में पहले स्थान पर है। वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी से पीएम ने चुनाव के माहौल पर बात की। सीए राजन विद्यार्थी ने कहा कि पहले से माहौल काफी बेहतर हुआ है। स्वागत करने वालों में इसके अलावा पवन अरोड़ा, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. विमल भरद्वाज, डॉ. आदेश गंगवार, डॉ. हुदा, परमजीत सिंह, मनीष अग्रवाल, पं. सुशील पाठक, सौरभ मेहरोत्रा, अनुपम कपूर भी शामिल थे।

बताते हैं कि औपचारिक मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मुड़े ही थी कि सभी को अपनी ओर आने का इशारा किया और पूछा कि चुनाव में हवा क्या है। सरकार के कामकाज से लोग कितना खुश हैं। डॉ. विमल भारद्वाज ने कहा कि मोदी सरकार आने के बाद से 18 हजार गांवों में बिजली पहुंची है। सौरभ और अनुपम कपूर ने कहा कि अब महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रहीं हैं।

## पीएम से मिलने वालों की लिस्ट से उड़ा बेटे का नाम तो विधायक पर बिफरे भाजपा नेता

**बरेली, अमृत विचार :** कुछ ही दिन पहले पार्टी के ही एक नेता के खिलाफ अपशब्द बोलने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता के साथ शुक्रवार को खेल हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एयरपोर्ट पर मिलने वालों की लिस्ट में उन्होंने अपने बेटे का नाम भी जुड़वा रखा था जो ऐन मौके पर एक विधायक के कहने पर हटा दिया गया। बेटे को एयरपोर्ट से लौटना पड़ा तो भाजपा नेता इतने बिफरे कि कई पार्टी नेताओं के बीच ही विधायक को अपशब्द कहते हुए देख लेने की धमकी देते रहे।

● **कई पार्टी नेताओं की मौजूदगी में कहे अपशब्द**

एयरपोर्ट पर पीएम से मिलने वालों की लिस्ट पीएमओ भेजी गई थी, इसमें भाजपा नेता के बेटे का भी नाम था लेकिन वहां से एप्रूव होकर आई लिस्ट से बेटे समेत तीन लोगों के नाम काट दिए गए। इनकी जगह लिस्ट में बैल कोल्हू के एमडी घनश्याम खंडेलवाल के बेटे आशीष खंडेलवाल और फनसिटी के अनिल अग्रवाल का नाम जोड़ दिया गया। भाजपा नेता को इसकी भनक तक नहीं लगी। बेटे को एयरपोर्ट से लौटाया गया तो उन्होंने प्रशासन के अफसरों पर नाराजगी जताई, तब पता लगा कि एक विधायक के कहने पर उनके बेटे का नाम हटाया गया है। इसके बाद भाजपा नेता आपे से बाहर हो गए। राजेंद्रनगर में स्वयंवर बरातघर जहां से रोड शो शुरू होने वाला था, वहां उन्होंने विधायक को कई पार्टी नेताओं के बीच अपशब्द कहने शुरू कर दिए। यह तक कह दिया कि पीएम का कार्यक्रम न होता तो विधायक को अभी देख लेते।





School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

MEDHAVI PUBLIC SCHOOL
(A English Medium School Based on C.B.S.E. Pattern)
Play Group to VIII[th] ADMISSION OPEN
Features & Facility ●Decorated and Beautiful Play Group Class ●Highly Qualified Teaching Staff ●Colourful and Airy Classrooms ●RO Drinking Water ●Regular Health Check-Up ●Computer Lab, Library
MES Colony, 100 Fita Road, Delapeer By Pass, Bareilly
Mob.: 9412260961, 7505542291

M.S. Convent School
Gopal Nagar, Near Abhishek Sweets, Sanjay Nagar, Bareilly
Pre NC to 8th
English Medium Co-Education (Based on CBSE Pattern)
Features :
● Education By Smart Classes (projector)
● Well Educated Teachers
● Fully Airy Classroom
● Vehicle Facility is Available (Van, Rickshaw)
ADMISSION OPEN
M.: 9411007501, 8410361612, 8218345868

Basubaral Saraswati Vihar
Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E., Delhi
With Maths, Science, Commerce and Humanities Stream
Admission Open
For Classes I to XIIth Session 2024-25
HURRY! Limited Seats are available
Special Features : ● Pollution Free 5 Acre Campus ● Normal Fees with Highest Values ● Smart Classes ● Digitization of School Administration ● CCTV Secured Campus ● Online Feedback of Students with Parent ● Transport Facility ● Leading School in Sports activities
Please Note :
● Admission will be on merit base/entrance exam ● New Session will be commenced from 1 April 2024
● Regular Classes are running - Hurry up! ● Prospectus/Admission Forms are available in school
Apna Ghar Parisar, Bisalpur Road, Bareilly-243006
Mob.: 7983035601, 8791688082, 8869098082

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# करीब 50 हजार की आबादी पर भारी पड़े तीन दिन

## बुधवार को शुरू हुआ दिक्कतों का दौर, जैसे-तैसे गुजरा बृहस्पतिवार, रोड शो के दिन हो गया बुरा हाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के रोड शो और उससे पहले तीन दिन से चल रही तैयारियों ने राजेंद्रनगर और आसपास के दर्जनों इलाकों के लोगों पर भारी पड़ीं। बुधवार से ही दिक्कतों का दौर शुरू हो गया और बृहस्पतिवार का भी दिन जैसे-तैसे गुजरा लेकिन शुक्रवार को रोड शो के दिन बुरा हाल हो गया। दफ्तरों और दुकानों से लौटे तमाम लोग घर पहुंचने के लिए तरस गए। घंटों इंतजार के बाद वे घर पहुंच पाए। आसपास का बाजार भी काफी हद तक बंद रहा।

रोड शो के लिए प्रशासन ने बुधवार से ही राजेंद्रनगर में बैरिकेडिंग कराने का काम शुरू करा दिया था। इस बीच बृहस्पतिवार तक लोग जैसे-तैसे पैदल आवाजाही करते रहे लेकिन शुक्रवार को सुबह से ही पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी। इससे सर्वाधिक समस्या पीडब्ल्यूडी क्वार्टर्स में रहने वाले लोगों को झेलनी पड़ी। इसके अलावा राजेंद्रनगर, इंद्रानगर, झूलेलाल द्वार, बालाजी मंदिर मार्ग, वर्मा मेडिकल स्टोर वाली गली, विक्रम शर्मा वाली गली, गुप्ता चौराहा, पानी की टंकी वाली गली में रहने वालों की भी मुश्किल बढ़ गई।

रोड शो शुरू होने से काफी पहले ही राजेंद्रनगर में दैनिक वस्तुओं की तमाम दुकानें, रेस्टोरेंट, फूड काउंटर के साथ मंदिर भी बंद हो गए। शील चौराहे पर एक बिल्डिंग में कुछ दुकाने खुली रहीं लेकिन भीड़ बढ़ने लगी तो वहां भी दुकानदारों ने अपने शटर गिरा दिए। शील चौराहे पर ही कपड़ों की एक दुकान में रोड शो से लौटते लोगों ने घुसने की कोशिश की तो अफरातफरी शुरू हो गई। पास मौजूद पुलिस वालों ने किसी तरह स्थिति को संभाला।

- **रास्ते बंद होने से दुकानों और दफ्तरों से लौटे लोग घर पहुंचने के लिए तरस गए**

**घर लौटने के लिए दो घंटे करना पड़ा इंतजार :** राजेंद्रनगर में बांके बिहारी मंदिर के पास वाली गली में रहने वाले अरविंद ने बताया कि सुबह बैरिकेडिंग पार करके निकलने की रियायत मिल गई थी तो वह कार्यालय तो पहुंच गए लेकिन शाम को छह बजे घर लौटे तो बहुत समस्या हुई। घर पहुंचने के लिए उन्हें करीब दो घंटे गुरुद्वारे के गेट पर इंतजार करना पड़ा। डीडीपुरम के बाला जी मंदिर मार्ग पर रहने वाले अंकुर ने बताया कि उनके घर में दादी की तबियत खराब हो गई तो उन्हें बहुत मुश्किल से पैदल प्रभातनगर के पास दवाई लेने आ मिला।


कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के पास लोगों को प्रेमनगर की ओर जाने से रोकते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

## चार घंटे के इंतजार ने किया पस्त



प्रचार किया गया था कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का रोड शो चार बजे शुरू होगा का समय घोषित किया गया था। लोगों ने दिक्कत से बचने के लिए दो बजे से ही राजेंद्रनगर पहुंचना शुरू कर दिया। चार बजे तक यहां अच्छी-खासी भीड़ इकट्ठी हो चुकी थी, लेकिन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री शाम छह बजे के बाद भी नहीं पहुंचे। चार घंटे के इंतजार ने इन लोगों को थकान से बुरी तरह पस्त किया तो वे वहीं बैठ गए।

## हनुमान जी को नहीं मिला प्रवेश



हनुमान के भेष में पहुंचे युवक को पुलिस वालों ने सुरक्षा खंडों में प्रवेश नहीं दिया। कुछ लोगों ने विरोध किया तो उन्हें भी डपट दिया। लोगों ने इस बीच पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल से शिकायत की तो उन्होंने हनुमान भेषधारी युवक को अंदर प्रवेश कराने के लिए अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया लेकिन इसके बाद भी बात नहीं बनी। लोग हनुमान के स्वरूप के साथ फोटो खिंचवाते रहे।

## महीने का सबसे गर्म दिन फिर भी उमड़ा जनसैलाब



बरेली, अमृत विचार : रोड शो से पहले तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका था लेकिन प्रधानमंत्री को देखने उमड़ी भीड़ पर इसका कोई असर नहीं दिखाई दिया। रोड शो करीब 6 :50 बजे शुरू हुआ लेकिन लोग दोपहर दो बजे से ही पहुंचने लगे थे। आईएमडी की आधिकारिक बेवसाइट के अनुसार करीब 12 :30 बजे तापमान 39 डिग्री सेल्सियस था और इसके बाद बढ़ना शुरू हो गया। करीब 1 :20 बजे पारा 40 डिग्री पर पहुंच गया। 03 :06 बजे अच्छी-खासी भीड़ इकट्ठी हो चुकी थी, तब पारा 41 .2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। शाम 4 .40 बजे तापमान गिरना शुरू हुआ। शाम छह बजे भी तापमान 37 डिग्री सेल्सियस पर था।

## पीने का पानी खत्म हुआ तो लोगों ने किया हंगामा

गर्मी की वजह से तमाम लोग पानी की बोतल साथ लेकर पहुंचे थे लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने ब्लॉक में प्रवेश देने से पहले उनसे पानी की बोतल की बाहर रखवा दी गईं। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बताया कि अंदर वाटर कूलर की सुविधा है। करीब पांच बजे ही जनता की लेन में वाटर कूलर का पानी खत्म हो गया तो लोग हंगामा करने लगे। इसके बाद उन्हें पानी की बोतल ले जाने की अनुमति दी गई।

## राजेंद्रनगर में रोड शो, सिविल लाइंस तक बैरिकेडिंग

रोड शो के लिए सिविल लाइंस तक कई इलाकों में बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस लाइन के बाद गांधी उद्यान के सामने डेलीपीर की ओर जाने वाले मार्ग को बंद कर दिया गया था। बियावानी कोठी के पास गांधी उद्यान की ओर से आने वाले वाहन सेटेलाइट की ओर जाने दिए जा रहे थे लेकिन सेटेलाइट की ओर आने वाले वाहनों को कैंट की ओर डायवर्ट किया जा रहा था। इसके अलावा ईंट पजाया चौराहा, संजयनगर, डेलापीर, पीलीभीत रोड, सूद धर्मकांटा, रामजानकी मंदिर के पास भी बैरिकेडिंग की गई थी। शील चौराहे के पास भी बैरिकेड लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया। यहां से लोग पैदल ही निकल पा रहे थे। शहामतगंज पुल पर चार बजे के बाद सभी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई।

### हर रास्ता बंद, तीन दिन से कार नहीं निकाल सके लोग

स्वयंवर बरातघर से शहीद पंकज अरोरा स्तंभ तक हर गली और हर रास्ते पर बैरिकेडिंग की गई थी। इस वजह से इस इलाके में लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। लोगों ने बताया कि वे दो-तीन दिन से अपनी कार भी घर से नहीं निकाल सके हैं। ऑटो, ई-रिक्शा और स्कूल वाहनों की भी आवाजाही रोक दी गई थी। दफ्तर, दुकान के साथ स्कूल जाने वाले बच्चों को भी काफी दूर तक पैदल आना-जाना पड़ रहा था। इस बीच इलाके में कारोबार भी लगभग बंद हो गया। लोगों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि अब जल्द से जल्द बैरिकेडिंग हटवाई जाए।



गांधी उद्यान के पास विकास भवन जाने वाली रोड को दिन में ही बंद कर दिया। ● अमृत विचार



## जाम : रोड शो के बाद आसपास के इलाकों में घंटों फंसे रहे लोग

रोड शो खत्म होने के बाद भीड़ ने लौटना शुरू किया तो शहर में कई इलाकों में जाम लग गया। राजेंद्रनगर, के साथ सूद धर्मकांटा और डेलापीर रोड समेत कई सड़कों पर घंटों तक गाड़ियां फंसी रहीं। कुछ जगह जाम इतना भीषण था कि बाइक और स्कूटी निकालना तक मुश्किल हो गया। रोड शो खत्म होते ही पुलिस भी इलाके से गायब हो गई। जाम खत्म होने में करीब दो घंटे का समय लग गया।

## मंदिर में गूंजा... जो राम को लाए हैं

रोड शो के दौरान बांके बिहारी मंदिर में सैकड़ों महिलाएं 'जो राम को लाए हैं... हम उनको लाएंगे' भजन पर झूमती रहीं। इस दौरान जय श्री राम, हर-हर मोदी घर-घर मोदी और अबकी बार चार सौ पार जैसे नारे भी खूब गूंजे। रोड शो शुरू होने से पहले कई युवा भांगड़ा करते नजर आए। राम के भेष में एक बच्चा भी पहुंचा था जिसके साथ कई लोगों ने सेल्फी ली।

## बुर्के में पहुंची महिलाओं को नहीं दिया प्रवेश

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। दर्शक दीर्घा स्थल जाने से पहले पुलिसकर्मियों ने सभी की तलाशी ली। इसके बाद ही रोड शो में जाने की अनुमति दी। लोगों ने पुलिस चेकिंग का विरोध भी किया। प्रधानमंत्री की झलक पाने के लिए बुर्के में कई महिलाएं पहुंचीं लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। इसकी वजह से उन्हें मायूस होकर वापस जाना पड़ा। महिलाओं का कहना था कि वह बड़ी उम्मीद से प्रधानमंत्री को देखने आई थीं।

## त्रिशूल के साथ पहुंचे युवक को मिला प्रवेश

दो लोग शिवलिंग और त्रिशूल के साथ पहुंचे थे जिन्हें जांच के बाद पुलिस कर्मियों ने दोनों को यहां बनाए गए सुरक्षा खंड में प्रवेश दे दिया। हालांकि पुलिस पूरे समय बेहद तत्पर रही। सड़क के दोनों ओर लोगों के लिए बनाए गए ब्लॉकों के गेट पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए थे ताकि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध वस्तु लेकर अंदर प्रवेश न कर सके। इसके बावजूद पुलिस कर्मियों ने हर व्यक्ति की तलाशी भी ली।

## एसपीजी ने नेताओं को रथ के पीछे चलने से रोका



बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को देखते हुए एसपीजी ने मेयर, विधायकों और अन्य भाजपा नेताओं को रथ पर सवार होने के साथ-साथ पीछे चलने से भी रोक दिया। इससे नेता मायूस हो गए और काफिले को जाते देखते रह गए। स्वयंवर बारात घर के पास मोदी का रोड शो चलने को तैयार था। शुरुआती प्वाइंट पर मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्या, पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ. केएम अरोरा भी रथ के काफिले के पीछे चलने को तैयार थे लेकिन एसपीजी ने सभी नेताओं को काफिले के पीछे चलने से मना कर दिया।


रोड शो से पहले एसपीजी ने पूरे रूट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ● अमृत विचार


गलियों को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया गया, स्कूटी रास्ते में खड़ी छोड़कर जाते लोग। ● अमृत विचार

## कड़ी सुरक्षा : 12 जिलों के ढाई हजार पुलिस वालों की तैनाती

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था रही। पूरा रूट दो दिन से पुलिस की निगरानी में था। शुक्रवार को 12 जिलों के ढाई हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात कर पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। स्वयंवर बरातघर से शहीद पंकज अरोरा स्तंभ तक इस तरह बैरिकेडिंग की गई थी ताकि कोई मोदी-योगी के नजदीक तक न पहुंच सके। घरों की छतों पर भी पुलिस तैनात रही। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की गई। प्रत्येक ब्लॉक में सादा कपड़ों में भी पुरुष और महिला पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे।

## ...फिर भी पर्स और बाइक ले उड़े चोर

बरेली, अमृत विचार : रोड शो के दौरान भीड़ में जेबकतरों ने कई लोगों की जेब काट ली। वहीं एक व्यक्ति की बाइक चोरी कर ली। इसके साथ ही कुछ महिलाओं और युवतियों के साथ छेड़छाड़ भी की गई, हालांकि इस संबंध में थानों में किसी की ओर से शिकायती पत्र नहीं दिया गया है। एक व्यक्ति ने बताया कि वह शनिवार को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।

# बरेली वालों ने बना लिया है बदलाव का मूड: ऐरन


बरेली लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क करते प्रवीण सिंह ऐरन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली लोकसभा क्षेत्र से सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने कहा कि लोगों ने इस बार बदलाव का मन बना लिया है। इस बार जनता बरेली के विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और रोजगार को बेहतर बनाने के लिए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएगी। इस बार बरेली में बदलाव होकर रहेगा। उन्होंने कहा जनता बीजेपी के झूठे वादों से अपने आपको छला हुआ महसूस कर रही है। महंगाई की मार से त्रस्त लोगों में सरकार के प्रति गुस्सा है।

प्रवीण सिंह ऐरन ने भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के व्यौंधा, वसुधरन, रहपुरा तकिया, खाता कमालपुर, इटौआ, शरीफ नगर, रोहिली, गनु नगला, सिसौना, गहलुइया, कुंवरपुर, जशनपुर, मोहम्मदपुर, शेरगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में चुनावी जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए।

इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने उन्हें समर्थन देने की बात कही। जनसंपर्क के दौरान उनके साथ मुख्य रूप से भगवत सरन गंगवार, शिव चरण कश्यप, शानू बेग, हुकुम सिहं, रेहान रजा, गजराज (प्रधान), रामपाल मौर्या, अंशुल गुप्ता, रामनिवास मिश्रा, लीलाधर राजपूत, बालकराम राजपूत, ओमवीर, तेजराम दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# दो सौ लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा के कई गांवों के कश्यप समाज के करीब दो सौ लोगों ने भाजपा और बसपा छोड़कर सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें मुख्य रूप से हर प्रसाद कश्यप, वेदप्रकाश कश्यप, नन्हें लाल कश्यप, दाताराम कश्यप, हुकुम सिंह कश्यप, वीरेन्द्र कश्यप, ओमकार कश्यप, रवि कश्यप, महेन्द्र पाल कश्यप, पिंटू कश्यप, भगवानदास कश्यप, छोटे लाल कश्यप, धर्मवीर कश्यप, यशपाल कश्यप, रामपाल कश्यप, हरपाल कश्यप, दीपचंद्र कश्यप, वीरपाल कश्यप, टीकाराम कश्यप आदि शामिल रहे।

## आठ बजे सामान्य हुए हालात

**बरेली, अमृत विचार :** रोड शो खत्म होने के बाद भीड़ ने लौटना शुरू किया तो काफी देर तक अफरातफरी और जाम का माहौल रहा। कई जगह लोग काफी देर फंसे रहे। राजेंद्रनगर की सड़कें खाली होने में एक घंटे से ज्यादा समय लगा। आठ बजे हालात सामान्य हुए।

# हीट वेव का खतरा 28 तक 11:30 बजे तक चलेंगे स्कूल

**बरेली,अमृत विचार :** भीषण गर्मी की वजह से परिषदीय स्कूलों को 28 अप्रैल तक सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक संचालित करने का आदेश जारी किया गया है। शुक्रवार को बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से बीएसए को भेजे पत्र के मुताबिक 28 अप्रैल तक बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित सभी स्कूलों का संचालन सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक किया जाएगा। इसके बाद स्कूलों का संचालन पहले की तरह सुबह 7:30 से दोपहर 1 बजे तक होगा।

**29 अप्रैल तक चलेगी हीट वेव :** आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि जिले में 29 अप्रैल तक हीट वेव चलने का पूर्वानुमान है। पूरे सप्ताह मौसम साफ रहेगा। इस दौरान 8-10 किमी घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

# पहले जाति-धर्म के नाम पर राजनीति होती थी, भाजपा ने रोकी: धर्मेंद्र कश्यप

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप ने शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में नुक्कड़ सभाएं कीं। उन्होंने ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए स्थिर सरकार चाहिए। पहले जाति, धर्म और लोक लुभावन की राजनीति होती थी अब मोदी राज में विकास की राजनीति हो रही है। सबके साथ और सबके प्रयास से मोदी देश में विकास के कीर्तिमान रच रहे हैं। हर घर नल पहुंच रहा है, गरीब आदमी को पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है।

सांसद के मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप के अनुसार भाजपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वो करते हैं, चाहें वह अयोध्या में रामलला का मंदिर हो या उज्ज्वला योजना। उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में सभी गारंटी पूरी हो रही है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि यूपी की


आंवला लोकसभा क्षेत्र में जनसभा करते धर्मेंद्र कश्यप। ● अमृत विचार

जनता मोदी की गारंटी पर मुहर लगाने को उत्साहित है। आंवला लोकसभा क्षेत्र के देवतुल्य मतदाता ऐतिहासिक मतों से बड़ी जीत दिलाएंगे।

शेखूपुर के पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने धर्मेंद्र कश्यप और मोदी के लिए 7 तारीख को कमल के फूल का निशान दबाकर मतदान करने को कहा। उन्होंने कहा जनता का अपार प्यार और स्नेह देखने को मिल रहा है। जो दर्शाता है कि जनता मन बना चुकी है ओर तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाना है तो वही आंवला लोकसभा क्षेत्र से धर्मेंद्र कश्यप को जीतकर संसद भेजना है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व चेयरमैन श्रीराम कश्यप, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार, भोजराम कुमार, नरेंद्र राजपूत, धर्मेंद्र गुप्ता, अनिल मिश्रा, राजू कश्यप समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बेरोजगारी-महंगाई पर क्यों नहीं बोलते भाजपा सांसद: नीरज


आंवला लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क करते नीरज मौर्य। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य ने महंगाई बेरोजगारी समेत अन्य जन समस्याओं के मुद्दे पर भाजपा सांसद धर्मेंद्र कश्यप को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद पेपर लीक, बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर बात क्यों नहीं करते हैं। वह सिर्फ जाति और धर्म की राजनीति करके जनता को मूर्ख बनाना चाहते हैं। मगर, जनता उनके षड्यंत्र को समझ चुकी है। आंवला में इस बार बदलाव होकर रहेगा।

आंवला क्षेत्र के कई गांवों में चुनावी भ्रमण के दौरान आयोजित नुक्कड़ सभाओं में नीरज मौर्य ने कहा कि भाजपा के सांसद के खिलाफ आंवला की जनता उठकर खड़ी हो गई है। पिछले 10 साल में उन्होंने अपनी जाति को छोड़कर बाकी सब जातियों का अपमान किया। नीरज मौर्य ने दातागंज, शेखूपुर आंवला, फरीदपुर और बिथरी चैनपुर के मोहनपुर, सैदपुर खजुरिया, उड़ला जागीर, आलमपुर, पदारथपुर, खजुरिया सैदपुर, परसोना, ठिरया निजावत खां आदि क्षेत्रों का दौरा किया। इन गावों में उन्होंने मतदाताओं से साइकिल के निशान पर समाजवादी पार्टी को वोट देने की अपील की। चुनावी भ्रमण में उनके साथ सपा के बिथरी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष रमेश यादव, सपा कोषाध्यक्ष अशोक यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख देवेंद्र पटेल, राशिद भाई, अखिलेश पटेल, प्रताप सिंह, ललित आर्य, सूरज यादव, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. मुस्ताक, जितेंद्र श्रीवास्तव, विरासत प्रधान, बरकत प्रधान, अशफाक भाई, पीयूष कुमार, मुकेश वाल्मीकि, संदीप वाल्मीकि, अर्पित सक्सेना आदि लोग उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### बच्चों को मुख स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक




**बरेली, अमृत विचार** : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से शुक्रवार को संकेत विद्यालय में विशेष बच्चों के लिए शिविर आयोजित किया गया। इसमें बच्चों और अध्यापिकाओं को खेल के माध्यम से जागरूक किया गया। बच्चों को मंजन करने की सही विधि बताई और उन्हें दिन में दो बार मंजन करने की सलाह दी। सभी बच्चों के मुंह की जांच भी की गई। बच्चों को मुख स्वास्थ्य और हाइजीन के महत्व के बारे में समझाया गया। बच्चों के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के खेल भी आयोजित किए गए। सभी खेल दांतों से जुड़ी समस्याएं और उनके निवारण से संबंधित थे। इसके अलावा मंजन भी वितरित किया।

### आज रेडिसन में होगी एजुकेटर्स कॉन्फ्रेंस

**बरेली, अमृत विचार** : जेबा इंटरनेशनल एजुकेशन ऑफ स्कॉलर बड्र्स की ओर से पीलीभीत रोड स्थिति होटल रेडिसन रेडिसन में 27 अप्रैल को देश-विदेश के शिक्षकों का सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें शैक्षिक गुणवत्ता की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष सत्र आयोजित होगा। सुबह 9 बजे से सम्मेलन शुरू होगा।

### भरतौल स्कूल के सात बच्चों ने पास की योग्यता परीक्षा




**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में भरतौल स्थित पूर्व माध्यमिक स्कूल में सात विद्यार्थियों ने भी सफलता प्राप्त की है। प्रधानाचार्य शोभा कटियार ने शुक्रवार को विद्यार्थियों अर्जुन, अजय, आदित्य, गौरी, नंदिनी, अर्जुन यादव और रिया को उपहार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि सफल विद्यार्थियों को इंटर तक प्रतिमाह एक हजार रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति मिलेगी।

### स्वाइन फ्लू से बचाने के लिए लगाई वैक्सीन



**बरेली, अमृत विचार** : जिला अस्पताल के ओपीडी परिसर में स्वास्थ्य कर्मियों को स्वाइन फ्लू से बचाने के लिए वैक्सीन लगाई गई। शासन की ओर से वैक्सीन लगाने का आदेश दिया गया था। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से वैक्सीन की सौ डोज जिला अस्पताल के लिए भेजी गईं हैं। प्रथम चरण का वैक्सीनेशन शुरू कर दिया गया है। सभी कर्मचारियों को एहतियातन स्वाइन फ्लू की डोज लगाई जाएंगी।

### विष्णु ने दूर किया नारद का अभिमान

**बरेली, अमृत विचार** : त्रिवटीनाथ मंदिर में श्रीरामचरित मानस कथा के तीसरे दिन नारद मोह की कथा सुनाई गई। पं. उमाशंकर व्यास ने बताया कि नारद को अभिमान हो गया कि उनसे बढ़कर कोई दूसरा विष्णु का भक्त नहीं है। विष्णु को यह पता चला तो उन्होंने अपनी माया से नारद का अभिमान दूर किया, लेकिन नारद का श्राप देने के कारण प्रभु को अपने हर अवतार में स्त्री का वियोग सहना पड़ा। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### गंगा समग्र टीम ने स्वागत किया

**बरेली, अमृत विचार** : रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गंगा समग्र जिला एवं महानगर बरेली ब्रज प्रांत की टीम ने 22 नंबर ब्लॉक में स्वागत किया। इस दौरान महानगर संयोजक अखिलेश सिंह, जिला संयोजक सोमेन्द्र गंगवार , प्रांतीय संयोजक, गंगा, गीता सिंह, मंजू सक्सेना, प्रतिभा सिंह, गरिमा सिंह, कुंवर युवांश सिंह, विवेक पटेल आदि उपस्थित रहे।

### संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति किया जागरूक

**मीरगंज, अमृत विचार** : संचारी एवं दस्तक अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. वागीश कुमार और डॉ. सुनील कुमार, बीसीपीएम प्रेमपाल ने शुक्रवार को गांव बलूपुरा में लोगों को संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी दी। वहीं आशाओं ने घर घर जाकर डेंगू, मलेरिया से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान शत प्रतिशत आभा आईडी बनवाने के लिए भी कहा गया।

# कुलपति का आदेश, कार्य विरत कुलसचिव का आदेश माना तो की जाएगी कार्रवाई

## अजय कृष्ण यादव के 12 अप्रैल के बाद जारी सभी आदेशों को बताया विधि विरुद्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कार्य-विरत कुलसचिव अजय कृष्ण यादव के 12 अप्रैल के बाद जारी सभी पत्रों और आदेशों को विधि विरुद्ध और अधिकारिता से परे बताया है। उन्होंने आदेश दिया कि अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और महाविद्यालयों ने कार्य-विरत के आदेश मानें तो कार्रवाई होगी और इसके लिए वह खुद जिम्मेदार होंगे।

कुलपति के इस आदेश को कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने विधि मान्य न बताते हुए आदेश जारी किया और कहा कि वह ही कुलसचिव पद पर पदास्थापित हैं।

कुलपति ने आदेश दिया कि कुलसचिव अजय कृष्ण यादव को 12 अप्रैल को कार्य-विरत किया गया है। कुलाधिपति के दिशा-निर्देश प्राप्त होने और अग्रिम आदेशों तक विशेष सचिव का पत्र विश्वविद्यालय में अद्यतन क्रियान्वित नहीं है। अजय कृष्ण यादव अनाधिकृत और नियम विरुद्ध तरीके से 12 अप्रैल से आदेश, पत्राचार और कार्यालय ज्ञापन जारी कर रहे हैं जो अवैध हैं।




● परिसर के अधिकारियों, शिक्षकों कर्मचारियों और महाविद्यालयों को जारी किया आदेश

### कुलसचिव ने कर्मचारियों से मांगा जवाब

कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने शुक्रवार को कार्यवाहक कुलसचिव सुनीता यादव के पटल परिवर्तन के आदेश को मानने वाले कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। कुलसचिव का कहना है कि पटल परिवर्तन नियम विरुद्ध किए गए हैं। सुनीता यादव ने आठ बाबुओं के स्थानांतरण का आदेश दिया था। जिसके बाद कर्मचारियों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया।

कुलपति के आदेश के बिना जारी किए गए आदेश मान्य नहीं हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों और महाविद्यालयों को निर्देश दिया जाता है कि कार्य-विरत कुलसचिव अजय कृष्ण यादव के आदेश को विश्वविद्यालय का अधिकारिक पत्र मानकर कोई भी कार्रवाई करते हैं तो वह विधि मान्य नहीं होगी और संबंधित के लिए खुद उत्तरदायी होंगे।

### फाइलें दबाने पर शासन ने कुलसचिव से मांगा जवाब

शासन ने कुलसचिव अजय कृष्ण यादव से शिक्षकों की प्रोन्नति के बाद वेतन निर्धारण की फाइलें दबाने और अमरोहा के भागीरथी देवी कॉलेज की प्रबंध समिति के मामले में लापरवाही पर जवाब मांगते हुए कार्यवाही की चेतावनी दी है। उच्च शिक्षा अनुभाग के उप सचिव एसपी मिश्र की ओर 19 मार्च को कुलसचिव अजय कृष्ण यादव को पत्र लिखा कि कुलपति ने निर्देश के बाद भी उन्होंने नौ शिक्षकों की प्रोन्नति के बाद भी वेतन निर्धारण की फाइलें निस्तारित नहीं कीं। इसकी वजह से शिक्षकों ने उनका घेराव भी किया। शिक्षकों को आर्थिक और मानसिक परेशानी हुई। शिक्षक लगन और मेहनत से विश्वविद्यालय को नैक ए डबल प्लस रैक दिलाई लेकिन आपके गैर जिम्मेदाराना भरे आचरण, लापरवाही और हीलाहवाली से विश्वविद्यालय का माहौल खराब होता है। ऐसे में लंबित पत्रावलियों का निस्तारण करें। इसके अलावा भागीरथी देवी महाविद्यालय मंडी धनौरा अमरोहा में प्रबंध समिति के चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत राजभवन में की गई थी। राजभवन और कुलपति की ओर से जांच कर नियमानुसार कार्यवाही कर रिपोर्ट देनी थी लेकिन बार-बार रिमाइंडर के बावजूद रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं। शिक्षकों ने भी किसी राजनीति पार्टी का संरक्षण होने, बिना वजह परेशान करने और विश्वविद्यालय की छवि खराब करने के आरोप लगाए। ऐसे में उन्होंने कुलपति के आदेशों-निर्देशों की अवहेलना की, राजकीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही की जो उत्तर प्रदेश सरकारी आचरण नियमावली का उल्लंघन है। ऐसे में उन्हें 15 दिन में स्पष्टीकरण देना है और न देने पर कार्यवाही की जाएगी।

### वित्त अधिकारी ने खुद बिल बाउचर पर किए साइन

कुलपति पर पूर्व वित्त अधिकारी की ओर से लगाए गए आरोपियों को मीडिया सेल प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने निराधार बताया है। उन्होंने बताया कि वित्त अधिकारी केके शंखधार ने अपने पद से हटाए जाने के बाद विश्वविद्यालय के संबंध में राजभवन और शासन को पत्र भेजे हैं जबकि सभी बीएड प्रवेश परीक्षा के भुगतान उनके द्वारा ही किए गए हैं। सभी वित्तीय लेन देन की ऑडिट रिपोर्ट वर्ष 2023 में जारी हो चुकी है और उत्तर प्रदेश सरकार और राजभवन को सौंपी जा चुकी है। सभी टिप्पणियां एवं कार्यवाही सुनिश्चित हो चुकी हैं, जिससे सरकार संतुष्ट है।

# पवन विहार में बनेगा नया बिजली सबस्टेशन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● हरुनगला और जगतपुर उपकेंद्र से कम होगा बिजली का लोड

**अमृत विचार:** पवन विहार में जल्द ही नया विद्युत उपकेंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों ने कब्रिस्तान के पास जगह का चयन कर लिया गया है। नया उपकेंद्र बनने के बाद जगतपुर और हरुनगला उपकेंद्र से बिजली का लोड कम होगा और लोगों को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

पवन विहार समेत जिले में दो जगह पर नए बिजली उपकेंद्र बनाने के लिए अधिकारियों ने प्रस्ताव बनाकर पावर कारपोरेशन मुख्यालय भेजे थे। जिसे अब मुख्यालय ने पास कर दिया है। दोनों उपकेंद्र पवन विहार और आंवला क्षेत्र के बड़ा गांव में बनाए जाएंगे।

पवन विहार उपकेंद्र के निर्माण में लागत 5 करोड़ 98 लाख रुपये आएगी। उपकेंद्र का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद पवन विहार, खुशबू इंक्लेव, जगतपुर आदि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति दी जाएगी। वहीं आंवला क्षेत्र के बड़ा गांव में बनने वाले उपकेंद्र के निर्माण में 4 करोड़ 10 रुपये खर्च होंगे।

अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि पवन विहार में बनने वाले उपकेंद्र के निर्माण को मुख्यालय से अनुमति मिल गई है। पैसा जारी होने के बाद काम शुरू करा दिया जाएगा।

## हरुनगला में चार घंटे बिजली रही गुल

**बरेली, अमृत विचार:** प्रधानमंत्री के आगमन के दिन भी शहर में बिजली कटौती जारी रही। हरुनगला क्षेत्र में लोकल फाल्ट होने से आला हजरत अस्पताल के पास करीब चार घंटे बिजली गुल रही।

वहीं किला उपकेंद्र के बाकरगंज, हुसैन बाग, लीची बाग, स्वालेनगर क्षेत्र में लो वोल्टेज और ट्रिपिंग होने से लोग परेशान हुए। इसके अलावा महानगर और सीबीगंज के साथ सुभाषनगर इलाके में भी बिजली का आना-जाना लगा रहा। जिससे गर्मी में लोगों की परेशानी बढ़ गई।

हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो वाले रूट पर एसपीजी टीम की तरफ से बिजली बंद करने की सूचना नहीं दी गई थी, जिसकी वजह से रोड शो के दौरान भी बिजली आपूर्ति बहाल रही। अधिशासी अभियंता अनुज गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान बेहतर बिजली सप्लाई दी गई। कहीं भी किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आई।

# रोड शो: सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में भी पसरा रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की वजह से जिला अस्पताल और तीन सौ बेड अस्पताल में शुक्रवार को सन्नाटा पसरा रहा। रास्ते बंद होने की वजह से भी लोग अस्पतालों में नहीं पहुंच सके। मरीजों की संख्या कम होने पर स्टाफ खाली बैठा रहा। जिला महिला अस्पताल में भी ओपीडी में सिर्फ 145 मरीज ही पहुंचे जबकि अन्य दिनों में औसतन तीन सौ मरीज पहुंचते हैं।

तीन सौ बेड अस्पताल में मरीज नहीं होने से ओपीडी से कुछ डॉक्टर समय से पहले ही चले गए। यहां कमरा नंबर एक, दो और तीन में दोपहर 1 बजे कक्ष बंद नजर आया, जबकि ओपीडी के अन्य विभागों में डॉक्टर और स्टाफ मरीजों को इलाज करता मिला।

**जिला अस्पताल रोड से अतिक्रमण गायब :** कुतुबखाना फ्लाईओवर के नीचे रोजाना अतिक्रमण की वजह से निकलना मुश्किल होता है लेकिन रोड शो की वजह से सुबह ही रास्ता अतिक्रमण से मुक्त रहा। नगर निगम की टीम ने एक दिन पहले ही अतिक्रमण हटा दिया था।



पर्चा काउंटर पर पसरा सन्नाटा।

● तीन सौ बेड अस्पताल में तैनात तीन डॉक्टरों के कक्ष रहे बंद, खाली बैठा रहा स्टाफ

### स्वास्थ्य विभाग की पांच टीमें रहीं तैनात

**बरेली, अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान स्वास्थ्य विभाग की पांच टीमें सेफ हाउस, पुलिस लाइन समेत अन्य स्थानों पर तैनात रहीं। इसके अलावा निर्धारित स्थानों पर एबुलेंस भी मौजूद रहीं। जिला अस्पताल की ब्लड बैंक में कुछ यूनिट ब्लड भी प्रोटोकॉल के तहत संरक्षित किया गया।

# राजधानी का एसी खराब, पसीने में भीगे यात्री

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● डिब्रुगढ़ जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस के कोच बी-3 में हुई दिक्कत तो किया हंगामा

**अमृत विचार:** राजधानी एक्सप्रेस के एक कोच में एसी खराब होने पर शुक्रवार को यात्रियों ने हंगामा कर दिया। यात्रियों ने रेलवे हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत की तो मुरादाबाद कंट्रोल रूम से बरेली जंक्शन को सूचना दी। बरेली जंक्शन पर कोच बदलने के बाद डेढ़ घंटे बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

बरेली जंक्शन के अधिकारियों को सूचना मिली कि ट्रेन संख्या 20504 राजधानी एक्सप्रेस के कोच बी-3 का एसी नहीं चल रहा है और यात्री हंगामा कर रहे हैं। शुक्रवार शाम 04:07 बजे ट्रेन बरेली जंक्शन पहुंची तो इलेक्ट्रिकल के कर्मचारियों ने एसी को ठीक करने का प्रयास किया। साथ ही आरपीएफ ने हंगामा कर रहे यात्रियों को समझाया। काफी देर तक एसी ठीक नहीं हो पाया तो संबंधित कर्मचारियों ने यात्रियों को ट्रेन से उतारकर दूसरा कोच लगाया तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली। इस बीच शंटिंग आदि की प्रक्रिया में करीब डेढ़ घंटा लग गया। स्टेशन से ट्रेन को शाम 05:30 बजे दो घंटा की देरी से रवाना किया गया। इससे ट्रेन करीब दो घंटे लेट हो गई। प्लेटफार्म पर राजधानी खड़ी रहने से डाउन लाइन बाधित हो गई। इस बीच काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस को रोकना पड़ा। वहीं स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि डाउन लाइन की गाड़ियों का संचालन लाइन नंबर तीन से सुचारू रहा।



जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी राजधानी एक्सप्रेस।

## किसान आंदोलन: नौ दिन में 716 यात्रियों ने 3.5 लाख रुपये के टिकट कराए कैंसिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● जंक्शन पर पिछले नौ दिन से देरी से पहुंच रही हैं ट्रेनें

**अमृत विचार :** शंभू बार्डर पर किसानों के आंदोलन की वजह बरेली जंक्शन पर रोजाना ट्रेनें देरी से पहुंच रही हैं। इसकी वजह से यात्री परेशान हो रहे हैं। नौ दिन में 716 यात्रियों ने करीब 3.5 लाख रुपये के टिकट कैंसिल कराए हैं।

वाणिज्य विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक 17 अप्रैल को 78 यात्रियों ने 33630 रुपये, 18 को 60 यात्रियों ने 17765 रुपये, 19 को 98 यात्रियों ने 53177 रुपये, 20 को 58 यात्रियों ने 15505 रुपये, 21 को 35 यात्रियों ने 13285 रुपये, 22 को 81 यात्रियों ने 21800 रुपये, 23 को 124 यात्रियों ने 106535 रुपये, 24 को 93 यात्रियों ने 64670 रुपये, 25 को 89 यात्रियों ने 24250 रुपये के टिकट टिकट कैंसिल कराए हैं। यह आंकड़ा सिर्फ जंक्शन के काउंटर पर निरस्त कराए जाने वाले टिकटों का है। इसके अलावा ऑनलाइन बुक टिकट भी निरस्त कराए गए हैं।

### ये ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंची जंक्शन

बरेली जंक्शन पर शुक्रवार को भी कई ट्रेनें देरी से पहुंची। इस दौरान करीब 15 ट्रेनों का संचालन जंक्शन पर प्रभावित रहा। जंक्शन पर 13006 पंजाब मेल पांच घंटे 38 मिनट, 13152 सियालदह 10 घंटे, 13308 गंगा सतलुज 14 घंटे 27 मिनट, 12203 गरीब रथ 13 घंटे, 14618 जनसेवा नौ घंटे 35 मिनट और 14674 शहीद एक्सप्रेस 7 घंटे 58 मिनट की देरी से पहुंची।

# परिवार का पेट पालते-पालते मिट गईं हाथ की लकीरें, सरकार नहीं देती ध्यान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● काश कोई नेता देख पाता मांझा कारीगरों की सुबह, तंगहाली की जिंदगी काट रहे परिवार के लोग

● चाइनीज मांझा ने बर्बाद कर दिया कारोबार, नरेन्द्र मोदी भी कर चुके हैं बरेली के मांझे की तारीफ

**अमृत विचार :** बरेली के मांझे की मजबूती की वजह से पूरे देश में पहचान है लेकिन मांझे को धार देने वाले कारीगर का जीवन तंगहाली में गुजर रहा है। परिवार का पेट पालते-पालते उनके हाथों की लकीरें भी मिट चुकी हैं। उन्हें किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जब चुनाव आता तो नेता उनके दुख-दर्द बांटने का झूठा दिलासा देते हैं लेकिन चुनाव बाद कोई सुध नहीं लेता। पिछले लोकसभा चुनाव में बरेली में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बरेली के मांझे की तारीफ की थी।

लोकसभा चुनाव में नेताओं का जनसंपर्क जारी है। पार्टियों के स्टार प्रचारक भी शहर में आ रहे हैं लेकिन मांझा कारीगरों की ओर अभी तक किसी का ध्यान नहीं गया है। मांझा कारीगर सुबह पांच बजे उठकर काम में जुट जाते हैं। दिन भर की मजदूरी के बाद भी जो रकम मिलती है, वह परिवार का पेट पालने के लिए नाकाफी होती है। शहर के बाकरगंज, हुसैन बाग, लीची बाग, किला, स्वालेनगर, सीबीगंज और गोविंदापुर गांव में बड़ी संख्या में मांझे का काम होता है।

**चाइनीज मांझा ने कर दिया बर्बाद :** कारीगरों का दर्द है कि जब से चाइनीज मांझा बाजार में आया है तब से देसी मांझे के काम पर मंदी आ गई है। सरकार और प्रशासन की तरफ से चाईनीज मांझे पर कोई रोक नहीं लगने से लगातार हादसे भी हो रहे हैं। कारीगरों का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार को मांझा कारीगरों के लिए योजना लाकर उनके हित में भी काम करना चाहिए। जिससे वह भी ठीक तरीके से अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें।



बाकरगंज में मांझा तैयार करता कारीगर। ● अमृत विचार



सुबह पांच बजे से शाम तक लगातार काम करने के बाद 300 से 350 रुपये ही कमा पाते हैं। मांझा बनाते-बनाते हाथों की लकीरें भी मिट गई हैं। सरकार को मांझा कारीगरों की तरफ ध्यान देना चाहिए। -वसीम मियां



देसी मांझे के काम पर अब मंदी आ चुकी है। लोग चाईनीज मांझे को अधिक पसंद कर रहे हैं। सरकार को चाईनीज मांझे पर रोक लगाकर मांझा कारीगरों के लिए योजनाएं लानी चाहिए। -साबिर मियां



सिर्फ परिवार के गुजारे लायक ही कमा पाते हैं लेकिन ठेकेदार और मांझा बेचने वाले दुकानदार ही लाभ उठा रहे हैं। महंगाई के इस दौर में काम करना मुश्किल हो रहा है। -मोहम्मद हसीन



चाईनीज मांझे ने काम को बंदी कर कगार पर लाकर खड़ा कर दिया। जिससे अधिकतर कारीगर काम छोड़कर मजदूरी और अन्य काम करने लगे हैं। -हसीन लल्ला

# कम यात्री होने पर अचानक निरस्त कर रहे हैं एसी बसें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● अचानक बस निरस्त होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**अमृत विचार:** यात्रियों की संख्या कम होने पर रोडवेज की एसी बसों को अंतिम समय में निरस्त कर दिया जा रहा है। इसकी वजह से पहले से बुकिंग कराने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है।

सेटेलाइट बस अड्डे से बरेली रीजन के बरेली और रुहेलखंड डिपो की 42 एसी बसों को लखनऊ, दिल्ली, कानपुर और इलाहाबाद रूट पर संचलित किया जाता है। रात के समय में सेटेलाइट बस अड्डे पर हर रोज अचानक से एसी बसों का संचालन यात्री कम होने पर निरस्त कर दिया जा रहा है। अधिकारी इसकी वजह मुख्यालय का आदेश बता रहे हैं। रुहेलखंड डिपो के एआरएम अरुण कुमार वाजपेई ने बताया कि मुख्यालय से आदेश है कि अगर बस में 50 प्रतिशत से कम यात्री हैं तो बस को अड्डे से रवाना नहीं किया जाएगा। हालांकि बस के निरस्त होने पर उसमें बैठे यात्रियों को दूसरी बस में बैठाकर रवाना किया जाता है।

# महफिल-ए-समां में पेश किए कलाम

**बरेली, अमृत विचार:** दरगाह शाहदाना वली पर छोटे उर्स सतरहवीं के दूसरे दिन की शुरुआत कुरानख्वानी से हुई। मौलाना रहमतउल्ला खां ने दरगाह पर सलाम पेश किया। मुतवल्ली अब्दुल वाजिद खां नूरी ने जायरीन की दस्तारबंदी कर लंगर बांटा।

अस्र की नमाज के बाद चंदा मियां अशरफी ने मिलाद पढ़ी। ईशा की नमाज के बाद रात 10 बजे से फनकरों ने महफिल-ए-समा में अपने कलाम पेश किए। निजाम साबरी के कलाम पर लोग झूमने को मजबूर हो गए। सभी कार्यक्रम सूफी रिजवान रजा खां कादरी की सरपरस्ती में हुए। दरगाह के मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कि शनिवार को शाम 5:30 बजे कुल की फातिहा होगी। उर्स की व्यवस्थाएं देखने वालों में मिर्जा शाहाब बेग, अब्दुल सलाम नूरी, जावेद खां, भूरा साबरी, जर्दब कुरैशी, मिर्जा मुकर्रम बेग, इरफान घोसी, जफर अली, खलील कादरी, वसी अहमद, शफी अहमद आदि मौजूद रहे।



दरगाह शाहदाना वली पर चादरपोशी करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

# पांच साल से बिजली-पानी की समस्या से जूझ रहे सुपर सिटी के लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● जल निगम से पानी की सप्लाई ठप, स्ट्रीट लाइटों का कनेक्शन भी काट दिया

**अमृत विचार :** डोहरा रोड स्थित सुपर सिटी कॉलोनी के लोग पिछले पांच साल से बिजली, पानी और सड़कों की मूलभूत सुविधाएं न होने से परेशान हैं। जल निगम ने कई साल से पानी की सप्लाई बंद कर रखी है। इसकी वजह से सबमर्सिबल से ही काम चलाना पड़ रहा है। कॉलोनी में 350 से अधिक घरों में करीब एक हजार मतदाता हैं। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि समस्याओं के समाधान के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि वह चुनाव में उसी को वोट देंगे जो उनके क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कर विकास कराएगा।



अपनी समस्याएं बताने के लिए इकट्ठे हुए सुपर सिटी कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

कॉलोनी में चारों ओर झाड़ियां उग आई हैं। जगह - जगह गंदगी की भरमार है। कोई सफाईकर्मी भी कॉलोनी में नहीं आता है। इस बार चुनाव में सोच समझकर वोट देंगे। -विकास विश्नोई

जल निगम की ओर से पानी की सप्लाई कई साल से बंद कर दी गई है। ऐसे में लोगों को घरों में ही सबमर्सिबल आदि व्यवस्थाएं करानी पड़ रही हैं। स्ट्रीट लाइटें भी खराब हैं। - अनिल शर्मा

### कोई नहीं सुनता...

कॉलोनी में न तो जनप्रतिनिधि आया और न ही किसी ने कॉलोनी की सुध ली। कई बार अधिकारियों से भी शिकायत की लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। - दिनेश कुमार गंगवार

कॉलोनी की सभी मूलभूत व्यवस्थाएं बदहाल हो चुकी हैं। पार्क की देखरेख सहित साफ सफाई आदि सभी व्यवस्थाएं लोगों को खुद ही करानी पड़ रही हैं। - रमेश चंद्र अग्रवाल

कालोनी की सड़कों करीब पांच साल से बदहाल हैं। इनकी मरम्मत भी नहीं कराई गई। जनप्रतिनिधि और अधिकारी यहां के लोगों के साथ दोहरा रवैया अपनाते हैं। - प्रेमपाल सिंह

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H. Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/ • B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर वैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

निःसंतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

## घर से 50 हजार और लाखों के जेवर चुराए

**देवरनियां, अमृत विचार :** चोरों ने गांव भदरक में गुरुवार रात एक घर को निशाना बनाया। 50 हजार की नकदी समेत लाखों का जेवर चुरा लिया। भदरक निवासी अनिकेत कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार रात वह परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहे थे। शुक्रवार सुबह जब वह सो कर उठे तो घर का मेन दरवाजा खुला था।

पत्नी को उठाया और कमरे चेक किए तो सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का ताला टूटा पड़ा था। कमरे से संदूक गायब थे। बताया कि चोर घर से दो सोने की चेन, हार, कुंडल, झाले, नथ, टीका, अंगूठी, आठ जोड़ी पाजेब , तीनजोड़ी खंडवा, दो चांदी के सिक्के और 50 हजार रुपये चुराकर ले गए। सूचना पर इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने मौके का मुआयना किया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पड़ोसी ने युवती से किया दुष्कर्म

## समारोह में शामिल होकर रात में घर लौट रही थी, एफआईआर

संवाददाता, गुलड़िया

**अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होकर लौट रही युवती को पड़ोसी युवक ने दबोच लिया। उसे एक खाली घर में खींच ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

• युवक पकड़कर खाली घर में खींच ले गया

सिरौली थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 अप्रैल की रात उनकी बेटी पड़ोस रहने वाले भतीजे के घर शादी समारोह में गई थी। रात में 11:30 बजे वह घर लौट रही थी। रास्ते में पड़ोस में रहने वाले युवक ने युवती को पकड़ लिया। मुंह में कपड़ा ठूंस कर उठाकर एक खाली घर में ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया।

घर में किसी को इस बारे में बताने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह युवती घर पहुंची। सुबह जब वह उठी तो गुमशुम थी। मां ने इसकी वजह पूछी तो वह रोने लगी और आपबीती सुनाई। इस घटना के बाद से पीड़िता दहशत में है। इस संबंध में इंस्पेक्टर लव सिरोही ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### महिलाओं के देखकर नग्न होने वाले को पकड़ा

**कैंट, अमृत विचार :** महिलाओं को देखकर नग्न होने वाले युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शुक्रवार को नकटिया क्षेत्र की एक कालोनी की रहने वाली तीन महिलाओं ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्रास मंडी तलैय्या का रहने वाला देव दिवाकर अक्सर महिलाओं और लड़कियों को आता जाता देखकर कपड़े उतार कर नग्न हो जाता है। अश्लीलता करता है। दोपहर उन्हें देखकर वह नग्न हो गया और अश्लील हरकत करने लगा। महिलाओं ने उसे पकड़ लिया और डायल 112 के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवक का वीडियो बनाकर वहीं के रहने वाले एक व्यक्ति ने एक्स पर पोस्ट कर पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### चाचा पर किया हमला

**आंवला :** मनौना गांव निवासी सोमपाल मौर्य ने बताया कि गुरुवार को भतीजा दीपक गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसने लाठी मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### खौलते दूध के भगौने में गिरे बच्चे की इलाज के दौरान मौत

**नवाबगंज, अमृत विचार :** खेलते समय खौलते दूध के भगौने में गिरकर घायल हुए दो साल के बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। मोहल्ला नई बस्ती निवासी अकील अहमद मोहल्ले में ही चाय की दुकान चलाते हैं। 21 अप्रैल को घर में खेलते समय उनका दो वर्षीय बेटा जैनुल हसन गर्म दूध के भगौने में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन जैनुल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां तीन दिन उपचार किया गया। इसके बाद उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। मेरठ में जैनुल की उपचार के दौरान गुरुवार शाम मौत हो गई। जैनुल माता-पिता का इकलौता बेटा था।

### बुजुर्ग महिला की ट्रेन से कटकर मौत

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन जीआरपी थाना क्षेत्र अंतर्गत आसफपुर स्टेशन पर गुरुवार को ट्रेन से कटकर बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जीआरपी एसएसआई वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को महिला की शिनाख्त 70 वर्षीय चंद्रवती निवासी धर्मपुर कला थाना बिलारी जिला मुरादाबाद के रूप में हुई। परिजन शुक्रवार को जीआरपी थाने पहुंचे। चंद्रवती आसफपुर में अपने मायके से लौट रही थीं। ट्रेन पकड़ने के लिए लाइन पार कर प्लेटफार्म पर जा रही थीं लेकिन सामने से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गईं। ट्रेन के लोको पायलट इमरजेंसी ब्रेक भी लगाया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। फिलहाल शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### तीन लाख न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना में महिला ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चांदनी के अनुसार उनका जगतपुर निवासी विजय के साथ प्रेम विवाह हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद पति विजय, सास गीता, ससुर सुनील, ननद कीर्ति और किरन तीन लाख रुपये और बाइक की मांग करते हुए उत्पीड़न करने लगे। इसकी शिकायत जब उन्होंने पति के मौसा चरन सिंह, मौसी सिमरन, निवासी जगतपुर, कन्हईलाल निवासी खजुरिया ब्रह्मनान और महेश कुमार से की, तो यह लोग भी खरी खोटी सुनाने लगे। 17 अगस्त 2023 को आरोपियों ने उन्हें घर से निकाल दिया। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने पति, सास, ससुर और ननदों समेत नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दिल्ली पुलिस ने दी दबिश, हाथ नहीं आया स्मैक तस्कर

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** कस्बे में दिल्ली पुलिस ने दबशि दी, लेकिन स्मैक तस्कर हाथ नहीं आया। उसके घर में ताला लटका मिला। छापे की सूचना लीक होने के कारण तस्कर फरार हो गया। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को मुरादाबाद के किसी तस्कर को स्मैक की खेप सहित गिरफ्तार किया था। उसने बरामद स्मैक कस्बे के एक स्मैक तस्कर की बताई थी। दिल्ली पुलिस ने तस्कर को हिरासत में लेकर शुक्रवार सुबह कस्बे में छापेमारी की। वहीं, तस्कर घर में ताला डालकर परिवार सहित फरार हो गया। टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा।

### गेहूं की कटाई पर विवाद, दो पक्षों में मारपीट

**आंवला, अमृत विचार :** गेहूं कटाई को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मुसराह गांव निवासी गोविंद सिंह ने बताया कि गुरुवार को उनकी ताई के साथ गांव का जितेन्द्र गाली गलौज कर रहा था। विरोध करने पर उसने मारपीट की। वहीं, दूसरे पक्ष के जितेंद्र ने भी गोविंद पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### फर्जी दस्तावेज बनाकर हड़पी नौकरी और संपत्ति

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना में एक युवक ने पिता-पुत्रों पर फर्जी कागज तैयार कराकर संपत्ति और नौकरी हड़पने का आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहल्ला केलाबाग निवासी मनोज शर्मा ने मनोज के अनुसार बदायूं के कुंवरगांव निवासी जगराम शर्मा ने उनके परदादा के परिवार में धोखाधड़ी करके अपना और अपने बेटे उदित शर्मा, अनुभव शर्मा, हर्षित शर्मा और प्रिया शर्मा का नाम दर्ज करा लिया। जगराम ने उनके बाबा राजाराम का चचेरा भाई बनकर डाक विभाग में नौकरी ले ली। इसके अलावा जमीन का भी फर्जी तरीके से दाखिल खारिज करा लिया। कोर्ट के आदेश पर बिथरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दहेज में पांच लाख रुपये न देने पर की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज में पांच लाख रुपये न देने पर आरोपी पति और ससुरालियों ने घर में घुसकर मारपीट की। महिला के भाई की शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर के बीडीए कॉलोनी इंद्रानगर निवासी पंकज ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन माधुरी उर्फ रोशनी की शादी साल 2022 में अलीगंज निवासी विकास कश्यप उर्फ करन के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद से विकास, उसके पिता प्रेमपाल, भाई राहुल और अर्जुन माधुरी के साथ मारपीट करने लगे। दो महीने पहले वह अपनी बहन को अपने घर ले आए। 25 अप्रैल को विकास, प्रेमपाल, राहुल और अर्जुन उनके घर पर आए और पांच लाख रुपये की मांग की। जब उन्होंने इतनी रकम न होने की बात कही, तब आरोपियों ने ईंट से सिर फोड़ दिया। बचाने आई पत्नी रिंकी और मां को भी मारापीटा। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
क्षारसूत्र चिकित्सा (धागा विधि)
सही उपचार आयुर्वेद के साथ
धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर/पाइल्स, नासूर, मस्से PNS आदि का सफल इलाज
दिनांक: 24 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
• शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/ मस्से/Piles)
• गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
• कब्ज़ की शिकायत रहना
• शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
• बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना





• धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
• आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर





डॉ. राहुल कुमार
B.A.M.S., M.S. (Ayu)
DSRRAU JODHPUR
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
निःशुल्क परामर्श
निःशुल्क क्षारसूत्र चिकित्सा
जांचों में 50% तक छूट
डॉ. गीता
B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल । मो. 8077808309

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षो का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 अप्रैल 2024, रविवार
05 मई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# डंपर की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत, एक ही परिवार के सात लोग घायल

## भांजी की शादी में शामिल होने के लिए ई रिक्शे से परिवार के संग जा रहे थे लालता प्रसाद

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार डंपर ने शुक्रवार शाम कताई मिल रोड पर ई रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में चालक और उसके परिवार के चार बच्चे और तीन महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा है। चालक परिवार के साथ भांजी की शादी में शामिल होने जा रहा था।

गांव सकरस निवासी लालता प्रसाद (55) किच्छा के गांव लालपुर में भांजी की शादी में शामिल होने ई रिक्शा से परिजनों को लेकर जा रहे थे। कताई मिल रोड पर गांव रजपुरा के समीप तेज रफ्तार डंपर में ई रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में लालता प्रसाद की मौके पर मौत हो गई, जबकि उनके बेटे प्रताप की पत्नी अनीता, भाई अमर सिंह की पत्नी रेखा और एक रिश्तेदार महिला किरन गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके अलावा उनके पोते अभि (3) आयुष (6 माह) के साथ रवि और एक और बच्चा मामूली रूप से घायल हो गया। कोतवाल प्रवीण कुमार सोलंकी ने क्षतिग्रस्त ई रिक्शा को मार्ग से हटवाया और घायलों को इलाज के लिए बरेली भिजवाया। वहीं मौका पाकर चालक डंपर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने डंपर को चौकी पर खड़ा कर दिया है।



लालता प्रसाद की मौत पर विलाप करते परिजन।

● कताई मिल रोड पर गांव रजपुरा के समीप हादसा
घायलों को अस्पताल भेजा

### सड़क हादसे में तांगा चालक की मौत

**आंवला, अमृत विचार :** आंवला-बदायूं मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से तांगा चालक की मौत हो गई। बजीरगंज बदायूं के गांव पेपल निवासी मेहंदी हसन ने बताया कि उनका बेटा असलम (22) बीहट निवासी शिशुपाल सिंह के भट्टे पर ईंटे पाथने का काम करता था। शुक्रवार सुबह वह तांगे से ईंटे भरकर भट्टे पर ले जा रहा था। तभी, सिकरोडा गांव की मोड़ पर पुलिया के समीप अज्ञात वाहन ने तांगे में टक्कर मार दी। हादसे में तांगा क्षतिग्रस्त होने के साथ असलम घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### हाईवे पर ट्रकों की भिड़ंत, तीन चालक गंभीर घायल

**रोजा, अमृत विचार :** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर गुर्री के पास शुक्रवार को तीन ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे तीनों ट्रकों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में तीनों ट्रकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल चालकों को जिला अस्पताल भेज कर क्रेन की मदद से हाईवे साफ कराया। नेशनल हाईवे पर शुक्रवार पूर्वाहन करीब 11 बजे तेज रफ्तार वाहन दौड़ रहे थे। बरेली की ओर तो कोई लखनऊ की ओर जा रहा था, तभी अचानक गुर्री के पास वाहनों के भिड़ने की तेज आवाज सुनाई दी। लोगों ने देखा तो तीन वाहन आमने-सामने भिड़ चुके थे। ट्रकों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका था और ट्रकों के चालक केबिन में बुरी तरह से फंसे हुए बचाव के लिए चीख पुकार मचा रहे थे। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार दल बल के साथ पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल चालकों को ट्रक के केबिन से बाहर निकाला और फिर एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया।

### शादी में शामिल होने आई महिला से नकदी और जेवर लूटे

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर गुरुवार की रात बदमाशों ने एक महिला को रोक लिया और नगदी-जेवर लूटकर भाग निकले। महिला बहराइच से एक शादी समारोह में शामिल होने आई थी। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहकर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। बहराइच जिले के थाना मोतीपुर के जालिम नगर निवासी अरुण कुमार की पत्नी सुमन देवी गुरुवार की देर शाम सदर कोतवाली के गांव पनगी खुर्द में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने आई थी। पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर सदर कोतवाली क्षेत्र में रवहीं पुल और पनगी खुर्द के निकट बदमाशों ने उसे रोक लिया और तीन हजार रुपये व जेवर लूटकर भाग निकले। सूचना पर पहुंचे रामापुर चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पांडेय ने पीड़ित महिला से घटना की जानकारी ली और बदमाशों की तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित महिला ने अज्ञात तीन बदमाशों के खिलाफ चौकी पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहते हुए फिलहाल रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# खंभे से टकराकर कार में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कार में भक्ति भजन के शब्द गूंज रहे थे। बेटा और पत्नी हल्की नींद में थे। पति कार चला रहा था। भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन की लालसा थी, लेकिन एक पल में सब कुछ खत्म हो गया। माइल्ड स्टॉन से टकराते ही चिंगारी शोला बन गई और देखते ही समीप के खंभे से जब कार टकराई तो तेज आवाज के साथ हादसा हुआ। चंद मिनटों में ही कार में धुएं के गुबार के साथ चारों तरफ आग की लपटें ही दिखाई दे रहीं थीं। जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तब तक लपटों में जलकर मासूम बेटे और मां की चीखें दफन हो चुकी थी।

वैसे तो बहादुरी दिखाने के लिए लोग बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन जब कुछ वाहन चालकों ने आग की लपटों से घिरी कार देखी तो कार में विस्फोट होने के डर से वे अपने वाहनों को जहां के तहां रोकर कर खड़े हो गए। हालांकि गांव भगवंतपुर और नगला बीच के ग्रामीणों को हादसे की तेज आवाज सुनाई दी तो वे दौड़े। गांव के पास में ही हादसा हुआ था, उन्होंने देखा कि कार जल रही है आशीष झुलसकर घायल अवस्था में अलग पड़ा है और मदद के लिए पुकार रहा है।



कासगंज कैनाल बाईपास पर जलती कार।



जली कार देखते सीओ सिटी अजीत चौहान।

### गैस से भड़की आग

कार सीएनजी गैस से संचालित थी। आग की चिंगारी सीधे किसी तरह रिस रही गैस तक पहुंच गई फिर क्या था चंद मिनटों में ही इतना बड़ा हादसा हो गया। इस मामले में परिवहन विभाग भी जांच कर रहा है। इधर पुलिस भी तकनीकी जांच में जुटी है। जो भी हो, लेकिन एक परिवार तो उजड़ ही गया।

● जलती कार के फटने के डर से अन्य चालकों ने काफी दूर ही रोक लिए थे वाहन

"सूचना पर हमारी टीम मौके पर पहुंची थी। कार में आग लगने की तकनीकी जांच पुलिस अपने स्तर से ही कर रही है। वहीं परिवहन विभाग भी जांच करेगा। कार चलाते समय आग जैसी घटनाओं से बचने के लिए सावधानी अवश्य बरतें। – **अजीत चौहान**, सीओ सिटी।

### बड़े बेटे को ताऊ के पास छोड़ गए थे आशीष

**भमोरा, अमृत विचार :** कासगंज में कार में आग लगने से गांव रफियाबाद के दो महीने के बच्चे और उसकी मां की मौत होने की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। कासगंज से शव आने के बाद शुक्रवार देर शाम गमगीन माहौल में दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव रफियाबाद निवासी आशीष यादव गुरुवार को पत्नी मीना और ढाई माह के पुत्र बाबू के साथ मथुरा दर्शन के लिए जा रहे थे। गांव निवासी जय सिंह ने बताया कि आशीष टैक्सी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वह बड़ी बहन आशा की कार लेकर मथुरा दर्शन के लिए निकले थे। गनीमत रही है कि वह बड़े बेटे राघव (3) को शहर में रह रहे ताऊ मदन मुरारी के पास छोड़ गए थे। वही बच गया।

# विरासत प्रकरण में लेखपाल और कानूनगो को नोटिस

अमृत विचार प्रभाव

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार:** जालसाजी कर विरासत दर्ज कराकर बैंक से लोन निकलाने के मामले की जांच शुरू हो गई है। नायब तहसीलदार ने इस संबंध में लेखपाल और कानूनगो को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं, दोषी पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी और लोन के पैसों की वसूली होगी। मामले की जांच नायब तहसीलदार कर रहे हैं।

गांव नवादा विलसंडी निवासी सोहन पाल (65) की गांव में जमीन है। वर्तमान में वह कस्बे में लाइनपार मठिया में रहते हैं। उनके गांव के तीन लोगों ने उन्हें मृत दिखाकर उनकी डेढ़ बीघा जमीन अपने नाम करा ली। आरोपियों ने राजस्व कर्मियों से साठगांठ कर विरासत भी अपने नाम दर्ज करा ली। 28 अप्रैल को आरोपियों ने कस्बा स्थित पीएनबी से 1 लाख 16 हजार रुपये का लोन निकाल लिया। पिछले कई दिनों से सोहल पाल तहसील में कार्रवाई के लिए अफसरों के चक्कर काट रहे हैं। अमृत विचार ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था।

● किसान को मृत दिखा विरासत दर्ज कराकर लोन निकालने का मामला


"लेखपाल और कानून को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। मामले की जांच चल रही है, जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। – **अभिषेक तिवारी**, नायब तहसीलदार फरीदपुर।

### किशोरी के चेहरे पर मनचले ने गोद दिया नाम आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना धौरहरा क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ और चेहरे पर नाम गोद देने का मामला सामने आया है। बहरहाल पुलिस ने प्रेम प्रसंग का मामला बताया। एएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना धौरहरा क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि 19 अप्रैल की सुबह करीब 11:30 बजे उनकी बेटी परचून की दुकान से सामान लेकर आ रही थी। रास्ते से गांव का एक युवक उसे उठा ले गया और अपने घर में तीन दिन बंद करके शारीरिक यातनाएं दीं। इस दौरान वह बेटी की तलाश कर रही थी। तीसरे दिन शाम को आरोपी के चंगुल से छूटी पुत्री घर पहुंची। बेटी ने बताया कि आरोपी ने उसके चेहरे पर लाइटर से लोहे की पतली छड़ गर्म कर अपना नाम लिखा है। परिजन किशोरी को लेकर थाना धौरहरा पहुंचे और नामजद तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को बेटी को लेकर परिवार वाले एएसपी से मिले।

## सार-संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया



**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे में गंज स्थित गायत्री शक्तिपीठ स्थल पर शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें वृद्धजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इतिहासकार गिरिराज नन्दन गुप्ता, रामगोपाल गुप्ता, ताराचन्द्र पाल, चिरौंजी लाल, मुन्ना लाल श्रीवास्तव, रामजी मल, शिक्षाविद मीनाक्षी गुप्ता, शान्ति देवी आदि को सम्मानित किया गया। डॉ. विनीत विद्यार्थी दर्शन शास्त्री ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान ईश्वर का सम्मान करने जैसा है, जो बुजुर्गों की सेवा करते हैं, उनका कल्याण होता है। गिरिराज नन्दन गुप्ता ने गायत्री शक्तिपीठ परिवार के इस कार्य की सरहाना की। गायत्री विद्यापीठ पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। डॉ. विनीत विद्यार्थी द्वारा रचित दो पुस्तक आदि शक्ति मां गायत्री एवं गीत कुंज का लोकार्पण किया गया। प्रखर विद्यार्थी, प्रज्ञा विद्यार्थी, सविता, प्रीति, सूजल, आयुष, शारदा देवी मौजूद रहीं।

### रिचा ने नर्सिंग स्टूडेंट्स के लिए किताब लिखी



**मीरगंज, अमृत विचार :** मोहल्ला रतनपुरी निवासी एवं उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी आफ मेडिकल साइंस सैफई में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर तैनात रिचा गंगवार ने नर्सिंग फाउंडेशन फॉर बीएससी नर्सिंग में किताब लिखी है। शुक्रवार को इस किताब का विमोचन किया गया। रिचा के अनुसार यह किताब नर्सिंग स्टूडेंट्स के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। उन्होंने एमएससी नर्सिंग करने के बाद कई वर्षों तक टीचिंग की। रिचा के अनुसार बहुत जल्द यह किताब मार्केट में स्टूडेंट्स के लिए उपलब्ध हो जाएगी।

### पुलिसकर्मियों ने गरीब बेटी का किया कन्यादान



**भुता, अमृत विचार :** थाने के पुलिस कर्मियों ने निर्धन महिला की बेटी की शादी में न केवल सहयोग बल्कि कन्यादान भी किया। दरअसल, गांव की कमला देवी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वह थाने में झाडू पोंछा लगाने काम करती हैं। गुरुवार को उनकी बेटी की शादी थी। थानाध्यक्ष सतीश कुमार पुलिस कर्मियों के साथ उनकी बेटी की शादी में शामिल हुए। पुलिस टीम ने कन्यादान के रूप में उन्हें 21 हजार रुपये दिए। साथ ही उपहार रूप बेटी को कूलर व अन्य घरेलू सामान प्रदान किया। पुलिस के इस कार्य की हर ओर सराहना हो रही है।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में भूमि ने किया मंडल टॉप



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिभा का डंका बजाया है। जलालाबाद क्षेत्र के संविलियन विद्यालय गुरगवां की छात्रा भूमि सिंह ने सर्वाधिक 180 में से 154 अंक अर्जित कर मंडल टॉप कर प्रदेश में 14वां स्थान हासिल किया है। चयनित बच्चों को आगे की शिक्षा के लिए कक्षा नौ और 10वीं के लिए 1000 रुपये प्रतिमाह और 11वीं तथा 12वीं की पढ़ाई के लिए 1200 रुपए प्रतिमाह बतौर छात्रवृत्ति मिलेगी। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में आठवीं कक्षा में अध्ययरत छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। यह परीक्षा पांच नवंबर 2023 को आयोजित हुई थी, जिसमें 214 बच्चे उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

### घर के बाहर छिपे तेंदुए ने किया हमला, तीन घायल

**निघासन/लुधौरी, अमृत विचार :** दुधवा नेशनल पार्क से निकलकर शुक्रवार की सुबह आबादी में पहुंचे तेंदुए ने घर के आंगन में बैठकर बातचीत कर रहे एक ही परिवार के तीन लोगों पर हमला कर दिया, जिससे तीनों लोग घायल हो गए। शोर होने पर तेंदुआ पड़ोस में टिनशेड के नीचे भरे भूसे में जाकर बैठ गया। इससे घर के सदस्यों में हड़कंप मच गया। तेंदुआ देख लोग घरों से भाग निकले। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीमों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए मशक्कत शुरू की। करीब नौ घंटे के बाद टीम उसे पिंजरे में कैद कर सकी। लुधौरी वन रेंज के गोविंदपुर फार्म निवासी सरजीत सिंह (32), बलविंदर सिंह (50) व बलदेव सिंह (60) अपने फार्म पर घर के आंगन में एक साथ बैठे थे। सरजीत सिंह ने बताया कि उस वक्त महिला व बच्चे आंगन में नहीं थे। सुबह करीब सात बजे अचानक छिपा बैठा तेंदुआ घर के अंदर आ गया और हमला कर तीनों लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इससे घर में चीख पुकार मच गई। शोर शराबा सुनकर बड़ी संख्या में लोग लाठी-डंडे आदि लेकर एकत्र हो गए। ग्रामीणों के शोर करने पर तेंदुआ घर के अंदर टिनशेड में भरे भूसे में जाकर बैठ गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई।

### अलीगंज में स्कूल वैन पलटी, छह बच्चे घायल

**अलीगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर राई रोड पर एक स्कूल वैन का टायर फटना भयानक हादसे का कारण बन गया। वैन पलटने से आधा दर्जन से अधिक स्कूली बच्चे घायल हो गए, जिनमें से एक छात्र की हालत गंभीर बताई गई है। अलीगंज के तथागत मॉडल स्कूल से एक दर्जन बच्चे लेकर वैन वीरपुर गांव के लिए रवाना हुई थी। जैसे ही अलीगंज क्षेत्र के राई रोड़ पर पहुंची कि तभी तेज रफ्तार होने के कारण गाड़ी का टायर फट गया और बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुटते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और स्कूली बच्चों को अलीगंज स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचाया। जहां से घायल छात्र निशांत कुमार (7) पुत्र पवन कुमार की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया। बच्चे के परिजन सुरेंद्र ने बताया की गाड़ी स्पीड में थी, जिसकी वजह से पलट गई। कई बच्चों को चोट लगी है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस शुरू




**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत रोड स्थित राजश्री इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में नेपाल के लुम्बनि टेक्नोलॉजीकल यूनिवर्सिटी के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस चैलेंज अपार्च्युनिटि एण्ड इट्स इम्पैक्ट ऑन सोसायटी विषय पर दो दिवसीय इंटरनेशनल कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लुम्बनि टेक्नोलॉजीकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. बीपी ढाकल, संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सचिव श्री राकेश कुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि प्रो. केवी आर्य और प्रबंध निदेशक रोहन बंसल ने संयुक्त रूप से कान्फ्रेंस की शुरुआत की। इस दौरान नेपाल, मलेशिया और देश के करीब 250 शोध पत्रों का प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया। अतिथियों ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित इंटर-डिसीप्लेनिरी कोलैब्रेशन छात्रों में रचनात्मकता एवं नवाचार के लिए बेहद आवश्यक है। कान्फ्रेंस के पहले दिन डा. सरन के सेट्टी, आशीष कुमार, आदि ने व्याख्यान दिया। लुम्बनि टेक्नोलॉजीकल यूनिवर्सिटी की डा. कीर्ति कुसुम जोशी, डा. रेग बहादुर भंडारी, नेपाल पब्लिक सर्विस कमीशन से प्रो. कृष्ण पी घिमिरे ने भी विचार साझा किए। संचालन डा. नितिन बिष्ट ने किया। संस्थान के निदेशक (शोध एवं विकास) डा. पंकज कुमार शर्मा, निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. अनिल कुमार, डीन डॉ. साकेत अग्रवाल, कन्वीनर डॉ. सीपी गंगवार, डॉ. हितेन्द्र गंगवार, डॉ. रवीश अग्रवाल, हरीश गंगवार, अनुज वर्मा आदि उपस्थित रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालयों अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम भूलवश PAHAL JOHARI अंकित हो गया है जबकि उसका वास्तविक नाम PAHAL JOHRI है। भविष्य में मेरी पुत्री को PAHAL JOHRI के नाम से जाना व पहचाना जाये। **अंशुल जौहरी पुत्र कृष्ण बिहारी निवासी मो. खकरा पीलीभीत।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल व्यक्तिगत परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1038159 का प्रमाण पत्र जोकि श्री एस.आर. आदर्श इण्टर कॉलेज, अब्दुल्लागंज, बदायूँ से जारी किया गया था वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **आमिर कुरैशी पुत्र मो. इकबाल कुरैशी निवासी बदायूँ।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

यस्य कृत्यं न विघ्नन्ति शीतमुष्णं भयं रतिः ।
समृद्धिरसमृद्धिर्वा स वै पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति सरदी–गरमी, अमीरी–गरीबी, प्रेम–धृणा इत्यादि विषय परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होता और तटस्थ भाव से अपना राजधर्म निभाता है, वही सच्चा ज्ञानी है ।


## संपादकीय

# चीन पर दबाव

अमेरिका रूस की मदद रोकने के लिए लगातार चीन पर दबाव बना रहा है। इसके चलते दोनों देशों के बीच रिश्ते फिर से बिगड़ गए हैं। अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात अमेरिका और चीन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवादों को दूर करने की कोशिश के तहत हुई है। ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने चिनफिंग से चीन द्वारा रूस को की जा रही आपूर्ति को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। चीन मशीन और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक की आपूर्ति कर रहा है जिसका इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस रक्षा पंक्ति को मजबूत करने में कर रहा है। चिनफिंग से मुलाकात के बाद ब्लिंकन ने संवाददाताओं से कहा अगर चीन मदद न करे तो रूस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने में मुश्किल का सामना करेगा। गौरतलब है कि हाल ही में चीन और रूस ने आर्थिक और व्यापार सहयोग को बढ़ाने का फैसला लिया है। इस पर अमेरिका ने एतराज जताते हुए कहा रूस के रक्षा उद्योग को आपूर्ति करना न केवल यूक्रेन की सुरक्षा को खतरा पैदा करता है बल्कि यूरोप की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। परंतु अमेरिका के एतराज को चीन ने सिरे से खारिज कर दिया। अमेरिका ने कहा था कि अगर रूस को यूक्रेन में बढ़त मिलती है तो वह चीन को जिम्मेदार ठहराएगा।

इस पर चीन ने कहा कि वह रूस के साथ अपने संबंधों पर आलोचना या दबाव स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति व अमेरिका के विदेशमंत्री की मुलाकात खास अहमियत रखती है। दोनों देशों के बीच मतभेदों के बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में बातचीत के दौर में वृद्धि हुई है। फिर भी दोनों देशों के नेताओं की टिप्पणी मतभेदों की एक लंबी सूची का संकेत देती है जिसमें ताइवान और दक्षिण चीन सागर, व्यापार और मानवाधिकार, रूस के लिए चीन का समर्थन और 'सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सर' का उत्पादन और निर्यात शामिल है। उधर चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन की मांग सुसंगत है और वह हमेशा एक-दूसरे के मूल हितों का सम्मान करने की वकालत करता है। अमेरिका को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, चीन के विकास को दबाना नहीं चाहिए, और जब चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की बात आती है तो चीन की लाल रेखाओं पर कदम नहीं उठाना चाहिए। यानि दोनों देशों के बीच मतभेद अधिक गंभीर होते जा रहे हैं और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। चीन और अमेरिका को द्वेषपूर्ण प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के बजाय साझा आधार तलाशना चाहिए।

# जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला।

हमारी महान संस्कृति की तरह हमारा जनतंत्र भी महान और उदार है। परंपरावादी, अतीतजीवी, भविष्यदर्शी, सर्व-समावेशी सब कुछ एक साथ है। कितने एहतियात से उसने राजतंत्र, सामंतवाद, पूंजीवाद, बुर्जुआ जनतंत्र और जनता के जनतंत्र सबको अपने सीने से लगा रखा है। मिलेगी कहीं ऐसी मिसाल?

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला। यह अपने पूर्ववर्ती राजतंत्र के गुणों-अवगुणों से सर्वथा मुक्त नहीं हो सकता था, नहीं हुआ।

राजतंत्र में सत्ता पाने और सत्ता में बने रहने के लिए इस देश में षड्गुणों की अहम भूमिका होती थी-संधि, विग्रह (नुक़सान पहुंचाना), यान (आक्रमण करना), आसन (उपेक्षा करना), संश्रय (आत्म-समर्पण करना) और द्वैधीभाव (संधि और विग्रह के छद्म भाव में बने रहना)। जनतंत्र में लगभग सभी राजनीतिक दल चुनावों के पूर्व घोषणा-पत्र (एक बड़ा दल अंग्रेजी के मैनीफ़ेस्टो शब्द का 'राष्ट्रवादी' तरजुमा कर उसी को 'संकल्प-पत्र' कहता है) जारी करते हैं। उसमें बहुत उदात्त, कभी-कभी यथार्थ और संभाव्य के बंधनों से मुक्त लोक-लुभावन कार्यक्रमों का सुमधुर समावेश होता है। घोषणा-पत्र / संकल्पपत्र जारी करने की रिवायत है, इसलिए जारी किया जाता है। कोई भी चलते पुर्जे वाला दल उसके भरोसे नहीं बैठा रहता। वे तो सत्ता-प्राप्ति/ सत्ता-संरक्षण के उपरोक्त षड्गुणवादी उपायों में निरंतर, अहर्निश लीन रहते हैं। माने, जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार है।

जनतंत्र का जन्म उस समय हुआ जब उद्योग-व्यापार से अर्जित संपत्ति के चलते अस्तित्व में आया एक ऐसा 'मध्य वर्ग' (आज का मध्यवर्ग नहीं) विकसित हो गया था जो उच्च (सामंत) वर्ग से सत्ता छीनना चाहता था। इस बुर्जुआ मध्य वर्ग के वर्चस्व से भी जनतंत्र कभी मुक्त नहीं हो सका। होता क्या है कि राजनीतिक दल बुर्जुआ मध्यवर्ग से प्रकट या गुप्त चंदा वसूलते हैं और उसी के सहारे सामान्य जनता का वोट बटोरने की जुगत भिड़ाते हैं। यह समीकरण चल गया तो सरकारी ख़ज़ाने से चक्रवृद्धि ब्याज के साथ चंदे को काइंड में लौटा देते हैं। फिर सामान्य जनता के कल्याण लिए भी कुछ करना ही पड़ता है। इसके लिए वे काम करने का एक विकल्प निकाल लेते हैं। बातें करने की कला का नाम ही (बुर्जुआ) जनतंत्र है। कभी-कभी बाय डिफ़ॉल्ट कुछ काम भी हो जाता है, बाक़ी रिक्ति पूर्ति बातों से ही करनी पड़ती है। लिहाज़ा, व्यवहार में जनतंत्र के धनतंत्र में अंतरित होने की संभावना लगातार बनी रहती है।

> संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

इसी के समाहार के लिए साम्यवादी व्यवस्था प्रकाश में आई जिसका लक्ष्य बुर्जुआ जनतंत्र की जगह जनता का जनतंत्र लागू करना था। किंतु दुरूह और अकाट्य मानव स्वभाव की सीमाओं से टकराकर वह चूर-चूर हो गई।

जैसे किसी धर्म या वाद को जिस तरह के अनुयायी मिलते हैं, व्यवहार में वह वैसे ही हो जाता है, उसी तरह किसी संविधान को अमल में लाने के लिए जिस तरह के लोग मिलते हैं, संविधान भी वैसा ही हो जाता है। भारतीय संविधान की प्रारूप-समिति के अध्यक्ष डॉ. आंबेडकर को संविधान-सभा की समापन बहस में इस रहस्य का खुलासा करना पड़ा था। तो जनतंत्र के विचलन के विरुद्ध संविधानवाद भी बहुत असरदार कवच साबित नहीं होता, मानव-स्वभाव की बाध्यकारी सीमाओं के सामने वह भी हाथ जोड़ लेता है।

गांधी के नेतृत्व में देश के आजादी की जो लड़ाई लड़ी गई थी, उसके बाद आजाद भारत संसदीय लोकतंत्र की आवश्यकता भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में मौलिक परिवर्तन लाने के लिए एक सशक्त विकल्प के रूप में महसूस की गई थी। आजादी के रजत जयंती वर्ष तक आते आते जनसामान्य यह स्पष्टतः महसूस करने लगा था कि जिस व्यवस्था में वह जीने के उपक्रम में है, क्या वह लोकतांत्रिक है? क्या संसद और विधानसभा लोकतंत्र के वाहक रह गए हैं? आम आदमी की रोटी और आजादी राजनीती की शिकार होती चली गई। जो राजनीति आम आदमी की भाषा हो सकती थी वह मात्र एक तरकीब बन कर रह गई। इस व्यवस्था के बदलाव के लिए एक नायक की तलाश थी।

जनतंत्र के संचालन में पुराने यूनान के प्रत्यक्ष जनतांत्रिक युग की परंपरा-सॉफ़िज़्म-का भी कुछ तत्व हमेशा बना रहा। सॉफ़िस्ट्स का एक दार्शनिक स्कूल था। बाद में वह दर्शन के उद्देश्य-ज्ञान से प्रेम-से फिसलकर सत्ता की युक्ति बन गया। सॉफ़िज़्म का प्रशिक्षण देने के स्कूल खुल गए। सॉफ़िज़्म का केंद्रीय तत्व वाक्चातुर्य से सही को ग़लत और ग़लत को सही की प्रतीति उत्पन्न करने की कला बन गया। यूनान के प्रत्यक्ष जनतंत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक नवयुवक इन स्कूलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने लगे। राजनीतिक दलों के नेता आज भी उन स्कूलों में दी गई शिक्षा का समुचित पालन कर रहे हैं। बिना स्कूल का मुंह देखे। नेतागण सॉफ़िज़्म में जितने माहिर होते हैं चुनाव-प्रचार में उतना ही उनका सिक्का चलता है। बस उन्हें एक नई संज्ञा से सुशोभित कर दिया गया है-स्टार प्रचारक। राजनीतिक दलों में एक अजूबा देखने में आता है। वे अपनी गलतियों के लिए तो परिस्थितियों को ज़िम्मेदार बताते हैं और दूसरों की ग़लतियों के लिए उन्हें धूर्त, मक्कार और बदमाश कहते हैं। कोई भी पैमाना पहले अपने ऊपर लागू करना चाहिए न? यह तो सीधे-सीधे दोमुंहापन हुआ।

अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के साथ उसके इस भीड़तंत्री या भेड़तंत्री संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली बताया था। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध कर देना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर अपने अपने क्षेत्र में रहे। घर पर दरबार लगाने या डाक बंगले में आराम करने नहीं, लगातार भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने के लिए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

## प्रसंगवश

# अद्वैत दर्शन के प्रणेता

आद्य शंकराचार्य सनातन धर्म की विश्व व्यापी महानता के उदार प्रवक्ता थे। उन्होंने वैदिक धर्म को अनंत युगों का स्थायित्व देकर उसे अत्यंत सुदृढ़ नींव प्रदान की। हिंदू धर्म का दर्शन चिरस्थायी है और सम्पूर्ण विश्व के लिए मंगलकारी है।

वैदिक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना करने वाले महान दार्शनिक आदि शंकराचार्य आचार्य शंकर का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ, जब सनातन हिंदू धर्म बलहीन, विध्वंश और विच्छिन्न हो गया था तथा विदेशी आक्रमण हो रहे थे। उन्होंने अपनी विद्वता एवं तप बल से बौद्ध विद्वानों को पराजित किया। श्री मंडन मिश्र जैसे विद्वानों को भी उन्होंने शास्त्रार्थ में पराजित कर शिष्य बनाया। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में महान कार्यों को संपादित किया।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

वे 32 वर्ष के संक्षिप्त जीवन काल में भारत वर्ष के सुदूर जनपदों का भ्रमण कर सुप्त प्राय समाज को जागृत किया। अपने जीवन काल में उन्होंने अनेक ग्रंथ लिखे तथा मंदिरों का जीर्णोद्वार कराया। धर्म की सत्ता निरंतर बनी रहे और आध्यात्मिक मूल्यों का उत्कर्ष होता रहे इस दृष्टि से महान भविष्य दृष्टा ने भारत वर्ष के चार धार्मिक केंद्रों में मठों की स्थापना की। अल्पायु में ही संपूर्ण भारतवर्ष का तीन बार पैदल भ्रमण कर बख़ूबी समझा और निरंतर साधना के बल पर प्रत्यक्ष अनुभव किया था। संभवतः यही कारण रहा कि वे राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के स्थाई, मान्य एवं व्यावहारिक सूत्र और सिद्धांत देने में सफल रहे। पूरब से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सुदृढ़ सूत्र में पिरोने में उन्हें सफलता मिली। सुदूर दक्षिण में जन्म लेकर भी वे संपूर्ण भारतवर्ष की रीति, नीति, प्रकृति एवं प्रवृत्ति को भली-भांति समझ पाए।

वेदों, उपनिषदों, पुराणों एवं महाकाव्यों में बताया गया है कि ईश्वर सृष्टि के कण-कण में विद्यमान हैं। भारतीय दर्शन के अनुसार आत्मा, परमात्मा एवं संपूर्ण ब्रह्मांड एक-दूसरे से गहरे जुड़े हैं। जड़-चेतन, चर-अचर सभी प्राणियों में एक ही परम तत्व को देखने और पाने की दृष्टि भारतवर्ष में सदा से रही है।

आद्य शंकराचार्य ने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया था। इस ज्ञान, अनुभव एवं साधना के बल पर ही वे समय की धारा में स्वाभाविक रूप से आए भ्रम एवं भटकाव तथा भेद एवं संघर्ष आदि को पहचानकर, उसे दूर कर पाए। उन्होंने उस समय प्रचलित विभिन्न मत, पंथ, जाति आदि के बीच समन्वय स्थापित कर अद्वैतवाद का दर्शन दिया। उनका अद्वैत दर्शन सब प्रकार के भेद, संघर्ष, अलगाव व दूरी को मिटाकर आत्मा को परमात्मा, जीव को ब्रह्म तथा व्यक्ति-व्यक्ति को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने का माध्यम है।

उन्होंने मनुष्य को छोटे-छोटे स्वार्थों एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठाया तथा उसकी संवेदना को विस्तार दिया। उन्होंने बताया और समझाया कि मनुष्य यदि स्वार्थ एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठ जाए तो वह संपूर्ण सृष्टि के साथ गहरा आत्मिक संबंध स्थापित कर सकता है। उनके विचारों ने मनुष्य की चेतना को ऊपर उठाकर उसे उदार एवं श्रेष्ठ बनाने का कार्य किया। उनके अनुसार बाहरी संसार में जो भेद या अलगाव दिखाई देता है, वह अज्ञानता के कारण है। सत्य का साक्षात्कार हो जाने या सच्चा ज्ञान जान लेने पर यह भेद-बुद्धि अपने-आप समाप्त हो जाती है और सारा संसार उसी परम ब्रह्म का अभिव्यक्त स्वरूप जान पड़ता है, जिसे आध्यात्मिक भाषा में नाम रूपात्मक जगत कहते हैं। सही मायने में उनका अद्वैत दर्शन देश, काल, परिस्थिति आदि सब प्रकार की मानव निर्मित सीमाओं से परे एक विश्व-दर्शन है, जिसमें संपूर्ण धरती एवं मानवता के कल्याण का भाव निहित है।

आद्य शंकर के समन्वयकारी दर्शन ने उस समय प्रचलित भिन्न-भिन्न वैचारिक एवं धार्मिक धाराओं को भी सनातन धारा में सम्मिलित कर लिया। बौद्ध एवं जैन मतावलंबियों को भी वे सनातन के साथ लाने में लगभग सफल रहे। उन्होंने ऐसा राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक बोध दिया कि दक्षिण के कांची-कालड़ी-कन्याकुमारी-श्रृंगेरी आदि में पैदा हुआ व्यक्ति कम-से-कम एक बार अपने जीवन में उत्तर के काशी-केदार-प्रयाग-बद्रीनाथ की यात्रा करने की इच्छा रखता है तो वहीं पूरब के जगन्नाथपुरी का रहने वाला पश्चिम के द्वारकाधीश-सोमनाथ की यात्रा कर स्वयं को धन्य समझता है। देश के चार कोनों पर चार मठों एवं धामों की स्थापना कर उन्होंने एक ओर देश को एकता एवं अखंडता के मजबूत सूत्रों में पिरोया तो दूसरी ओर विघटनकारी शक्तियों एवं प्रवृत्तियों पर लगाम लगाया।

# जेल में मुलाकात का एक दिन



अमिता शरीन
प्रयागराज

> खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

आज एक बार फिर से जेल जाना हुआ। लखनऊ सेंट्रल जेल। बिंदा, अनिता, कृपा शंकर और बृजेश से मिलने। सुबह 8 बजे से लाइन में लगे लगे साढ़े 9 बजे मुलाकात की पर्ची कटी। जेल का सर्वर डाउन था। मोबाइल से कनेक्शन लेकर काम चल रहा था। खैर, पर्ची कटी किसी तरह। हमारे ठीक आगे एक महिला खड़ी थी। उन्होंने आधार को दोनो तरफ फोटोकॉपी नहीं कराया था। उसकी पर्ची नहीं कटी वह मिन्नतें करती रह गई कि वह बहुत दूर से आई है। लेकिन नहीं सुनना था तो नहीं सुना। क्या आधार नंबर से उसका वेरिफिकेशन नहीं किया जा सकता।

फिर शुरू हुआ अपनी बारी का इंतज़ार। मुलाकात की पहली पर्ची आई 11.30 पर। हमारा नाम उसमें नहीं था। विडंबना यह कि पर्ची में जो नाम पुकारे जा रहे थे उनमें बहुतायत मुस्लिमों का था। दलित ओबीसी भी थे। चंद नाम शुक्ला तिवारी के भी थे। इंतज़ार जारी रहा। पहली मुलाकात कर के लोग वापस आ गए। पर्ची फिर भी नहीं आई। 5 साल का एक बच्चा बार बार अपनी मां से पूछ रहा था कि पापा कब मिलेंगे? वहां एक तरफ ऑनलाइन पर्चियां कट रही थी वहीं मुलाकातियों से अंगूठा लगवाया जा रहा था। एक साथ सौ साल आगे और सौ साल पीछे। कन्फ्यूज्ड भारत का एक और नमूना। 42 डिग्री तापमान। गरमागरम लू के थपेड़े गाल, आंख और दिमाग तीनों को जला रहे थे। अपनों से पलभर मिलने का तनाव अलग से था।

आखिर इंतज़ार ख़त्म हुआ। तकरीबन 12.40 दोपहर में हमारी पर्ची आई। मुलाकात कक्ष में पहुंची तो अनिता और बिंदा आ चुकी थीं। उधर पुरुषों की गैलरी में कृपा और बृजेश भी थे। जब हम जेल में थे तो पहले मुलाकात कक्ष में जेल की भाषा में अडगड़े लगे थे। हम हाथ बढ़ा कर अपनों से हाथ मिला सकते थे। यह स्पर्श अगली मुलाकात तक बना रहता। हमारे रहने के दौरान ही उस पर एक जाली लगा दी गई। फिर भी हम एक उंगली निकाल कर अपनों को छूने की कोशिश करते और उंगलियों के पोरों पर स्पर्श ले कर जाते। अब जब इनसे मिलने आए तो देखा कि उस जाली के एक फीट बाद एक और जाली लगा दी जेल प्रशासन ने। आलम ये कि गला फाड़ कर चिल्ला चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। पुरुषों की गैलरी में इतना शोर होता है कि सारी आवाज़ें आपस में टकरा कर वहीं फैल जाती। कोई बात करना संभव नहीं। जेल में सुधार का मतलब होता है बंदियों और उनके परिजनों की मुश्किलें और बढ़ा देना। ये स्टेट का सेडिस्ट एप्रोच है। अनिता और बिंदा की तकलीफें भी बढ़ गई हैं। पहले दोनों सहेलियां साथ में एक बैरक में थीं। अब उन्हें अलग-अलग हातों में डाल दिया गया है। और अब दोनों हातो के लोग एक दूसरे से नहीं मिल सकते। दोनो ही वहां स्वास्थ्य की परेशानियों से जूझ रही हैं। कृपा शंकर और बृजेश दोनो को अतिसंवेदनशील वार्ड में तन्हाई में रखा गया है। उन्हें किसी से मिलने की इजाज़त नहीं है। ऐसा क्यों है इसका जवाबदेह कोई नहीं। शायद एटीएस के निर्देश पर ऐसा किया गया होगा। कोर्ट कचहरी की अपनी तकलीफें अलग है। अव्वल तो वकील तय करना मुसीबत का काम है। वकील है तो डेट नहीं, डेट है तो सुनवाई नहीं, सुनवाई है तो भी हमारी कोई सुनवाई नहीं।

इसी बीच 15 मिनट बीत गए। न जी भर के देख पाए, न ही सुकून से बात हुई। चलो चलो का शोर मचने लगा। हम भारी मन से वहां से चल दिए। बाहर निकलते वक्त कुछ औरतें ज़ार ज़ार रो रही थीं। एक युवती की आंखें नम थी। गोद में बच्ची थी। मैंने उससे पूछा कौन है आपका जिससे आप मिलने आई थी तो कहा ' मानो तो बहुत कुछ है न मानो तो कुछ भी नहीं'। दुख की सियाही उसके चेहरे पर पुत गई। न जाने क्या बात हुई होगी दोनों में। मैंने आगे पूछना उचित नहीं समझा। हमारे ये चारों साथी इंसानियत को प्यार करने वाले राजनीतिक सामाजिक बंदे हैं, जेल में उन्हें महज एक बंदी में रिड्यूस कर दिया गया है, जिनके कोई अधिकार नहीं। फिर उनके सामानों का झोला जमा करने की एक और लाइन।

धधकती लू में फाइनली हम ढाई बजे बाहर निकले। 15 मिनट की मुख्तसर सी मुलाकात के लिए सुबह 8 बजे से 3 बजे तक जेल कैंपस में रहे। मन कसैला हो गया। पिछली बार बिंदा ने पोस्ट से किताब भेजने को कहा था। होली के दो तीन दिन पहले हमने 3 किताबें मय डिक्शनरी स्पीड पोस्ट की थी जो आज तक डिलीवर नहीं हुई। दूसरे राउंड की पोलिंग है हो चुकी है। खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

## सोशल फोरम

# बेचने की कला

बेचने की कला हो तो आप गाय का मूत्र बेच दें। बाबा बेच ही रहे हैं। पर सब इतने कलाकार नहीं होते। सब इतने चतुर होते तो दुनिया कैसे चलती। बाज़ारों में रौनक कहां से आती। दुकानदारी में दो पक्ष होते हैं। एक बेचने वाला एक खरीदने वाला। सौदा हो जाए इसलिए इनमें से एक का गधा होना ज़रूरी है और वो निश्चित रूप से ख़रीदार ही होता है। बेचने वाला लच्छेदार बाते बनाता है। यकीन दिलाता है खरीदने वाले को कि वो जो बेच रहा है वो उसके ज़िंदा रहने के लिए कितना ज़रूरी है। बेची जाने वाली चीज उसकी रूखी सूखी ज़िंदगी को कितना तर कर सकती है। वो जो बेच रहा है वो कितनी आरामदायक है और उसकी उपस्थिति ग्राहक की साख इज़्ज़त में कितना इज़ाफ़ा कर सकती है। जादूगर होता है बेचने वाला। सम्मोहन जानता है। ग्राहक जान ही नहीं पाता कि उसने अपना क्रेडिट कार्ड कब बेचने वाले के हाथ मे थमा दिया है। वो बस खरीदता है। खरीदी चीज को ढो कर लाता है घर और फिर यह सोचता है कि इसका क्या किया जाए। बाते बनाने में ,बेचने में उस्तादी हासिल हैं गुजरातियों को। अब बताइए, अहमदाबाद का एक चतुर आदमी गधी का दूध सात हज़ार रूपये लीटर बेच रहा है और लोग लाईन लगा कर खरीद भी रहे हैं। वही बातों की जलेबियां। बातें भी कैसी कैसी। गधी के दूध मे फलाने विटामिन है, एलर्जी दूर होती है इससे। बच्चों के लिए फायदेमंद है। मुमकिन है इनमें से कुछ बातें सही भी हों। यह भी पता है हमें कि क्लियोपेट्रा नहाती थी गधी के दूध से। पर गधी का दूध यदि गौ माता के दूध से महंगा बिकने लगे तो हम दुनिया को क्या मुंह दिखाएंगे। और फिर हमारे यहां कायदा यह कि जिसका दूध पिया जाता है वो हमारे लिए अम्मा जितनी सम्माननीय होती है। ऐसे मे हमें गधी और उसके सबसे नज़दीकी रिश्तेदार गधे को देखने का नज़रिया भी बदलना होगा। हालांकि मुश्किल वक्त में गधे को बाप बनाने का रिवाज है हमारे यहां, पर अब बाजार चाहता है कि हम यह बात सार्वजनिक रूप से भी मान लें। हमें जो बताना था बता चुके आपको। जहां तक हमारी बात है, राम राम कहिए।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

-फेसबुक वॉल से

# विश्व के सबसे बड़े सांप का जीवाश्म

भारतीय सर्पविदों ने गुजरात के एक कोयले के खदान से ऐसे सांप का जीवाश्म खोज निकाला है जो विश्व में अब तक के सबसे बड़े सांप होने की दावेदारी में आ गया है। इसका वैज्ञानिक नाम भी पुराकथाओं के वासुकि सर्प पर रखा गया है जो शिव के गले का हार है और जिसके बारे में कहा गया है कि समुद्र मंथन के वक्त मंदराचल पर्वत को मथानी बनाने के लिए वासुकि को ही रस्सी के रुप में इस्तेमाल किया गया था। श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि, "सर्पाणामस्मि वासुकिः।(श्रीमद्भगवद्गीता 10.28)। जाहिर है कि हमारी लोकस्मृति में ऐसे ही विशाल सांपों की छवि रची बसी हुई है जो कभी भारत भूमि पर विचरण करते थे। और इसलिए ही अनेक पुराकथाओं में उनका उल्लेख हुआ है। शोधकर्ताओं ने अभी पिछले हफ्ते ही पता लगाया कि भारत में यह प्राचीन बड़ा सांप एक टन वजन का रहा होगा जो एक स्कूल बस से भी लंबा रहा होगा। कोयला खदान के पास मिले जीवाश्मों के अनुसार इसकी लंबाई 36 फीट (11 मीटर) से लेकर 50 फीट (15 मीटर) तक है। यह सबसे बड़े ज्ञात उस सांप के समान है, जो मूल रूप से कोलंबिया में पाया गया था और लगभग 42 फीट (13 मीटर) लंबा था। यानि वासुकि से लंबाई में कम। कथित वासुकि भारतीय धरती पर यही कोई 4.7 करोड़ वर्ष पहले विचरता था। वैज्ञानिकों ने उचित ही इसका नामकरण वासुकि इंडिकस किया है। इसकी रीढ़ की हड्डी से पता चलता है कि यह 15 मीटर तक लंबा हो रहा होगा। हालांकि इसकी केवल कुछ रीढ़ की हड्डी ही बरामद की गई थी, लेकिन शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह निश्चय ही 15 मीटर तक लंबा रहा होगा।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

वर्ष 2005 में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के सुनील बाजपेयी सहित जीवाश्म विज्ञानी पश्चिमी भारत के गुजरात में एक कोयला खदान में जीवाश्मों की खोज कर रहे थे। बाजपेयी कहते हैं, 'हम वास्तव में इस इलाके में शुरुआती व्हेल के जीवाश्मों की खोज कर रहे थे, लेकिन हमें न केवल व्हेल बल्कि सांपों सहित कई अन्य कशेरुकी जीवाश्म मिले।' खोजे गये जीवाश्मों में 27 कशेरुकाओं का एक संग्रह था, जिनकी लंबाई 6 सेंटीमीटर और चौड़ाई 11 सेंटीमीटर थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के देबाजी दत्ता कहते हैं कि उनके बड़े आकार और इस तथ्य के कारण कि उनकी शारीरिक रचना कुछ हद तक खदान की तलछट से अस्पष्ट थी, पहले माना जाता था कि ये किसी प्रकार के विलुप्त मगरमच्छ के हैं। किंतु करीब से विश्लेषण करने के बाद, दत्ता और बाजपेयी अब मानते हैं कि कशेरुकाएं मैड्सोइडे नामक एक विलुप्त परिवार के एक बहुत बड़े सांप की ही है। अब विलुप्त हो गयी एक अन्य प्रजाति टाइटेनोबोआ सेरेजोनेंसिस से इसकी कशेरुकाएं थोड़ी बड़ी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह संभवतः एक घात लगाने वाला शिकारी रहा होगा जो स्थलीय या अर्ध-जलीय वातावरण में रहता था, जैसे कि दलदलों में।

आज के कई बड़ी प्रजातियों के अजगरों की लंबाई भी 15 फीट पाई जाती है। आधुनिक समय के सांपों के डेटा का उपयोग करते हुए, जो उनके कशेरुकाओं के आकार की तुलना समग्र लंबाई से करते हैं, दत्ता और बाजपेयी का अनुमान है कि वासुकि इंडिकस 10.9 से 15.2 मीटर के बीच था। हालांकि यह संभावित रूप से टाइटेनोबोआ से अधिक लंबा है, लेकिन शोधकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि हमारे पास किसी भी मैड्सोईड सांप का पूरा कंकाल नहीं है, इसलिए यह जानना असंभव है कि उनकी लंबाई और कशेरुकाओं का आकार जीवित प्रजातियों के समान ही सहसंबंधित होगा या नहीं। न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में नाज़रेथ विश्वविद्यालय में जैकब मैककार्टनी कहते हैं, 'जब भी आप उपलब्ध डेटा सेट से परे अनुमान लगा रहे हों, तो हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए।' लेकिन इस नई प्रजाति की कशेरुकाएं अपेक्षाकृत बहुत बड़ी हैं। चलिए, भारत ने अब सांपों के मामले में भी अपना सिक्का दुनिया में जमा दिया है।

# मां की सीख


केन्या के सुप्रसिद्ध धावक अबेल मुताई ओलंपिक प्रतियोगिता के अंतिम राउंड मे दौड़ते वक्त अंतिम लाइन से एक मीटर ही दूर थे और उनके सभी प्रतिस्पर्धी पीछे थे। अबेल ने स्वर्ण पदक लगभग जीत ही लिया था, इतने में कुछ गलतफहमी के कारण वे अंतिम रेखा समझकर एक मीटर पहले ही रुक गए। उनके पीछे आने वाले स्पेन के इव्हान फर्नांडिस के ध्यान में आया कि अंतिम रेखा समझ नहीं आने की वजह से वह पहले ही रुक गए। उसने चिल्लाकर अबेल को आगे जाने के लिए कहा लेकिन स्पेनिश नहीं समझने की वजह से वह नहीं हिला। आखिर में इव्हान ने उसे धकेलकर अंतिम रेखा तक पहुंचा दिया। इस कारण अबेल का प्रथम तथा इव्हान का दूसरा स्थान आया। पत्रकारों ने इव्हान से पूछा "तुमने ऐसा क्यों किया? मौका मिलने के बावजूद तुमने प्रथम क्रमांक क्यों गंवाया?" इव्हान ने कहा "मेरा सपना है कि हम एक दिन ऐसी मानवजाति बनाएंगे जो एक दूसरे को मदद करेगी ना कि उसकी भूल से फायदा उठाएगी। और मैंने प्रथम स्थान नहीं गंवाया। पत्रकार ने फिर कहा "लेकिन तुमने केनियन प्रतिस्पर्धी को धकेलकर आगे लाया। इसपर इव्हान ने कहा "वह प्रथम था ही। यह प्रतियोगिता उसी की थी।"





प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता


पत्रकार ने फिर कहा, "लेकिन तुम स्वर्ण पदक जीत सकते थे।" इव्हान ने कहा, "उस जीतने का क्या अर्थ होता। मेरे पदक को सम्मान मिलता? मेरी मां ने मुझे क्या कहा होता?

संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आगे जाते रहते हैं। मैंने अगली पीढ़ी को क्या दिया होता? दूसरों की दुर्बलता या अज्ञान का फायदा न उठाते हुए उनको मदद करने की सीख मेरी मां ने मुझे दी है।"



**फतेहपुर सीकरी 2019 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | राजकुमार चाहर | 6,67,147 |
| कांग्रेस | राज बब्बर | 1,72,082 |
| बसपा | श्रीभगवान शर्मा | 1,68,043 |




## फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट

# यहां जीत का मंत्र वोट बैंक बुलंद

- पिछली बार करीब पांच लाख वोटों से जीतने वाले भाजपा सांसद के सामने इस बार सजातीय मतों और समर्थकों को साधने की कठिन चुनौती
- बसपा ने ब्राह्मण और कांग्रेस ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारकर मुकाबला बनाया रोचक, भाजपा विधायक के पुत्र ने बागी के रूप में ठोंकी रखी है ताल



दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** फतेहपुर सीकरी का नाम आते ही बुलंद दरवाजा याद आता है। 2008 में हुए परिसीमन के बाद आगरा से निकल कर बना फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र प्रमुख पर्यटक स्थल है। यहां स्थित बुलंद दरवाजा, जामा मस्जिद, सलीम चिश्ती का मकबरा और जोधा बाई के महल को देखने हर रोज देश -दुनिया से तमाम सैलानी आते हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर की जीत भी बुलंद दरवाजे जैसी ही बड़ी थी। वह 4.95 लाख वोटों से जीते थे। इससे पहले 2009 में यहां हुए पहले चुनाव में जाटव और मुस्लिम मतों के साथ ब्राह्मण मतदाताओं का समीकरण बनकर बसपा की सीमा उपाध्याय सांसद बनी थीं। उनके मुकाबले में उतरे सिने स्टार रहे कांग्रेस प्रत्याशी को हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि राजबब्बर बहुत कम वोटों से हारे थे। इस बार के चुनाव में भाजपा ने अपने सासंद राजकुमार चाहर पर ही फिर से भरोसा जताया है। बसपा ने एक बार फिर 2009 वाला दांव चला है। पार्टी ने जीत का आजमाया फार्मूला दोहराते हुए ब्राह्मण प्रत्याशी राम निवास शर्मा को मैदान में उतारा है। ऐसे में क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता बाहुल्य मानी जाने वाली इस सीट पर कांग्रेस ने क्षत्रिय प्रत्याशी के रूप में रामनाथ सिकरवार को उतारकर यहां लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। अब भाजपा से जाट, बसपा से ब्राह्मण और कांग्रेस से क्षत्रिय प्रत्याशी के बीच जातीय समीकरणों के हिसाब से गोलबंदी और सेंधमारी की कोशिशें तेज हो गई हैं।

फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट पर अभी तक दो बार ही लोकसभा चुनाव वर्ष 2009 और 2014 में हुए हैं। इनमें पहली बार बहुजन समाज पार्टी और दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मारी थी। लेकिन पिछली बार रिकार्ड मतों से जीतने वाले भाजपा सांसद और किसान मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार चाहर के सामने इस बार सबसे बड़ी चुनौती अपने जाट समुदाय को ही एकजुट रखने की आ रही है। इसकी वजह यह है कि उनके खिलाफ जाट समुदाय के ही भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के पुत्र रामेश्वर सिंह ने पहले मोर्चा खोला फिर भाजपा विद्रोही के रूप में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन करा दिया। पहले माना जा रहा था कि आखिरी वक्त तक रामेश्वर का नामांकन वापस करा लिया जाएगा लेकिन जब इसमें सफलता नहीं मिल पाई तो भाजपा के बड़े नेताओं का दबाव पड़ा। बताते हैं चौधरी बाबूलाल को नेतृत्व ने दिल्ली तलब किया था। अब कहा जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ बगावत के बाद विधायक और उनके पुत्र को मना लिया गया है। अब इस बगावत और मान-मन्नौवल में बात कितनी बनी है, इसका पता तो अगले दो-तीन दिन में चलेगा, लेकिन इतना जरूर है कि इस घटनाक्रम से भाजपा प्रत्याशी के चुनावी अभियान में ऐसा डेंट लग गया है, जिससे फतेहपुर सीकरी का चुनावी संग्राम रोचक हो गया है।

### मतदाताओं का अनुमानित जातीय आंकड़ा

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण | 2.90 लाख |
| जाट | 2.40 लाख |
| क्षत्रिय | 2.95 लाख |
| जाटव | 2.0 लाख |
| लोधी | 1.40 लाख |
| मुस्लिम | 85 हजार |
| वैश्य | 90 हजार |
| निषाद | 1.20 लाख |
| कुशवाहा | 1.15 लाख |

### जीत के जातीय समीकरण में सेंधमारी बचाने के लिए चाहर बहा रहे पसीना

पहले बारतीय जनता पार्टी के लिए आसान मानी जा रही फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट तेजी से बदले हालात में कड़ी टक्कर में फंसने की तरफ मुड़ गई है। राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि अगर बाजपा के पाले से जाट समुदाय के थोड़े भी वोट कटते हैं, तो ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि राजकुमार चाहर के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। हालांकि जाट मतदाता बंटेंगे, इसे लेकर तमाम लोगों को संदेह है, क्योंकि बिरादरी के लोग सांसद की कार्य शैली से नाराज भले हों पर मोदी और योगी के नाम पर और इस बार रालोद का साथ होने से भाजपा को ही वोट देने की बात कहते नजर आते हैं। लेकिन बातचीत में कहते हैं कि भाजपा को जाटों के बाद ब्राह्मणों और क्षत्रियों के साथ वैश्यों का वोट बहुतायत में मिलता है। इस बार बसपा से ब्राह्मण और कांग्रेस से क्षत्रिय प्रत्याशी होने से मौजूदा सांसद चाहर को पसीना बहाना पड़ रहा है।

## अदावत भले नई नजर आए पर बात पुरानी है...

भाजपा के मौजूदा सांसद राजकुमार चाहर और भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल की अदावत करीब 10 साल पुरानी है। जानकारों का कहना है कि इसकी नींव 2014 के लोकसभा चुनाव में पड़ी थी। चौधरी बाबूलाल भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे थे। उनका आरोप है कि उस समय राजकुमार चाहर ने उनके विरोध में कागारौल में पंचायत की थी। लेकिन इसके बाद भी वे सांसद बने थे। बाद में यह अदावत तब और सुलग उठी जब 2019 में चौधरी बाबूलाल की जगह पार्टी ने राजकुमार चाहर को प्रत्याशी बना दिया। बाबूलाल इसीलिए कहते रहे हैं कि उनका विरोध प्रत्याशी से है। राजकुमार चाहर के अलावा किसी भी समाज के प्रत्याशी के लिए वे तन, मन और धन से समर्थन करेंगे। उनका विरोध पार्टी से नहीं, सिर्फ प्रत्याशी राजकुमार चाहर से है। पार्टी यहां किसी दूसरे को उतारेगी तो वे और उनका बेटा विरोध नहीं करेंगे।



- इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार 2022 में विधानसभा का चुनाव खेरागढ़ से लड़ चुके हैं। सिकरवार की छवि और छाप लोगों में ठीक है। क्षत्रिय समाज में उनकी लोकप्रियता बेहतर है। उधर, बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा फतेहपुर सीकरी के उदैंरा गांव के रहने वाले हैं। वह ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं। उन्होंने भी विधानसभा का चुनाव लड़ा था। विपक्ष के दोनों प्रत्याशी जातिगत आंकड़ों में भाजपा प्रत्याशी की बिरादरी जाट समुदाय से संख्या में भारी नजर आते हैं। ऐसे में दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों ने क्षेत्र में ताकत झोंक रखी है।



- 2019 की ही तरह 2014 के चुनाव में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की थी। चौधरी बाबूलाल चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। उन्होंने बसपा की सांसद सीमा उपाध्याय को करीब पौने दो लाख मतों से शिकस्त दी थी। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता रहे अमर सिंह ने भी राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर कांग्रेस के समर्थन से चुनाव लड़ा था, लेकिन वह चौथे स्थान पर रहे थे। सपा प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहा था।

### ब्राह्मण और क्षत्रिय बाहुल्य का तमगा पर जाट मतदाता लिखते जीत की पटकथा

- इस सीट को ब्राह्मण और क्षत्रिय बाहुल्य माना जाता है। यहां करीब तीन लाख ब्राह्मण और इतने ही क्षत्रिय मतदाता होने का अनुमान है। जाट मतदाता ढाई लाख के आसपास बताए जाते हैं। इसके बाद दलित समाज में जाटब विरादरी का दो लाख तक वोट है, जिसका बड़ा हिस्सा परंपरागत रूप से बसपा के साथ रहता है। लोधी मतदाता 1.40 लाख तो मुस्लिम मतदाता 85 हजार माना जाता है। जाट समुदाय का वोट लोग यहां निर्णायक मानते हैं।

# जालौन-गरौठा : यहां 1984 से बंद पड़ा कांग्रेस का खाता

अदी शेख पुखरायां (कानपुर देहात)

**अमृत विचार।** जालौन-गरौठा भोगनीपुर लोकसभा सुरक्षित सीट पर इस वक्त भाजपा का कब्जा है, लेकिन कभी यह सीट कांग्रेस की मानी जाती थी। इस सीट पर कांग्रेस की उपस्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक हुए 16 लोकसभा चुनावों में 7 बार कांग्रेस को जीत मिली है। लेकिन 1984 के बाद कभी इस सीट पर कांग्रेस का खाता नहीं खुल सका है। इस बार जालौन-गरौठा सीट से भाजपा ने मोदी सरकार में मंत्री और पांच बार के सांसद भानू प्रताप वर्मा को ही उतारा है। बसपा ने सुरेश चंद्र को मैदान में उतारा है। वह बसपा बुंदेलखंड के प्रभारी रह चुके हैं। सपा से नारायण दास अहिरवार चुनाव लड़ रहे हैं।

आजादी के बाद यहां सबसे पहले चुनाव 1952 में हुआ था। जिसमें कांग्रेस के लोटनराम पहले सांसद बने थे। इसके बाद 1957 में हुए लोक सभा चुनाव में इसी परिवार के लच्छीराम ने जीत दर्ज कर कांग्रेस का दबदबा बनाया। 1962 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के रामसेवक ने बाजी मारी। हैट्रिक लगाते हुए चैधरी रामसेवक 1967 और 1971 में भी सांसद चुने गए। इमरजेंसी के आक्रोश की आग के बाद इस सीट पर कांग्रेस का दबदबा टूटा और पहली बार 1977 के चुनाव में कांग्रेस को इस सीट पर हार मिली। 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोकदल के टिकट पर लड़े रामचरण यहां से सांसद चुने गए। इसके बाद 1980 और 1984 के चुनावों में यहां पर कांग्रेस ने एक बार फिर वापसी की और दोनों बार यहां से कांग्रेस के नाथूराम व लच्छीराम ने चुनाव जीता।1989 में यहां जनता दल ने खाता खोला और जीत दर्ज की।फिर इस सीट पर दोबारा कभी कांग्रेस ने वापसी नहीं की। हालांकि 1991 के चुनाव में जनता दल से भाजपा ने यह सीट छीन ली और बीजेपी के गया प्रसाद कोरी सांसद बने।1996 और 1998 दोनों ही चुनावों में यहां भाजपा ही जीती और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। 1999 में यहां तख्ता पलट हुआ और बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक पूरी नहीं करने दी लेकिन साल 2004 के चुनाव में एक बार फिर से बीजेपी ने वापसी की और भानु प्रताप सिंह ने जीत दर्ज की। वर्ष 2009 में यहां पहली बार सपा ने खाता खोला और घनश्याम अनुरागी चुनाव जीते, लेकिन 2014 में फिर से ये सीट भाजपा के खाते में गई और भानु प्रताप सिंह सांसद चुने गए। भानु प्रताप वर्मा ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को 2,87,202 वोटों से हराकर इस सीट पर कब्जा किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भानू प्रताप वर्मा ने एक बार फिर इस सीट पर विजय हासिल की।

# कांग्रेसियों की चुप्पी को मुफीद मान रही भाजपा

## फर्रुखाबाद सीट

- बसपा ने छात्र नेता क्रांति पांडेय और सपा से डॉ. नवल किशोर मैदान में
- भाजपा से तीसरी बार मैदान में उतरे हैं मुकेश राजपूत

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार:** फर्रुखाबाद संसदीय सीट पर इस बार पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद या उनके परिवार का कोई सदस्य मैदान में नहीं है। इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी सपा के हिस्से में यह सीट आई है। पार्टी ने यहां से डॉ. नवल किशोर को मैदान में उतारा है। जबकि बसपा ने छात्र नेता क्रांति पांडेय पर विश्वास जताया है। भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत जहां हैट्रिक लगाने के लिए कसरत कर रहे हैं तो सपा- बसपा उनकी जीत रोकने के लिए चक्रव्यूह भेदने में जुटी हुई हैं। यहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की चुप्पी को भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है।

भाजपा ने पहली बार इस सीट पर 1996 में कब्जा किया था। राम मंदिर लहर में साक्षी महाराज जीते थे। 1998 के चुनाव में भी उन्हें जीत मिली, लेकिन 1999, 2004 और 2009 में यह सीट भाजपा नहीं जीत पायी। मोदी लहर में 2014 में भाजपा के खाते में यह सीट गई तो 2019 में भी मुकेश राजपूत लगातार दूसरी बार जीते। विधानसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो भाजपा का पलड़ा इस सीट पर भारी है। पार्टी ने चार विधानसभा जीतीं हैं तो उसकी सहयोगी अपना दल के हिस्से में एक सीट आई थी। अब भाजपा पिछले चुनावों का न सिर्फ जीत की हैट्रिक बनाना चाहती है बल्कि उसकी कोशिश है कि जीत का अंतर भी बड़ा हो।

### हमने चुना सांसद



मतदान का फैसला तो चार जून को आएगा, लेकिन बुलंदशहर के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद बाहर निकली महिलाओं और युवाओं ने कुछ इस अंदाज में उत्साह का प्रदर्शन किया मानो उन्होंने मतदान का अधिकार जीत लिया।



रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पत्नी चारु चौधरी के साथ मथुरा में किया मतदान।



मथुरा में साधु- संतों ने भी मतदान किया। अमृत विचार

## इटावा लोकसभा क्षेत्र

वर्ष 1999 से 2009 तक सपा इटावा लोकसभा सीट पर लगातार तीन बार कर चुकी है जीत दर्ज

# मुलायम के घर में दिलचस्प हुई भाजपा की हैट्रिक रोकने की लड़ाई

**इटावा।** इटावा लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का गृह जिला होने के चलते इटावा के नतीजों को सैफई परिवार की साख से जोड़ा जाता है। इस बार भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद रामशंकर कठेरिया को ही मैदान में उतारा है। सपा ने जितेंद्र दोहरे को सीट वापस लाने और भाजपा की हैट्रिक रोकने की जिम्मेदारी दी है। बसपा ने हाथरस की पूर्व सांसद सारिका सिंह को टिकट देकर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है।

वर्ष 1999 से 2009 तक सपा ने यहां लगातार तीन बार जीत दर्ज की। हालांकि 2014 में भाजपा ने सपा के जीत का सिलसिला तोड़ा और 2019 में भी जीत का सिलसिला कायम रखा। बसपा यहां केवल 1991 में तब जीती थी, जब उसके संस्थापक कांशीराम उम्मीदवार थे। इस चुनाव में मुलायम ने भी उनका साथ दिया था।



### भाजपा लगा रही पूरा जोर

भाजपा इटावा सीट पर कमल खिलाने के लिएपूरा जोर लगा रही है। सैफई में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सभा के बाद इटावा में 28 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह की सभा की तैयारी है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जसवंत नगर में पहले ही सभा कर चुके हैं। इटावा में अनुमानित जातिगत आंकड़ों की बात करें तो दलित वोटरों की संख्या सबसे ज्यादा है। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है। इसके अलावा यादव, लोधी और शाक्य वोटर भी चुनाव में अहम भूमिका निभाते हैं। यहां दलित वोटर करीब 4 .50 लाख, ब्राह्मण वोटर 2 लाख 50 हजार, यादव मतदाता 2 लाख 25 हजार, लोधी 1 लाख 20 हजार, शाक्य 1 लाख 25 हजार, पाल बघेल 1 लाख 10 हजार, अल्पसंख्यक वोटरों की संख्या करीब 1 लाख 25 हजार है।

**भाजपा प्रत्याशी की पत्नी ने निर्दलीय उतरकर चर्चाओं को दिया जन्म :** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राम शंकर कठेरिया के खिलाफ उनकी पत्नी मृदुला कठेरिया ने नामांकन करा दिया है। मृदुला ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा है। उनका कहना है कि इस बार नामांकन वापस लेने के लिए पर्चा नहीं भरा है। पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। मृदुला कठेरिया ने कहा कि जनतंत्र, प्रजातंत्र और लोकतंत्र में सभी लोग स्वतंत्र हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी मृदुला ने निर्दलीय नामांकन किया था, लेकिन उस समय उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया था। भाजपा प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया आगरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में हिंदी के प्रोफेसर हैं। वह आगरा लोकसभा सीट से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें इटावा से चुनावी मैदान में उतारा और रामशंकर तीसरी बार सांसद बने थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को करीब 65 हजार मतों से शिकस्त दी थी।

दलित उपजाति धानुक समुदाय से आने वाले राम शंकर कठेरिया को 2014 में भाजपा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया था। वह मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं।

**18 लाख से ज्यादा मतदाताओं में 25 हजार पहली बार देंगे वोट:** इटावा लोकसभा में कुल 18 लाख 23 हजार 732 मतदाता हैं। इनमें 9 लाख 81 हजार 602 पुरुष मतदाता और 8 लाख 42 हजार 97 महिला मतदाता हैं। नए मतदाता जो पहली बार वोट डालेंगे, उनकी संख्या 25 हजार 367 है। 14 हजार 763 दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु के 14 हजार 808 वरिष्ठ मतदाता हैं।

इलेक्शन बायस्कोप




मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा हर तरह से प्रयास हो रहा है, इसी क्रम में राजधानी के काकोरी विकास खंड क्षेत्र में स्थित बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरुक किया। अमृत विचार

## आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्रवाई

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में अब तक 1,21,70,187 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामले में कार्रवाई की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों से 74,24,648 व निजी स्थानों से 47,45,539 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,13,466, पोस्टर के 34,35,430, बैनर के 20,91,697 व अन्य 10,84,055 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,43,341, पोस्टर के 21,82,652 बैनर के 11,72,845 व अन्य 7,46,701 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 99 एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# कांग्रेस को आज भी चुभती है वो हार

## रायबरेली ही नहीं, न्यायालय में भी इंदिरा को राजनारायण से मिली थी शिकस्त

दिलीप सिंह, रायबरेली

- 55, 202 मतों से हार गई थीं चुनाव

**अमृत विचार।** कांग्रेस के गढ़ रायबरेली को समझना इतना आसान नहीं है। यही वजह है कि अभी तक कांग्रेस की ओर से यहां पर प्रत्याशी नहीं घोषित किया जा सका है। इसकी वजह कहीं ना कहीं पूर्व में यहां पर हुए उठापटक और वर्तमान में सांसद बनने के बाद सोनिया गांधी की दूरी को भी देखा जा रहा है। इसके कारण पार्टी पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतरना चाह रही है। कारण जो भी हो, लेकिन आज भी गांधी परिवार और कांग्रेस को 1977 में राजनारायण से मिली शिकस्त सालती है।

जी हां, हम बात कर रहे है उस चुनाव कि जब एक अप्रत्याशित परिणाम सामने आया था। 1977 वह साल था जब पहली बार कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका लगा था। जीत का आश्वस्त हर किसी को जब पता चला कि लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की रायबरेली में हार का सामना करना पड़ा तो दांतों तले अंगुलियां दबाने को मजबूर हो गए। उन्हें 55,202 मतों से हार का सामना करना पड़ा था।

इस चुनाव में इंदिरा गांधी को सिर्फ 1,22,517 मत मिले थे, जबकि विपक्ष में उतरे राजनारायण पर स्थानीय जनता ने विश्वास जताया। उन्होंने 1,77,719 मत हासिल किया। यही वजह रही कि अपने जीवन में इंदिरा गांधी ने लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक बार हारीं वह भी अपने गढ़ से।

### राजनारायण ने लगाया था धांधली का आरोप

ऐसी बात नहीं है कि राजनारायण और इंदिरा गांधी का कोई पहली बार चुनाव में मुकाबला हुआ था। 1971 के चुनाव में इसी रायबरेली में इंदिरा गांधी ने राजनारायण को भारी मतों से हरा दिया था। तब संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे राजनारायण को भरोसा था कि वे जीतेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। परिणाम देखकर उन्होंने कोर्ट का सहारा लिया। इसके बाद चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए राजनारायण ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। यहां पर इंदिरा जी के खिलाफ निर्णय आया।

### 1980 के चुनाव में जीत के बाद जिले से बनाई दूरी

1977 लोकसभा चुनाव में राजनारायण से मिली शिकस्त ने इंदिरा गांधी को पूरी तरह से झकझोर दिया था। इस चुनाव में कांग्रेस को आजादी के बाद सबसे करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। उस हार के महज तीन साल बाद ही 1980 में हुए चुनाव में जनता ने एक बार फिर कांग्रेस पर विश्वास जताया। इस चुनाव में रायबरेली की जनता ने इंदिरा गांधी को भारी मतों से जीत दिलाई थी। उन्हें 58 .30 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके बावजूद उन्होंने रायबरेली सीट से त्यागपत्र दे दिया था।



## इंडी गठबंधन को जनता ने शून्य पर बोल्ड कर दिया : स्वतंत्र देव

**अमृत विचार, लखनऊ :** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दावा किया है कि भ्रष्टाचारी और आतताई गठबंधन को इस चरण में भी जनता ने शून्य पर क्लीन बोल्ड कर दिया है। हाथी, हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं। सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया है।

शुक्रवार को उप्र. भाजपा मुख्यालय में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। यहां स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए के पक्ष में चली लहर दूसरे चरण में और भी पुष्ट हो गई है। वहीं, जेपीएस राठौर ने कहा कि 2014 और 2019 की तरह फिर से पश्चिम यूपी और ब्रज में कमल का फूल खिलेगा और आने वाले चरणों में भाजपा को जनसमर्थन और भी पुष्ट होता जाएगा। हम 80 की 80 सीटों को जीतने में सफल रहेंगे।

# इलाहाबाद में दो उत्तराधिकारियों के बीच मुकाबला

- पांच विधानसभाओं में चार सीटों पर भाजपा का है कब्जा
- अपनी जीत का दावा कर रहे हैं भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी
- 1984 में इसी लोकसभा सीट से संसद पहुंचे थे अमिताभ बच्चन


मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की लोकसभा की 80 सीटों में इलाहाबाद सीट का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। इस बार प्रदेश के दो दिग्गज नेताओं के पुत्रों के बीच चुनावी जंग की बिसात बिछी है। एक ओर भाजपा ने मौजूदा सांसद रीता बहुगुणा का टिकट काटकर पूर्व राज्यपाल व विधान सभा अध्यक्ष रहे भाजपा के कद्दावर नेता स्व. केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी चुनावी मैदान में उतारा है। तो दूसरी ओर सपा के बड़े नेताओं में शुमार एवं पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्जवल रमण सिंह इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर मैदान में है। दो दिग्गज नेताओं के पुत्रों ने इस चुनाव को रोचक बना दिया है। भाजपा इस बार इस सीट से चुनावी सिक्सर मारने के लिए पिच पर तैयार दिख रही है। तो दूसरी ओर उज्ज्वल रमण भी मजबूत दावा पेश करते हुए कह रहे हैं कि इस बार लोगों का हाथ कांग्रेस के साथ है। ऐसे में इस सीट पर दो उत्तराधिकारियों के बीच सीधे युद्ध होता नजर आ रहा है।

प्रयागराज में वोटिंग छठें चरण में 25 मई को होनी है। सभी उम्मीदवार मतदाताओं को अपनी ओर करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। पार्टियों की ओर से स्टार प्रचारकों का भी जमघट आने वाले समय में लगेगा। 25 मई को क्षेत्र की जनता अपना नया सांसद चुनने के लिए मतदान करेगी और 4 जून को फैसला आएगा कि जनता ने किसके दावों और वादों पर अपना विश्वास जताया है। प्रयागराज प्रदेश का सर्वाधिक आबादी वाला जिला है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 59,54,390 है। जिले में जनसंख्या घनत्व 1,086 निवासी प्रति वर्ग किलोमीटर है। 2001-2011 के दशक में यहां जनसंख्या वृद्धि दर 20.6 प्रतिशत रही। लिंगानुपात 1000: 901 है। साक्षरता दर 72.3 प्रतिशत है। जिले में कुल12 विधानसभा सीटें हैं। यह फूलपुर और इलाहाबाद के अलावा भदोही संसदीय सीट का हिस्सा हैं।


नीरज त्रिपाठी


उज्जवल रमण सिंह



### अमिताभ को देना पड़ा था त्यागपत्र

1984 में राजीव गांधी ने अपने मित्र अभिनेता अमिताभ बच्चन को चुनाव मैदान में उतारा था। उस चुनाव में अमिताभ बच्चन के फिल्मी करिश्मे के सामने हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे दिग्गज नहीं टिक सके। हालांकि बोफोर्स विवाद में नाम आने के बाद अमिताभ बच्चन ने कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया। 1988 के उपचुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह जीत गए।

### नाम बदल गया

2017 से पहले तक प्रयागराज जनपद इलाहाबाद के नाम से प्रसिद्ध था। योगी राज में शहर का नाम बदला तो यह प्रयागराज लोकसभा सीट बन गया। अंग्रेज जमाने से ही राजनीति के गढ़ रहे इलाहाबाद लोकसभा सीट 1952 में अस्तित्व में आया।

2019 के लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट पर 14 उम्मीदवार मैदान में थे, भाजपा की ओर से रीता बहुगुणा जोशी को मैदान में उतारा गया। जोशी के सामने समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र सिंह पटेल मैदान में थे।

रीता बहुगुणा जोशी को चुनाव में 4,94,454 वोट मिले जबकि राजेंद्र पटेल के खाते में 3,10,179 वोट आए। कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे योगेश शुक्ला को महज 3,1,953 वोट ही मिले। एकतरफा मुकाबले में रीता बहुगुणा जोशी ने 184,275 मतों के अंतर से जीत हासिल की। इससे पहले 2014 के संसदीय चुनाव में बीजेपी को मोदी लहर का फायदा इलाहाबाद सीट पर भी मिला। बीजेपी के टिकट पर श्यामाचरण गुप्ता ने सपा के सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को कड़े संघर्ष में 62,009 मतों से हरा दिया।

### यहां से जीत कर बने प्रधानमंत्री

- पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर , पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, छोटे लोहिया के नाम से मशहूर जनेश्वर मिश्र, भाजपा के त्रिमूर्तियों में से एक डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे नेताओं को जीताकर लोकसभा में भेजा है। फिल्मी जगत के महानायक अमिताभ बच्चन भी 1984 में इसी लोकसभा से चुनकर संसद पहुंचे थे।


### विधानसभा का ब्योरा

इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीट हैं। इलाहाबाद दक्षिणी , कोराव, बारा, मैजा और करछना है। जिसमें कोराव और बारा विधानसभाएं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इन पांच विधानसभाओं में चार सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। मेजा विधानसभा सीट सपा के कब्जे में है। शहर दक्षिणी को छोड़कर बाकी चारों विधानसभा जमुनापार क्षेत्र की है। जिसमें ज्यादातर मतदाता ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं।

### उम्मीदवार के दावे और वादे

भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी राज्य की डबल इंजन की सरकार द्वारा गरीब, युवा, महिलाओं के लिये किये गये विकास और कल्याणकारी योजनाओं के चलते अपनी जीत दावा कर रहे है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह मंहगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर मतदाताओं में खासकर युवा वर्ग को अपनी ओर खीचने की जोर-आजमाईश कर रहे हैं।

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा







| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रीता बहुगुणा जोशी | 4,94,454 |
| राजेंद्र सिंह पटेल | 3,10,179 |
| योगेश शुक्ला | 31,953 |
| गिरिधर गोपाल त्रिपाठी | 10,403 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | श्यामाचरण गुप्ता | 3,13,772 |
| सपा | कुँवर रेवती रमण सिंह | 2,51,763 |
| बसपा | केशरी देवी पटेल | 1,62,073 |
| कांग्रेस | नंद गोपाल गुप्ता नंदी | 1,02,453 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | श्री प्रकाश/पुरुषोत्तम टंडन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957, 62 | लालबहादुर शास्त्री | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | हरि कृष्ण शास्त्री | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | हेमवती नंदन बहुगुणा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | जनेश्वर मिश्र | जनता पार्टी |
| 1984 | अमिताभ बच्चन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1988 (उप चुनाव) | विश्वनाथ प्रताप सिंह | निर्दलीय |
| 1989 | जनेश्वर मिश्र | जनता दल |
| 1991 | सरोज दुबे | जनता दल |
| 1996, 98, 99 | मुरली मनोज जोशी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004, 09 | रेवती रमण सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2014 | श्यामाचरण गुप्त | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | रीता बहुगुणा जोशी | भारतीय जनता पार्टी |


2014 नोटा 3,624 | 2019 नोटा 7,625

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | कुँवर रेवती रमण सिंह | 2,09,431 |
| बसपा | अशोक कुमार वाजपेयी | 1,74,511 |
| भाजपा | योगेश शुक्ला | 60,983 |
| कांग्रेस | श्याम कृष्ण पांडे | 33,027 |

**2024**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 16,93,443 |
| पुरुष | - 9,27,964 |
| महिला | - 7,65,288 |
| अन्य | - 191 |




### अपनी ढपली अपना राग


आपका वोट उन विषधरों को नहीं जाना चाहिए जो लोग भारत माता जय जय कार करने में संकोच करते हों।
- योगी आदित्यनाथ


भाजपा से सौदा करके अखिलेश यादव चुनाव हार रहे हैं, 2014, 2017 में चुनाव हारे, 2019 में भी हार गए।
-असदुद्दीन ओवैसी


कब्जा करने वाले सपाई गुण्डे कहते थे, जितना बड़ा सपा का झण्डा उतना बड़ा सपा का गुण्डा।
-ब्रजेश पाठक


कन्नौज अब भी सपा का ही गढ़ है। वो उसकी पहली और आखिरी जीत थी, उसे पागलखाने भेजना चाहिए।
-रामगोपाल यादव


उन्हें पिछड़े, दलित और मुसलमान का सौ प्रतिशत वोट चाहिए, लेकिन उनका सम्मान नहीं चाहिए।
-पल्लवी पटेल

# कैसरगंज में कायम है बेनी बाबू का रिकॉर्ड

## एक ही पार्टी से लगातार चार बार जीता लोकसभा चुनाव

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार।** कैसरगंज सीट कई ऐतिहासिक पलों को सजाए हुए हैं। दिवंगत बेनी प्रसाद वर्मा की बेटी गोंडा से चुनाव लड़ रही है, लेकिन चर्चा बेनी प्रसाद वर्मा की न हो, इसके बिना लोक सभा चुनाव अधूरा है। बहराइच के कैसरगंज सीट से बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी से निरंतर चार बार चुनाव लड़ा और उन्हें जीत हासिल हुई। इसी सीट से बेडनानापुर की राजमाता ने भी स्वतंत्र पार्टी से जीत दर्ज की थी। बेनी बाबू ने लगातार एक ही पार्टी से जीत को जो रिकार्ड बनाया वह अभी तक कायम है, मौजूदा सांसद हालाकि यहां से लगातार तीन बार जीत चुके हैं लेकिन उनको यह सफलता एक बार सपा और दो बार भाजपा के सहारे मिली है, और इस बार अभी तक भाजपा से उनके प्रत्याशी बनाए जाने पर ऊहापोह कि स्थिति है, ऐसे में अभी बेनी बाबु का रिकार्ड टूटता नजर नहीं आ रहा है

बहराइच जिले के कैसरगंज सीट में कैसरगंज और पयागपुर विधान सभा के साथ गोंडा जिले की तीन विधान सभा क्षेत्र की सीट शामिल है। कैसरगंज से अभी किसी भी पार्टी ने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। लेकिन इस सीट की प्रदेश और देश में अलग ही पहचान है।

### भाजपा लगा सकती है जीत की हैट्रिक

कैसरगंज के वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने वर्ष 2009 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से जीत दर्ज की थी इसके बाद उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से जीत दर्ज की। भाजपा के प्रत्याशी ने अगर इस बार जीत दर्ज की तो पार्टी की हैट्रिक हो जाएगी।

### समाजवादी पार्टी से कर लिया था किनारा



2008 में मुलायम से नाराज होकर बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी से किनारा कर लिया था। बेनी प्रसाद वर्मा अपने बेटे के लिए 2007 के लोकसभा चुनाव में टिकट चाहते थे, लेकिन अमर सिंह की वजह से बेनी के बेटे राकेश वर्मा को टिकट नहीं मिल पाई। इसी वजह से नाराज बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी छोड़ दी और समाजवादी क्रांति दल बनाया। इसके बाद 2008 में वह कांग्रेस में शामिल हो।

इस सीट से बाराबंकी जिला निवासी स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा ने चार बार लगातार लोकसभा चुनाव जीतकर रिकार्ड कायम किया है। बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और मुलायम सिंह यादव के पुराने साथी थे। कुर्मी और क्षत्रिय बाहुल्य सीट पर समाजवादी पार्टी ने वर्ष 1996 में बेनी प्रसाद वर्मा को कैसरगंज सीट से चुनाव मैदान में उतार दिया। बेनी प्रसाद वर्मा को जनता ने सिर आंखों पर बैठाते हुए जीत दर्ज कराई। इसके बाद बेनी प्रसाद वर्मा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के टिकट पर वर्ष 1998, 1999 और वर्ष 2004 में हुए चुनाव में भी जीत दर्ज की। इसके बाद सपा ने वर्ष 2009 के चुनाव में बृज भूषण शरण सिंह को टिकट दिया। उन्होंने भी जीत दर्ज किया। इस सीट से महसी तहसील के बेडनापुर राज घराने की माता बसंत कुंवर बा ने भी वर्ष 1962 में हुए चुनाव में स्वतंत्र पार्टी से जीत दर्ज की थी।

**वर्ष 2009 के चुनाव में बृजभूषण सिंह ने तोड़ा तिलिस्म**

### केंद्रीय मंत्री बने बेनी बाबू

बाराबंकी जिला निवासी स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा को लोग प्यार से बाबू जी के नाम से पुकारते हैं। बेनी प्रसाद वर्मा ने लगातार चार बार कैसरगंज सीट से चुनाव जीता इसके बाद उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गोंडा से भी जीत दर्ज की। केंद्र में उन्हें मंत्री भी बनाया गया था।

## मतदान के लिए जर्मनी से भारत आया व्यक्ति

**नोएडा (उप्र)।** गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र के लाखों मतदाताओं में से एक अभिक आर्य जर्मनी में नौकरी करते हैं और शुक्रवार को मतदान के लिए नोएडा पहुंचे। आर्य गत सात साल से जर्मनी के म्यूनिख शहर में आतिथ्य क्षेत्र में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वह 18 महीने के बाद घर लौटे हैं और मतदान की तारीख को ध्यान में रखकर योजना बनाई।

नोएडा के सेक्टर 31 के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर स्थित मतदान केंद्र में आर्य और उनकी बहनों अभिशा (33) और अंकिता (35) ने शुक्रवार दोपहर अपना वोट डाला। आर्य ने बताया, मैं सात साल से जर्मनी में रह रहा हूं। मैं सुबह सात बजे दिल्ली पहुंचा। जब मैं छुट्टियों में घर आने की योजना बना रहा था, तो मुझे पता था कि चुनाव भी नजदीक है। इसलिए मैंने कार्यक्रम उसी के हिसाब से बनाया। मैं आज घर आया और बहनों के साथ समन्वय किया ताकि हम मतदान से न चूकें। आर्य ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनकी कहानी दूसरों को प्रोत्साहित करेगी। आर्य की बहन अभिषा वित्तीय क्षेत्र में काम करती हैं। वह पहली बार मतदाता बनी हैं।

### शाह की दिग्विजय सिंह को विदाई देने की अपील

# आशिक का जनाजा है जरा धूम से निकले

भोपाल, एजेंसी





केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजगढ़ सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए उन्हें राजनीतिक विदाई देने की अपील की। उन्होंने राजगढ़ सीट के तहत आने वाले खिलचीपुर में शुक्रवार को चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि बंटाधार से कहिए कि हम आपको राजगढ़ को बीमारु जिला नहीं बनाने देंगे।

उन्होंने दिग्विजय को राजनीति से भव्य विदाई देने की अपील करते हुए शायराना अंदाज में कहा कि समय आ गया है इनको परमानेंट विदाई देने का। दिग्विजय की विदाई आपको करनी है। मगर आशिक का जनाजा है, जरा धूम से निकले। भारी अंतर से हराकर उनकी विदाई करना। राजगढ़ वाले उन्हें घर पर बिठा दें, यही कहने आया हूं। बंटाधार शब्द का इस्तेमाल भाजपा सिंह पर आरोप लगाने के लिए करती है। भाजपा कहती है कि 1993 से 2003 के बीच मुख्यमंत्री के रूप में उनके 10 साल के शासनकाल में विकास कार्यों पर लगाम लग गई थी। इससे पहले गुना क्षेत्र के पिपराई में गुना के मौजूदा सांसद केपी यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुना वालों आपको दो-दो नेता मिलेंगे। ज्योतिरादित्य और केपी यादव। शाह ने गुना सीट से ज्योतिरादित्य के समर्थन में कहा कि गुना वालों आपका यह महाराज विकास को लेकर सबसे ज्यादा समर्पित है। सिंधिया का मुकाबला कांग्रेस के यादवेंद्र सिंह यादव से है। साल 2019 के चुनावों में, सिंधिया कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में भाजपा उम्मीदवार केपी यादव से 1.21 लाख से अधिक मतों के अंतर से चुनाव हार गए थे।

# हाईकोर्ट से सांसद संघमित्रा मौर्य को नहीं मिल सकी कोई राहत

## वादी ने बिना तलाक लिए दूसरी शादी का लगाया है आरोप

विधि संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने व धोखा देने के आरोप के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य को राहत देने से इंकार कर दिया है।

न्यायालय ने कहा है कि संघमित्रा मौर्य को तलब किए जाने का आदेश पारित कर निचली अदालत ने कोई त्रुटि नहीं की है। न्यायालय ने यह भी कहा कि इसी मामले में 12 अप्रैल को भाजपा सांसद के पिता व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की भी याचिका खारिज की जा चुकी है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने परिवाद की कार्यवाही को निरस्त किए जाने की मांग वाली संघमित्रा मौर्य की याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने पारित किया। पत्रावली के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्य समेत अन्य के खिलाफ परिवाद दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। कहा गया है कि संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी को बताया की संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक़ हो गया है लिहाज़ा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर ली। बाद में जब उसे संघमित्रा के तलाक न होने की बात का पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।

### संघमित्रा ने दी दलील



उक्त परिवाद को चुनौती देते हुए, संघमित्रा की ओर से दलील दी गई कि परिवादी द्वारा लगाए गए आरोपों में काफी विरोधाभास है जिन पर ध्यान देते हुए, निचली अदालत ने याची को तलब किया है। कहा गया कि निचली अदालत ने अपने न्यायिक मस्तिष्क का प्रयोग नहीं किया है। हालांकि न्यायालय ने इन दलीलों को अस्वीकार करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित तलबी आदेश में कोई कमी नहीं है।

# फर्जी प्रमाणपत्रों पर नौकरी कर रहा शिक्षक गिरफ्तार



**लखनऊ, अमृत विचार :** फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर बीटीसी शिक्षक की नौकरी कर रहे एक व्यक्ति को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि प्रमाणपत्र के आधार पर आधार कार्ड और पैन कार्ड में पिता का परिवर्तित नाम पाया गया। कार्रवाई एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश शाही के नेतृत्व में की गई। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि राजीव शुक्ला पुत्र उमाशंकर शुक्ला निवासी मामखोर, गगहा गोरखपुर, के खिलाफ सूचना प्राप्त हुई थी। इस दौरान देवरिया के बीएसए से राजीव शुक्ला से जुड़े अभिलेख मांगे गए। पता चला कि किसी अन्य के आधार कार्ड और पैन कार्ड के आधार पर नाम आदि को परिवर्तित कराकर अभिलेखों के रूप में शामिल कराया गया है। जबकि असल स्थिति दूसरी पाई गई। ऐसी स्थित में राजीव शुक्ला को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# छात्रों से रकम लेकर कालेज में प्रवेश कराने वाले 3 गिरफ्तार

अयोध्या,कार्यालय

- सॉल्वर गिरोह के फर्जीवाड़े का शिकार हुए थे नर्सिंग के छात्र

**अमृत विचार :** स्वायत्तशासी राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के बीएससी नर्सिंग के छात्र सॉल्वर गिरोह के फर्जीवाड़े का शिकार हुए थे। यह बात छात्रों से रकम लेकर प्रवेश कराने वाले गिरोह के तीन लोगों की गिरफ्तारी और उनसे हुई पूछताछ में सामने आई है। फ़िलहाल पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी है।

पुलिस लाइंस के सभागार में शुक्रवार को एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि फरवरी माह में नर्सिंग कॉलेज की सहायक प्राचार्य नीमा वीपी ने अयोध्या कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि संस्थान में पढ़ रहे 11 छात्रों ने सीएनईटी 2024 की प्रवेश परीक्षा में शामिल हो काउंसलिंग के माध्यम से फर्जीवाड़ा कर प्रवेश हासिल किया है। इस बाबत अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ की ओर से पत्र भेजकर संबधित छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा गया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा की टीम ने एंटी थेफ़्ट सेल की टीम के सहयोग से मोहल्ला लखरौरा थाना रामनगर, बाराबंकी निवासी रितांशु मौर्या, रेहरा खुर्द थाना कठेला समय माता जिला सिद्धार्थनगर निवासी अजय सिंह व छोटी लाइन रेलवे कॉलोनी थाना खैराबाद जिला सीतापुर निवासी सचिन राजवंशी को गिरफ्तार किया है। रितांशु के खिलाफ लखनऊ में गैंगेस्टर व फर्जीवाड़ा के कुल तीन मामले दर्ज मिले हैं।

पूछताछ में इन्होंने स्वीकार किया है कि इनके गिरोह ने सिनेट की परीक्षा में मोटी रकम लेकर बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा में प्रवेश दिलाया था। इसके लिए छात्रों के प्रवेश पत्र में फोटो आदि को बदला गया था। एसएसपी ने बताया कि इन्होंने अपने गिरोह से जुड़े कुछ अन्य लोगों का नाम भी बताया है। जिनकी तहकीकात कराकर गिरफ्तारी का प्रयास कराया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### रूस के वैज्ञानिक सीएसए के शोध में करेंगे सहायता

**कानपुर, अमृत विचार :** रूस के वैज्ञानिक चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर ( सीएसए) में आकर शोध और शैक्षणिक कार्य को बेहतर करने पर सहयोग करेंगे। इसके लिए दोनो देशों के वैज्ञानिक और छात्र एक दूसरे के संस्थानों में जाकर शैक्षणिक गतिविधियां परखेंगे। दो चरणों में होने वाले इस शैक्षणिक सहयोग के लिए शुक्रवार को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। सीएसए कानपुर और रूस के हॉर्टिकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट याल्टा के बीच यह समझौता हुआ है। समझौता सीएसए के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह व बोटैनिकल गार्डन परिषद रूस के अध्यक्ष डॉ यूरी प्लूगतर के बीच साइन हुआ।

### 90 लाख के गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने शुक्रवार को उड़ीसा से यूपी के लिए लाए जा रहे करीब 90 लाख कीमत का गांजा पकड़ा है। एसटीएफ ने तीन आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। माल की तौल कराने पर तीन कुंटल 62 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपियों के मुताबिक समस्त माल यूपी में सप्लाई होनी थी। पूरे प्रकरण की पड़ताल एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम सिंह कर रहे थे। उन्हें सूचना मिली कि उड़ीसा से गांजा आयसर ट्रक में भरकर यूपी लाया जा रहा है। कुछ समय बाद ट्रक प्रयागराज पहुंच जाएगा। इस सूचना पर उन्होंने प्रयागराज टीम को सक्रिय किया। फूलपुर के पास टीम पहुंचने पर आयसर ट्रक रोका गया, सूचना सही मिली। इस दौरान तीन आरोपियों गोपीगंज निवासी जगदीश जायसवाल, सराय इनायत निवासी गुलाम हसन और ललित सिंह को मौके पर गिरफ्तार किया गया। एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि अवैध मादक पदार्थों का यह कारोबार उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से लंबे समय से हो रहा है।

### पोर्टल चालू, आठ हजार शिकायतों का भुगतान नहीं

**लखनऊ, अमृत विचार :** तकनीकी खराबी में फंसा प्रधानमंत्री फसल बीमा का पोर्टल तो चालू हो गया है। लेकिन, बीमा कंपनियों ने रबी फसलों के नुकसान की आठ हजार शिकायतों का आकलन और भुगतान नहीं किया है। इस पर कृषि विभाग ने कंपनियों को पत्र जारी कर चेतावनी दी है। प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं समेत रबी की अन्य फसलें बर्बाद हुईं थीं। उस समय बीमित फसलों की करीब आठ हजार शिकायत टोलफ्री नंबर पर किसानों ने दर्ज कराई थी। यह व्यक्तिगत क्षतिपूर्ति थी जो एक माह में आकलन कर किसानों को भुगतान करनी थी। लेकिन, कंपनियां तय समय पर आकलन नहीं कर पाईं। भुगतान की बारी आई तो पोर्टल तकनीकी खराबी से बंद हो गया। यह भी बहाना काफी दिन चला। इस सप्ताह पोर्टल चालू हुआ तो कंपनियों ने गंभीरता नहीं दिखाई है। उपनिदेशक कृषि निदेशालय उमाशंकर सिंह ने बताया कि प्रक्रिया चल रही है। कंपनियों को भुगतान करने के लिए पत्र जारी किया है।

### 18 विभागों पर 48 लाख बिजली बिल बकाया

**लखनऊ, अमृत विचार :** विकास भवन में 18 विभागों के कार्यालय हैं। इन विभागों पर करीब 48 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है। इसकी अदायगी के लिए विभागों के पास बजट नहीं है। कार्यालय स्तर से बिजली बिल जमा करने का भी कोई मद नहीं है। विभाग अपने मुख्यालय से धनराशि की मांग कर बिजली का बिल चुकाते हैं। विभागों को मांग के अनुसार धनराशि नहीं मिल पाती है, इससे बकाया बढ़ता जा रहा है। सबसे ज्यादा बकाया बाल विकास, पंचायती राज, मनरेगा व कृषि विभाग पर है। जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित विभाग के पास बजट नहीं होता है। सभी विभागाध्यक्ष को बजट की मांग कर बिजली बिल का भुगतान के निर्देश दिए हैं। बाल विकास 13,97,579, पंचायती राज 9,43,674, कृषि 3,46,988, सहकारिता 2,57,746, अर्थ एवं संख्याधिकारी 1,98,647, लघु सिंचाई 1,80,789, पशु पालन 1,73,559, पिछड़ा वर्ग 1,56,437, समाज कल्याण ( विकास) 1,41,518, स्वत : रोजगार 1,31,134, बैंक ऑफ इंडिया 70,331 और जिला युवा कल्याण पर 22,086 रुपये का बकाया है।

# निजी कंपनी में विधिक अधिकारी की नौकरी वकालत नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- याची बरेली की एक निजी कंपनी में विधिक अधिकारी था

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विधिक अधिकारी की नौकरी को जोड़ते हुए बनवाए गए प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को न मानते हुए अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि निजी कंपनी में विधिक अधिकारी की नौकरी वकालत नहीं है। पूर्णकालिक सेवा के दौरान वकालतनामा लगाना बार काउंसिल और कंपनी में नियुक्ति की शर्तों का उल्लंघन है।

दरअसल याची ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा परीक्षा, 2016 के लिए फॉर्म भरा था। प्रारंभिक और लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 22 अप्रैल 2017 को उसे साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। 18 अगस्त 2017 को परिणाम घोषित हुआ, जिसमें याची का नाम नहीं था। परिणाम अपलोड होने के बाद याची को पता चला कि सामान्य वर्ग के अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवार ने केवल 455 अंक प्राप्त किए हैं जबकि याची ने 471 अंक प्राप्त किए थे। अंतिम चयनित सूची में शामिल न किए जाने पर उसने एक अभ्यावेदन दिया, जिसे संबंधित अधिकारी द्वारा खारिज कर दिया गया। उक्त आदेश को चुनौती देते हुए याची ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। याची का तर्क है कि वर्ष 1998 से वह बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में एक अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत है, तब से वह बरेली में नियमित रूप से वकालत कर रहा था। विधिक अधिकारी के रूप में 15 जनवरी 2009 को मैसर्स एलाइंस बिल्डर और कांट्रैक्टर्स लिमिटेड, बरेली में विधिक अधिकारी के रूप में कार्यरत था। कंपनी से इस्तीफा देने के बाद उसकी वकालत की अवधि 7 वर्ष से कम है जबकि न्यायिक सेवा के लिए 7 वर्ष की निरंतर प्रैक्टिस आवश्यक है। अंत में कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी।

# अमेठी के व्यापारी के अपहरण का आरोप, तहरीर

**चित्रकूट, अमृत विचार :** अमेठी निवासी एक महिला ने कर्वी कोतवाली में ऑनलाइन तहरीर भेजकर कौशांबी निवासी एक व्यक्ति पर अपने पति और मित्र के बच्चों के अपहरण का आरोप लगाया है। उधर, आरोपी का कहना है कि उससे इन लोगों ने क्रशर प्लांट के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की है। आरोपी को कौशांबी थाने में बैठाया गया है। अपहरण की बात गलत है। श्रवणपुर (अमेठी) निवासी नीतू सिंह ने कोतवाली में तहरीर भेजकर बताया है कि उसके पति आशुतोष सिंह उर्फ टिंकू (35) अपने मित्र के पुत्रों शाश्वत पांडेय (20) और निशांत पांडेय (18) के साथ 25 अप्रैल को जिला खनन कार्यालय चित्रकूट में काम से गए थे। आरोप है कि दोपहर में जैसे ही वह कार्यालय से अमेठी जाने को निकले, कार्यालय परिसर के बाहर एक बालू कारोबारी ने कुछ अन्य लोगों के साथ उनके वाहन को रोककर अपहरण कर लिया।

# ट्रेन में अंडा-बिरयानी खाने से 45 बीमार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सफर के दौरान ट्रेन में पैंट्री का खाना मंगा कर खाना यात्रियों को महंगा पड़ गया। इन यात्रियों की हालत बिगड़ने की जानकारी जब रेलवे प्रशासन को मिली तो हड़कंप मच गया। ट्रेन के ऐशबाग पहुंचने से पहले वहां पर चिकित्सकों की टीम दवाओं और अन्य सामान के साथ पहुंच गई। यहां पर यात्रियों को समुचित इलाज कर उन्हें आगे सफर पर रवाना किया गया।

यशवंतपुर-गोरखपुर सुपरफास्ट में यात्रियों ने रसोईयान का खाना बेचने वाले कर्मचारियों से खाना मंगवाया। नागपुर में गुरुवार शाम को खाने का आर्डर दिया गया था। इसके बाद एसी थर्ड बोगी बी-1, बी-3, बी-5, बी-7 के तकरीबन 45 यात्रियों को पेट दर्द के साथ उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हो गई। यात्रियों के अस्वस्थ होने की सूचना चेकिंग स्टाफ को मिली।

- यशवंतपुर-गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में यात्री फूड प्वाइजनिंग के हुए शिकार

उन्होंने इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को दी। डॉ. हैंकी ने कंट्रोल रूम से मिली जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे की ऐशबाग पालीक्लीनिक के डॉ. संजय तिवारी को दी। इसके बाद डा. संजय तिवारी बादशाहनगर अस्पताल के सीएमएस डॉ. बीएन चौधरी और पैरामेडिकल स्टाफ के साथ दवाएं लेकर ऐशबाग स्टेशन पहुंच गए।

दोपहर तकरीबन डेढ़ बजे ट्रेन यहां पहुंची तो बीमार यात्री चिन्हित किए गए। उनको दवा और ओआरएस देकर ट्रेन से उतरने को कहा गया। लेकिन यात्री लखनऊ नहीं उतरे और दवा लेकर आगे सफर पर आगे रवाना हो गए। इस पर सभी यात्रियों की मानीटरिंग के लिए बादशाहनगर, गोंडा और बस्ती में रेलवे के डाक्टरों को भेजा गया। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी महेश कुमार गुप्ता का कहना है कि खाना खाने से 45 यात्री बीमार हुए थे। उनका उपचार कर सफर पर रवाना किया गया।

### पेंट्रीकार, साइड पैंटीकार पर उठे सवाल

यात्रियों को हुई फूड प्वाइजनिंग से रेलवे में बिक रही खानपान सामग्री पर सवाल उठा है। कई यात्रियों ने कहा पता ही नहीं चलता कि पेंट्रीकार, साइड पैंटीकार रेलवे से मान्य है या अवैध। लेकिन धड़ल्ले से खाना परोसा जा रहा है। एक सप्ताह पहले ही सेंट्रल स्टेशन पर अधिकारियों के निरीक्षण में कई अवैध वैंडर खाना बेंचते पकड़े गए थे।

# रेमंड यादव लंदन वाला बन युवती को ठगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ ने दिल्ली से किया गिरफ्तार, कई नाइजीरन ठगी के काम में जुटे

**अमृत विचार :** इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स आदि पर रेमंड यादव लंदन के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर आलमबाग की एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर ठगने वाले एक नाइजीरियन को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने यह गिरफ्तारी दिल्ली से की है। एसटीएफ द्वारा पूछताछ में पता चला कि नाइजीरिया के तमाम युवक इस समय इसी तरह से ठगी के काम लगे हुए हैं।

मामले को देख रहे एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि मई 2023 से इस मामले को फालो किया जा रहा है। आलमबाग की एक युवती से फेसबुक पर रेमण्ड यादव लन्दन के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर दोस्ती की गई और उसे प्रेमजाल में फसाकर करोड़ों रुपये का पाउण्ड व महंगी ज्वेलरी आदि गिफ्ट भेजने की बात बताई गई। महिला द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से कॉल कर व वीडियो भेजकर खुद को दिल्ली एयरपोर्ट की कस्टम अधिकारी बताया गया। बाद में वीडियो काल पर पीड़ित को एक पैकेट दिखाया गया, जिसमें ज्वेलरी व महंगे गिफ्ट आदि थे। गिफ्ट प्राप्त करने के लिए कस्टम चार्ज के रूप में 25,900 जमा करने को कहा गया।

युवती ने कथित महिला कस्टम अधिकारी द्वारा बताये गये खाते में गूगल-पे कर दिया। जिसके बाद फर्जी कस्टम अधिकारी द्वारा बताया गया कि पैकेट में लगभग रूपये 10 लाख कीमत के पाउण्ड हैं, जिसके लिये फाइनेन्स डायरेक्टर का सर्टिफिकेट लेना पड़ेगा, इस सर्टिफिकेट के लिये 10 हजार रूपये जमा करने होंगे। 10 हजार जमा करने के बाद फर्जी अधिकारी द्वारा फाइनेन्स डायरेक्टर के नाम का एक कूटरचित सर्टिफिकेट भेजा गया एवं बताया गया कि पाउंड को इंडियन करेन्सी में बदलने के लिए 85,000 जमा कर सर्टिफिकेट लेना होगा। युवती द्वारा उक्त 85,000 रुपए जमा करने के पश्चात फर्जी कस्टम अधिकारी द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नाम का एक कूटरचित सर्टिफिकेट भेजा गया।

कई दिनों बाद तक पैकेट रिसिव न होने पर युवती द्वारा फर्जी कस्टम अधिकारी से व्हाट्सएप पर बात की गई तो कस्टम अधिकारी द्वारा बताया गया कि आपके ऊपर तो मनी लॉण्डरिंग का केस बन रहा है। यह कहकर युवती से 10,000 रूपये और जमा करा लिये तथा बताया कि दो दिन में आपका पैकेट आ जायेगा। दो दिन तक पैकेट रिसिव न होने पर युवती द्वारा पता किया गया तो पता चला की उसके साथ फ्राड हो गया है।

# सड़कों के अवैध कट बंद करने व चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश



बैठक को संबोधित करते प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू व अन्यद अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के बीच ही शुक्रवार को परिवहन निगम मुख्यालय में समिति से जुडे.सभी स्टेक होल्डर के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सचिव परिवहन एल.वेकटेश्वर लू ने की। इसमें परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त (राजस्व) आदि अधिकारियों की मौजूदगी रही। प्रमुख सचिव ने कहा कि एनएचएआई मार्गों पर अवैध कट बंद कर चेतावनी बोर्ड लगाए। बंद किये गये अवैध कट अगर क्षतिग्रस्त किये गए हैं तो इस पर दंडनीय कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए जिम्मेदार पर एफआईआर कराई जाए।

## वर्ग पहेली-52

**बाएं से दाएं**

4.1.किसी कला विशेष का विशेषज्ञ 2.कलापूर्ण ढंग से काम करने वाला व्यक्ति 3.विधिवत शिक्षा प्राप्त गायक, गवैया 4.गाने-बजाने का काम करने वाली एक प्राचीन जाति।

5.1.पैदल चलने से या बैलगाड़ी आदि के पहिए से भूमि पर बनी रेख, पगडंडी 2.लकीर, रेखा 3.मर्यादा 4.लोकरीति, पुरानी परंपरा, रूढ़ि। (मु.)-पीटना : किसी पुरानी चली आई हुई प्रथा या रीति का बिना सोचे-समझे अनुकरण करते चलना।

7.1.वन में विचरण करने और रहने वाला 2.जंगली पशु।

8.पुराने विचारों वाला, रूढ़िवादी।

**ऊपर से नीचे**


1.शराब, दारू, मद्य।

2.1.भूतकाल या बीते हुए समय से संबंधित 2.ऐतिहासिक, अतीत का 3.गत, गुज़रा हुआ 4.पौराणिक 5.पिछला 6.प्राचीन, विगत।

3.सर्पराज, शेषनाग।

4.कुरान शरीफ़, कलामे मजीद।

6.एक तरह का नमक, काला नमक।



### वर्ग पहेली -51 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झु | टुं | ग | | 2 ख | रों | 3 ट |
| र | | | 4 अं | | | क |
| मु | | | ध | | | टो |
| ट | | 5 दु | का | न | दा | र |
| | 6 लाँ | ग | र | | | ना |
| | | ना | | | | |
| 7 ले | ला | | 8 भा | र | शि | व |

## सुडोकू-131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | 2 |
| 9 | | 1 | | | | 8 | | |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | | 5 | | | 6 | | 3 | |
| | 7 | | | | 8 | | 2 | |
| | 1 | | 6 | | | 6 | | |
| 1 | | | | | | 9 | | |
| 8 | | | | | | 2 | | 6 |
| 4 | | | | | 2 | | 7 | |

### सुडोकू -130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 1 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 08.17 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** – आज नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। यात्रा के दौरान थकान महसूस होगी। अपने काम को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। व्यापार में आपको नुकसान हो सकता है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। परिवार के लोग आपसे अपेक्षा रखेंगे। इस कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**वृष** – आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। आपकी कला की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार में बड़ी डील हो सकती है। नया वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंध का आनंद उठायेंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर लेंगे।

**मिथुन** – आज आप दूसरों की समस्याओं को सुलझाने में काफी प्रभावी हो सकते हैं। मन में कुछ नया करने का विचार बनेगा। आपके बातचीत करने के तरीके से लोग प्रभावित रहेंगे। कठिन कार्य के पूरा होने से आप उत्साहित रहेंगे। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

**कर्क** – आज संतान को शिक्षा और करियर में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। पढ़ाई में आ रहे अवरोध दूर होंगे। बच्चों की जरूरतों का सामान खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। आमतौर पर आपकी सेहत काफी अच्छी रहेगी। धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे।

**सिंह** – आज पुरानी समस्या आपको सुलझती हुई नजर आयेंगी। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। व्यवसाय में आय वृद्धि होगी। जीवनसाथी का उत्तम सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – आज व्यापार में साझेदारी करने के लिए दिन शुभ है। आपके काम में स्थिरता आयेगी। व्यापार में लाभ होने से मन बेहद प्रसन्न रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बेहद सक्रिय रहेंगे। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। दिन आपके लिए नई संभावनाओं को जन्म देगा।

**तुला** – आज आपको कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ेगा। धन का ज्यादा लालच न करें। बैंकिंग से जुड़े कार्यों में व्यवधान आ सकता है। आय से अधिक खर्च होने से आपको नुकसान होगा। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। दुष्टजन आपको हानि पहुंचा सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं का भरपूर आनंद लेंगे। जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण अवश्य करें। नई परियोजनाओं में आप धन निवेश कर सकते हैं। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी।


**धनु** – आज परिवार के किसी सदस्य का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। अपनी भावनाओं को संयमित रखें। आज कर्ज बिल्कुल भी न लें। आपकी बातें लोगों को बुरी लग सकती है। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र के महत्वपूर्ण अवसर मिलेंगे। आपकी जीवनशैली में सुधार आयेगा। परिवार में सुख-शान्ति बनी रहेगी। पुराने स्वास्थ्य विकार दूर होंगे। उच्च अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। यात्रा से बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

**कुंभ** – आज आपके कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यापार को लेकर नए विचार मस्तिष्क में आयेंगे। प्रेम संबंधों को आप काफी महत्व देंगे। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं।

**मीन** – आज विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से कुछ उचट सकता है। एसिडिटी और गैस के कारण समस्या होगी। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पिता की सलाह से आपको लाभ मिलेगा। अपने काम के प्रति उदासीन न रहें। फोन पर रिश्तेदारों के साथ बात हो सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 28 अप्रैल 04.28 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुर्म – सुबह : 08.39
सिंबा – शाम : 06.11

&pictures
तारा रम पम – सुबह : 09.36
बेल बॉटम – रात : 09.08

SONY PIX
स्पाइडर-मैन 2 – सुबह : 09.55
रैमपेज – शाम : 05.00

ZEE CINEMA
ये साली आशिकी – सुबह : 08.40
ऊंचाई – रात : 09.30

colors CINEPLEX
रंगून – सुबह : 09.23
ओएमजी 2 – रात : 09.31

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात :09.08 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो आदमी शराब के नशे में धुत होकर रेल की पटरियों के बीचों-बीच जा रहे थे।
पहला – हे भगवान, मैंने इतनी सीढ़ियां पहले कभी नहीं चढ़ीं
दूसरा – अरे सीढ़ियां तो ठीक हैं, मैं तो इस बात को लेकर हैरान हूं कि हाथ से पकड़ने के लिए रेलिंग कितने नीचे लगी हुई हैं।

टीचर- मैं जो पूछूं उसका जवाब फटाफट देना।
छात्र- जी सर
टीचर- भारत की राजधानी बताओ?
छात्र- फटाफट
टीचर अभी तक संजू को पीट रहा है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 27 अप्रैल 2024





## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1820, राज श्री 1300, फ़ॉर्चून कि. 1800, रविन्द्रा 1775, फॉर्चुन ली0 1650, जय जवान 1420, सचिन 1565, सूरज 1445, अवसर 1670, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1565, क्लासिक (kg) 1685, मोर 1565, चक्र टिन 1635, ब्लू 1685, आशीर्वाद मस्टर्ड 1700, स्वास्तिक 1790 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल - ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7275-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10400, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14400, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16700 । चीनी- डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090 (नयी), बहेड़ी 4100 (नयी) ।

# पांच दिन की तेजी के बाद सेंसेक्स धड़ाम

## बिकवाली और विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 609.28 और निफ्टी 150.40 अंक गिरा

**मुंबई, एजेंसी**



शेयर बाजारों में पांच सत्रों से जारी तेजी के बाद शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 609 अंक टूट गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। रुपये में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया। कारोबार के दौरान यह 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। एनएसई का निफ्टी भी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। बीते पांच दिनों में सूचकांकों में 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 641.83 अंक की बढ़ोतरी हुई जबकि निफ्टी में कुल 272.95 अंक वृद्धि हुई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि पांच दिनों की तेजी से बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी थी। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल बढ़ने से बदलाव दिखा। सेंसेक्स में शामिल बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत गिरावट रही। इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई जबकि स्मालकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत चढ़ गया।

### अमेरिकी आर्थिक आकड़ों ने बाजार को किया प्रभावित

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट दर्ज की गई थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 89.29 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 2,823.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक और एनएसई निफ्टी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पहुंचा था।

# अदालत का विमान पंजीकरण रद करने के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को 54 विमानों का पंजीकरण रद करने के पट्टेदारों के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में यह आवेदन किया है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रक्रिया पांच कामकाजी दिन या उससे कम समय में पूरी की जाएगी। न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने एयरलाइन और उसके निदेशकों के प्रबंधन के लिए दिवाला कानून के तहत नियुक्त समाधान पेशेवर (आरपी) को विमानों या कलपुर्जों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और किसी भी अन्य सामग्री को ले जाने या कहीं रखने से भी रोक दिया। अदालत ने कहा कि डीजीसीए तुरंत तथा पांच कामकाजी दिन के भीतर 54 विमानों के पंजीकरण रद करने संबंधी आवेदनों पर कार्रवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि डीजीसीए, एएआई (भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण) और उसके अधिकृत प्रतिनिधि याचिकाकर्ता पट्टेदारों की सहायता करेंगे और उन्हें हवाई अड्डों तक पहुंच प्रदान करेंगे।

अदालत ने कहा कि पट्टेदारों को लागू नियमों और कानूनों के तहत विमान निर्यात करने की अनुमति है। गौरतलब है कि गो फर्स्ट ने तीन मई 2023 से अपनी विमान सेवाएं रोक दी थीं।





● विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में किया है आवेदन

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55450-55650 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,550 |
| सोना रवा | 73,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,300 |
| चांदी (999) | 83,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 82,550 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 814 (अनुमानित) |

# 2024-25 में जीडीपी 6.6% होने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे।

डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2% की सीमा में रहने का अनुमान था। डेलॉयट ने कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि 2024-25 में 6.6% और उसके अगले वर्ष 6.75% पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि अर्थव्यवस्था में 2025 में समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर होगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं।

### चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.1% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** आर्थिक शोध संस्थान राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7.1% रहने का अनुमान जताया है। संस्थान ने एक्स पर लिखा कि केंद्र करों में उछाल और राजस्व व्यय में कमी से राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर है। 2023-24 में केंद्र से महत्वपूर्ण पूंजीगत व्यय हस्तांतरण से राज्यों में पूंजीगत व्यय वृद्धि मजबूत है। एशियाई विकास बैंक और फिच रेटिंग्स ने 7% तो अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

# लघु बैंकों से नियमित बनने के लिए मांगे आवेदन

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमित बैंक बनने के लिए शुक्रवार को 1,000 करोड़ के न्यूनतम शुद्ध संपत्ति होने समेत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने वाले छोटे बैंकों से आवेदन आमंत्रित किए। रिजर्व बैंक ने नवंबर, 2014 में निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस देने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए थे।

इस समय एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित एक दर्जन एसएफबी हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नियमित बैंक बनने का लक्ष्य रखने वाले एसएफबी की पिछली तिमाही के अंत में न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ होनी चाहिए।

बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त बाजार में सूचीबद्ध होने चाहिए। बीते दो वित्त वर्षों में इस एसएफबी का शुद्ध लाभ भी होना चाहिए और दो वित्त वर्षों में उसका जीएनपीए (सकल एनपीए) और एनएनपीए (शुद्ध एनपीए) क्रमशः तीन और एक प्रतिशत से कम या उसके बराबर होना चाहिए। आरबीआई ने शेयरधारिता के संदर्भ में कहा कि पात्र एसएफबी के लिए चिह्नित प्रवर्तक होने की कोई अनिवार्यता नहीं है। पात्र एसएफबी के मौजूदा प्रवर्तक, यदि कोई हैं, नियमित बैंक में तब्दील होने पर प्रवर्तक के रूप में बने रहेंगे।

### आरबीआई ने ऋण सेवा प्रदाताओं के लिए जारी किया मसौदा

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकों के एजेंट के रूप में काम करने वाले ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) को अपने पास उपलब्ध सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी उधारकर्ताओं को देने का प्रस्ताव शुक्रवार को रखा। आरबीआई ने कहा कि सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी सामने होने पर संभावित कर्जदार के लिए फैसला करना आसान होगा। कई एलएसपी ऋण उत्पादों के एग्रीगेटर के तौर पर भी काम करते हैं। उनके पास कई ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी होती है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### आतिशबाजी से लगी आग में छह की मौत

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में शुक्रवार की रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार घटना पर शोक व्यक्त किया है। कुमार ने घटना को दुखद बताते हुए घायलों को समुचित इलाज का निर्देश दिया है। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गई। दरभंगा डीएम राजीव रोशन ने बताया कि बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। एसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात 11.15 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### हाईकोर्ट ने विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की मांग वाली याचिका रद की

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कारागारों में भीड़ के मद्देनजर विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की गुहार के साथ दाखिल की गई जनहित याचिका खारिज कर दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता गौतम कुमार लाहा द्वारा याचिका में उठाये गये मुद्दे पर पहले ही उच्चतम न्यायालय विचार कर रहा है और ऐसे में अर्जी को स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने 24 अप्रैल को पारित आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि चूंकि वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर डब्ल्यूपी (सी) 406/2013 में उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और उसपर विचार किया जा रहा है।

### अदालत ने मुआवजा देने के आदेश का पालन न करने पर एसडीएम की कुर्सी कुर्क की

**विदिशा (मप्र)।** विदिशा जिले की अदालत ने उप-विभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) की कुर्सी और अन्य आधिकारिक चल संपत्तियों को कुर्क किया है। एसडीएम ने पिछले साल के अदालत के आदेश का पालन नहीं किया था, जिसमें पांच लोगों को मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। इन पांचों की जमीन 2011 में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी। दिसंबर 2023 में एक किसान सहित इन पांच लोगों ने सिरोंज में जिला अदालत का रुख किया था। पांचों ने दावा किया कि उन्हें पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया गया है। शुक्रवार को एक वकील और याचिकाकर्ता कपिल त्यागी ने कहा कि जिला न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम ने मार्च 2024 में सरकारी अधिकारियों को आदेश को लागू करने का आखिरी मौका दिया। आदेश का पालन न होने पर न्यायाधीश ने 23 अप्रैल को निर्देश दिया कि सिरोंज के एसडीएम हर्षल चौधरी के कार्यालय में कुर्सी, अन्य फर्नीचर और कंप्यूटर सहित चल संपत्ति को कुर्क किया जाए।

### गुरुग्राम में सौतेले पिता ने सात महीने की बच्ची को पटक कर मार डाला

**गुरुग्राम।** नाथूपुर गांव के पास झुग्गी में सात महीने की बच्ची की उसके सौतेले पिता ने फर्श पर पटक कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि डीएलएफ फेज -3 पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी विजय साहनी है जो बिहार के सीतामढ़ी जिले का निवासी है। उसने बताया कि घटना गुरुवार रात नाथूपुर पहाड़ी इलाके के पास झुग्गी बस्ती में हुई, जहां आरोपी की पत्नी उसके भाई और सात महीने की बच्ची के साथ रह रही थी। आरोपी ने पत्नी से झगड़ा दिया और सात महीने की सौतेली बेटी को फर्श पर पटक दिया। बच्ची को अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बड़ी संख्या में युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया: मोदी

## 26 हजार नौकरियां रद होने के मामले में टीएमसी की कट और कमीशन नीति से हुआ नुकसान

**मालदा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद प. बंगाल में 26,000 नौकरियां रद होने के मामले में शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य के युवाओं को पार्टी की कट और कमीशन नीति से नुकसान उठाना पड़ा है और यह (तृणमूल) अब घोटालों का पर्याय बन गई है।

मोदी ने मालदा में चुनावी रैली में युवाओं की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्होंने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए ऋण तक लिया था। उन्होंने कहा कि तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे घोटालों में तृणमूल की संलिप्तता ने न केवल युवाओं के भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि हजारों परिवारों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। मोदी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन ली। जिन युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया था, अब उन पर इसका बोझ पड़ रहा है। केंद्र युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है। हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया से हुई शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मियों की 25,753 नियुक्तियों को रद करने का सोमवार को आदेश दिया था तथा चयन प्रक्रिया को अमान्य एवं अवैध करार दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल शासन में केवल एक ही चीज मौजूद है- हजारों करोड़ के घोटाले।



मुंगेर में आयोजित चुनावी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

● प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा भुगतने के लिए जनता विवशा

### मतपत्रों से चुनाव की मांग करने वालों को सुप्रीम कोर्ट का तमाचा

**अररिया-मुंगेर।** प्रधानमंत्री ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा रद किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया और मुंगेर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस और गठबंधन को न संविधान और न लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना, बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में बूथ और मतपत्र लूटे जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से निकलने नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा कि देश के मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उनको बर्दाश्त नहीं हुआ। आज दो घंटे पहले ही कोर्ट ने मत पेटियों को लूटने वालों और इसका इरादा रखने वालों को कैसा झटका दिया है। उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए हैं।

# मोदी घबरा गए हैं, उनकी आंखों से जल्द निकलेंगे आंसू : राहुल

**विजयपुरा, ,एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी में मौजूदा चुनावों में भाजपा की संभावनाओं को लेकर घबराहट के लक्षण नजर आ रहे हैं। गांधी ने मोदी पर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आप मोदी का भाषण सुनें। वह घबराये हुए हैं। कुछ ही दिनों में उनकी आंखों से आंसू निकलने की संभावना है।

कांग्रेस नेता ने जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार ने जहां कुछ लोगों को अरबपति बनाया, वहीं कांग्रेस करोड़ों लोगों को लखपति बनायेगी। गांधी ने गरीबी, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इन मामलों पर चुप हैं और केवल चीन और पाकिस्तान जैसे मुद्दों तथा दर्शकों से तालियां बजाने या मोबाइल फोन की रोशनी दिखाने का अनुरोध करने जैसे प्रतीकात्मक संकेतों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### भाजपा नौकरी खाने वाली पार्टी : ममता



**पिंगला।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह नौकरी खाने वाली पार्टी है और 26,000 शिक्षकों की आजीविका छीनने की साजिश के लिए राज्य के लोग उसके नेताओं को माफ नहीं करेंगे। ममता घाटल में पार्टी उम्मीदवार देव के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने भाजपा के साथ माकपा और कांग्रेस पर भी हमला बोला तथा दोनों दलों को राज्य में भाजपा की आंख और कान बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने आदमखोर बाघों के बारे में सुना होगा, लेकिन क्या आपने नौकरी खाने वाली भाजपा के बारे में सुना है?

# महापौर चुनाव स्थगित होने पर आप भाजपा का एमसीडी सदन में हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सदन की बैठक में हंगामे के बाद आप और भाजपा ने शुक्रवार को महापौर चुनाव स्थगित होने पर एक-दूसरे पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया। पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उप महापौर का चुनाव गुरुवार रात स्थगित हुआ है। महापौर चुनाव का तीसरा कार्यकाल दलित उम्मीदवार के लिए आरक्षित है।

शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। भाजपा पार्षद महापौर की सीट के पास एकत्र हो गए और महापौर शैली ओबेरॉय की उपस्थिति की मांग करने लगे। ओबेरॉय सदन में देर से पहुंचीं। आप पार्षदों ने पहले निगम मुख्यालय में आंबेडकर की प्रतिमा के पास और सदन में नारे लगाते हुए भाजपा को 'दलित विरोधी' कहा। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने एक घंटे तक नारेबाजी की। सदन पहुंची महापौर ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर संविधान की हत्या करने और मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को एक बहाने के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। महापौर ने सदन की बैठक स्थगित कर दी। ओबेरॉय ने भाजपा पर चुनाव रोकने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया। सत्र स्थगित होने के बाद भाजपा के प्रचार गीत पर पार्षद सदन में डांस करते नजर आए। वीडियो को महापौर, सौरभ भारद्वाज और आतिशी सहित आप के कई नेताओं ने साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि दलित उम्मीदवार को महापौर नहीं चुने जाने पर भाजपा जश्न मना रही है। विपक्ष के नेता राजा इकबाल ने आप को दलित विरोधी करार देते हुए चुनाव कराने के लिए समय पर आवश्यक मंजूरी नहीं लेने को पार्टी की प्रक्रियात्मक गलती बताया।





● कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ लगाए नारे

● सत्र स्थगित होने के बाद सदन में भाजपा पार्षदों के डांस का वीडियो हुआ वायरल

# संदेशखालि में सीबीआई को मिले हथियार, गोला-बारूद

**नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी**

● तृणमूल नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों के ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ी है कार्रवाई

● 3 विदेशी रिवॉल्वर व अन्य हथियारों के साथ शाहजहां से जुड़े अभियोजनयोग्य दस्तावेज भी मिले

सीबीआई ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी के दौरान पुलिस रिवॉल्वर और विदेश निर्मित हथियार और गोला बारूद बरामद किया। हथियारों की बरामदगी के बाद टीएमसी और भाजपा ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाये।

अधिकारियों ने बताया कि टीएमसी नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा ईडी की टीम पर हमला करने की घटना के सिलसिले में यह छापेमारी की गई। सीबीआई, बम निरोधक दस्ते, एनएसजी, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और पश्चिम बंगाल पुलिस ने उत्तर 24 परगना जिले में सुंदरबन के किनारे गांव में छापेमारी की। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि सूचना मिली कि ईडी की टीम से खोया हुआ सामान और अन्य चीजें संदेशखालि में शेख के करीबी के घर में हों। सीबीआई ने सीआरपीएफ के साथ संदेशखालि में दो ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में छोटे हथियार और गोला-बारूद मिलें, जिसमें विदेशी रिवॉल्वर भी हैं। सीबीआई ने विदेश की तीन रिवॉल्वर व एक पिस्तौल, भारत निर्मित एक रिवॉल्वर, एक पुलिस रिवॉल्वर, एक देसी तमंचा, 0.45 के 50 कारतूस, नौ मिमी के 120 कारतूस, 0.38 के 50 कारतूस और 0.32 के आठ कारतूस बरामद हुए। साथ ही शाहजहां से जुड़े कई अभियोजनयोग्य दस्तावेज और कुछ वस्तुएं भी बरामद हुईं, जिनके देशी बम होने का संदेह है। सूत्रों ने बताया कि घर का मालिक शाहजहां शेख का रिश्तेदार है, जिसकी पहचान अबू तालीब मुल्ला के रूप में हुई है।

# रवि किशन की बेटी होने का दावा कर रही महिला की डीएनए परीक्षण अर्जी खारिज

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई की अदालत ने गोरखपुर के भाजपा सांसद रवि किशन पर डीएनए परीक्षण कराने के अनुरोध को लेकर 25 वर्षीया महिला की अंतरिम अर्जी शुक्रवार को खारिज कर दी।

याचिकाकर्ता ने अपना यह दावा साबित कराने के लिए डीएनए परीक्षण के आदेश देने का अनुरोध किया था कि अभिनेता से नेता बने रवि किशन उसके जैविक पिता हैं। शिनोवा नामक महिला ने यहां दीवानी अदालत में वाद दायर किया था और यह घोषित करने की अपील की थी कि वह रवि किशन की बेटी है तथा अपर्णा सोनी के साथ सांसद के संबंधों से उसका जन्म हुआ था। अंतरिम उपाय के तौर पर दायर किए वाद में शिनोवा के इस दावे को साबित करने के लिए डीएनए परीक्षण का भी अनुरोध किया गया था कि रवि किशन ही उसके पिता हैं। यह वाद वकील अशोक सरोगी और जय यादव के मार्फत दायर किया गया है। अदालत ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया।

# जम्मू के सोपोर में मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो सैनिक घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उप जिला सोपोर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शुक्रवार को दो आतंकवादी मारे गये। इस दौरान दो सैनिक भी घायल हो गये। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विधि कुमार बिरदी ने कहा कि पूरी रात जारी मुठभेड़ में आज सुबह दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि संयुक्त अभियान के दौरान टीम पर आतंकवादियों ने छिपकर अंधाधुंध फायरिंग की और टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। यह मुठभेड़ पूरी रात जारी रही जिसका अंत आज सुबह दो आतंकवादियों के ढ़ेर होने के बाद हुआ।

## आज का मुकाबला

| | |
|---|---|
| दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस | राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स |
| दोपहर 3:30 बजे | शाम 7:30 बजे |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 09 | 342 |

# जॉनी-शशांक ने बौना कर दिया 262 का लक्ष्य

## पंजाब ने रचा इतिहास कोलकाता को आठ विकेट से हराया, बेयरस्टो ने बनाए नाबाद 108 रन





कोलकाता, एजेंसी

जॉनी बेयरस्टो नाबाद (108), शशांक सिंह नाबाद (68) और प्रभसिमरन सिंह (54) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को आईपीएल के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया है। पंजाब की यह नौ मैचों में तीसरी जीत है। पंजाब किंग्स की टीम ने टी-20 इतिहास में अभी तक से बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए यह जीत हासिल की है। पंजाब की टीम ने 24 छक्के लगाए। वहीं कोलकाता की ओर 18 छक्के लगे।

ईडन गार्डंस में 262 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की जॉनी बेयरस्टो और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए छह ओवर में 93 रन जोड़े। प्रभसिमरन ने 20 गेंदों में 54 रन बनाए। उन्हें नारायण ने रनआउट किया। राइली रुसो 16 गेंदों में 26 रन बनाए। जॉनी बेयरस्टो 48 गेंदों में आठ चौके, नौ छक्के लगाते हुए नाबाद 108 रनों की पारी खेली। वहीं शशांक सिंह ने भी आतिशी अंदाज में 28 गेंदों में दो चौके और आठ छक्के जड़ते हुए नाबाद 68 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। कोलकाता की ओर से एक मात्र विकेट नारायण को मिला। यह आईपीएल के एक मैच में पहली बार हुआ है जब चारों सलामी बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया है। कुल मिलाकर यह पुरुषों के टी-20 मुकाबले 11वीं बार ऐसा हुआ है।

ईडन गार्डंस में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरे कोलकाता के फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने चौके और छक्को की बारिश करते हुए पहले विकेट के लिए 138रनों की साझेदारी की। सॉल्ट (75) और नारायण (71) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स 262 रनों का लक्ष्य दिया।




### कोलकाता 261/ 6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल साल्ट बो करन | 75 | 37 | 6/6 |
| सुनील नारायण का बेयरस्टो बो चाहर | 71 | 32 | 9/4 |
| वेंकटेश अय्यर रन आउट | 39 | 23 | 3/2 |
| आंद्रे रसेल का पटेल बो अर्शदीप | 24 | 12 | 2/2 |
| श्रेयस अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप | 28 | 10 | 1/3 |
| रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल | 5 | 4 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 6 | 3 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** सैम करन 4-0-60-1, अर्शदीप सिंह 4-0-45-2, हर्षल पटेल 3-0-48-1, कागिसो रबाडा 3-0-52-0, राहुल चाहर 4-0-33-1, हरप्रीत बरार 2-0-21-0

### पंजाब 262/2 — 18 .4 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभुसिमरन सिंह रन आउट नारायण | 54 | 20 | 4/5 |
| जॉनी बेयरस्टो नाबाद | 108 | 48 | 8/9 |
| रिले रोसौव कैच श्रेयस बो नारायण | 26 | 16 | 1/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 68 | 28 | 2/8 |

**गेंदबाजी :** चमीरा 3-0-48-0, हर्षित 4-0-61-0, अनुकूल 2-0-36-0, नारायण 4-0-24-1, वरूण 3-0-46-0, रसेल 2-0-36-0, रमनदीप 0 .4-0-9-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.386 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

## खेल डायरी

### सेंथिल, आकांक्षा पीएसए टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरूगे को सीधे गेम में हराकर 12,000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11-4, 11-6, 11-7 से जीता। उन्हें पहले दौर में बाय मिला था। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। वहीं राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। उन्होंने ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। अब वह यूक्रेन की एलिना बुश्मा से खेलेगी।



### सिफत कौर ओलंपिक चयन ट्रायल में जीती

**नई दिल्ली।** सिफत कौर सामरा ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफत ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465 .1 का स्कोर बनाया।

### नौकायन में नेत्रा को दूसरा ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को फ्रांस के हेरेस में 'लास्ट चांस रेगाटा' ओलंपिक क्वालीफायर में भारत के लिए दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा ले चुकी नेत्रा ने महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में हिस्सा लेते हुए 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' बैनर के अंतर्गत यह कोटा हासिल किया। नेत्रा 67 नेट अंक हासिल कर ओवरऑल लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रहीं। हालांकि उन्होंने 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' के अंतर्गत नौकाचालकों में शीर्ष पर रहकर कोटा हासिल किया।



### ब्राजील की मार्टा ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की



**ब्राजिलिया।** ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है। एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है। मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं। टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला) 17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने वर्ष 2004 और 2008 में रजत पदक जीता था।

### शुभंकर शर्मा जापान में कट में प्रवेश से चूके

**गोटेम्बा (जापान)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आईएसपीएस हांडा चैंपियनशिप के दूसरे दिन दो अंडर 70 का स्कोर किया लेकिन कट में प्रवेश से चूक गए। शर्मा ने पांच ओवर 75 के साथ शुरूआत की थी। दो दौर के बाद वह तीन ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 138वें स्थान पर हैं। जापान के ताइहेइ सातो, जर्मनी के यानिक पॉल, स्वीडन के सेबेस्टियन सोडेरबर्ग और इंग्लैंड के सैम बेयरस्टो शीर्ष पर हैं।

### लॉस एंजिलिस में अदिति की खराब शुरुआत

**लॉस एंजिलिस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर की जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में निराशाजनक शुरूआत की और पहले दौर में दो ओवर 73 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 82वें स्थान पर हैं। अब कट में प्रवेश के लिए दूसरे दौर में उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। ग्रेस किम ने सात अंडर 64 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

## अगर तदर्थ समिति वापस आई तो फिर लगेगा प्रतिबंध : यूडब्ल्यूडब्ल्यू

नई दिल्ली, एजेंसी

कुश्ती की विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने शुक्रवार को भारत पर फिर से प्रतिबंध लगाने और उसके पहलवानों को अगले महीने होने वाले अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर करने की धमकी दी, अगर खेल को चलाने के लिए तदर्थ समिति को फिर से लाया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जिसमें कहा गया कि उन परिस्थितियों को बताया जाए जिसके कारण राष्ट्रीय कुश्ती संस्था को चलाने के लिए तदर्थ समिति को भंग करना पड़ा।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) को लिखे एक पत्र में अपना रुख दोहराया कि वे किसी भी देश के राष्ट्रीय संघ के संचालन में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने डब्ल्यूएफआई को अपने ईमेल में लिखा, डब्ल्यूएफआई को खेल मंत्रालय द्वारा इसके मामलों की निगरानी के लिए एक तदर्थ समिति लाने की धमकी दी गई है।

उन्होंने डब्ल्यूएफआई को इस कदम के गंभीर प्रभावों की याद दिलाई जिसमें आगामी ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों को खतरे में डालना शामिल है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू कानून और ओलंपिक चार्टर के अनुसार राष्ट्रीय महासंघों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता के सिद्धांत को बनाए रखने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू के दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहेंगे।

## मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल

**मैड्रिड।** रफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की। 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6-2, 7-5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे।



### गत चैंपियन सबालेंका मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

गत चैंपियन और दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस के पहले दौर में माग्डा लिनेटे को शिकस्त दी। एलीना रिबाकिना ने लुसिया ब्रोंजेटी को मात दी जबकि अमेरिका की एशलिन क्रुजर ने इकैटरीना एलेक्सांद्रोवा को पराजित किया। इगा स्वियातेक ने वांग शियू को 6-1, 6-4 से हराया। नाओमी ओसाका ने लियुडमिला सैमसोनोवा को हराया।

## दीपिका सेमीफाइनल में पहुंची तीरंदाजों के चार पदक पक्के

शंघाई, एजेंसी

**विश्व कप**



मां बनने के बाद शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दीपिका कुमारी ने जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दीपिका ने जियोन को 6.4 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा।

इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं।

## चौथे टी-20 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

**लाहौर।** न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार गई।

पाकिस्तान की शरुआत खराब रही और 46 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 45 गेंदों में सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुए। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओ'' रूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बेन सियर्स ने दो विकेट झटके।

## थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर भारतीय पुरूष टीम की नजर

चेंगडू (चीन), एजेंसी

भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है।

अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा यह वर्ष कठिन होगा।



## बॉलीवुड हलचल

### करण की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे आयुष्मान

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना, निर्माता करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म के लिए फिल्मकार करण जौहर से हाथ मिलाया है। यह एक जासूसी कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे। चर्चा है कि करण जौहर इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इस स्पाई कॉमेडी फिल्म के लिए अभिनेत्री को भी फाइनल कर लिया है। इस फिल्म में सारा अली खान नजर आ सकती हैं। इसी साल जून से फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि, करण जौहर और गुनीत इस सबजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से तैयार किया गया है।



### दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म टिप्सी का निर्माण निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है, जो एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।



**तैयारी जीत की** — आत्मविश्वास से ओतप्रोत है दिल्ली, राजस्थान को भारी पड़ सकती है लखनऊ की बल्लेबाजी

## दिल्ली के सामने खराब फार्म से जूझ रही मुंबई

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा।

दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं। वहीं, मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं।





### लखनऊ के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे रॉयल्स

**लखनऊ।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# द. भारत में जल संकट, 17% घटा जलाशयों का स्तर

नई दिल्ली, एजेंसी

गर्मियां शुरू होने के साथ ही दक्षिण भारत जल संकट का सामना कर रहा है। भीषण गर्मी में जल भंडारण जलाशयों की क्षमता केवल 17 प्रतिशत रह गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने गुरुवार को चिंताजन रिपोर्ट जारी की है, जिसमें जलाशयों के भंडारण स्तर की कमी को दर्शाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य रूस से दक्षिणी क्षेत्र में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्य में चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। दक्षिणी क्षेत्र में 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है। दक्षिणी क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण का कम स्तर इन राज्यों में पानी की बढ़ती कमी और सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत है।

**42** *जलाशय हैं दक्षिणी क्षेत्र में, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है*



### 75 फीसदी भारतीयों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी



एडवांस वाटर इफिशिएंसी इन इंडियन एग्रीकल्चर रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी है, लेकिन हमारे पास दुनिया के पानी के सिर्फ 4% संसाधन ही हैं। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले फ्लैंकेनमार्क इंडेक्स के मुताबिक प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाकों को जल संकट से ग्रस्त माना गया है। इस इंडेक्स के हिसाब से 76% भारतीयों के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। देश में जल संकट के पीछे कृषि सेक्टर बड़ी वजह है। कृषि प्रधान देश होने के कारण देश के कुल जल का 80 से 90% हिस्सा खेती में इस्तेमाल होता है।

### 23 जलाशयों की कुल क्षमता 39 फीसदी

आयोग ने कहा कि इस क्षेत्र में, 20.430 बीसीएम की कुल भंडारण क्षमता वाले 23 निगरानी जलाशयों में अभी 7.889 बीसीएम पानी है, जो उनकी कुल क्षमता का 39 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि (34 प्रतिशत) और दस साल के औसत (34 प्रतिशत) की तुलना में सुधार का संकेत है।

### कुशल सिंचाई के द्वारा जल बचाने की जरूरत

भारत के कुल फसल उत्पादन का 90% हिस्सा 3 प्रमुख फसलों- धान, गन्ना और गेहूं का है। देश के अधिकांश किसान सतही सिंचाई का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें जल उपयोग की दक्षता 35% ही होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर सिंचाई जल का दक्षता से उपयोग किया जाए, तो 20% पानी को बचा सकते हैं।

## भाजपा उम्मीदवार पर रिश्वतखोरी का मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा उम्मीदवार डॉ. के सुधाकर के खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया गया है। चिक्काबल्लापुरा की फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) द्वारा यह कार्रवाई की गई।

निर्वाचन अधिकारी के बयान के अनुसार, भाजपा उम्मीदवार सुधारकर के खिलाफ रिश्वतखोरी और मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डालने के साथ-साथ चिक्काबल्लापुरा में 4.8 करोड़ रुपये नकद जब्त की गई है। एक्स पर बताते हुए, कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि एफएसटी ने 4.8 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की। चिक्काबल्लापुरा निर्वाचन क्षेत्र की राज्य निगरानी टीम द्वारा 25 अप्रैल को सुधाकर के खिलाफ एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

# चुनावी फायदे के लिए पाकिस्तान को न घसीटें भारतीय राजनेता

इस्लामाबाद, एजेंसी

- जम्मू-कश्मीर के दावों को खारिज करते हुए विदेश कार्यालय की प्रवक्ता ने की टिप्पणी

पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय नेताओं से आग्रह किया कि वे चुनाव के दौरान राजनीतिक फायदे के लिए अपने भाषणों में उसे न घसीटें। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि उनका देश जम्मू-कश्मीर को लेकर भारतीय नेताओं के सभी दावों को खारिज करता है।

उन्होंने कहा, भारतीय नेता चुनावी कारणों से भारत के लोकलुभावन सार्वजनिक विमर्श में पाकिस्तान को घसीटने की अपनी प्रवृत्ति बंद करें। बलोच ने कहा, हम जम्मू-कश्मीर पर अनुचित दावे करने वाले भारतीय नेताओं के भड़काऊ बयानों में चिंताजनक रूप से वृद्धि देख रहे हैं। पाकिस्तान इन दावों को खारिज करता है। अति-राष्ट्रवाद से प्रेरित, यह भड़काऊ बयानबाजी क्षेत्रीय शांति और संवेदनशीलता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है।

उन्होंने दावा किया कि भारतीय दावे ऐतिहासिक और कानूनी तथ्यों के विपरीत हैं। बलोच ने कहा, ऐतिहासिक और कानूनी तथ्यों के साथ-साथ जमीनी हकीकत भी जम्मू-कश्मीर पर भारत के निराधार दावों को खारिज करती है। भारत भी कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान के बयानों को खारिज करता रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बार-बार कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं तथा हमेशा रहेंगे।

## सिर न ढकने वाली महिलाओं पर कार्रवाई कर रहा ईरानः यूएन

**जिनेवा।** ईरान में सिर ढकने के नियमों का पालन न करने पर कई महिलाओं और लड़कियों को हिरासत में लिया गया है। संयुक्त राष्ट्र अधिकार अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने ईरान के उस मसौदा कानून की आलोचना व्यक्त की, जिसके तहत सिर ढकने के नियमों का पालन न करने पर 10 साल की जेल की सजा के साथ कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। तुर्क ने तेहरान से लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा को दूर करने का आह्वान किया। तुर्क ने रैपर तुमाज सालेही को मौत की सजा दिए जाने की भी आलोचना की जो 2022 के प्रदर्शनों के दौरान प्रमुख चेहरा थे। अमिनी को मोरेलिटी पुलिस ने अपना सिर ठीक से नहीं ढकने के कारण हिरासत में लिया था।

# डिजिटल से मजबूत हुई विकास की बुनियाद

## यूएन में समावेशी बदलाव का यूएनजीए अध्यक्ष ने दिया भारत का उदाहरण, भारत के विकास में आई तेजी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ की है। भारत की तरक्की का उदाहरण देते हुए डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत का विकास इस बात का उदाहरण है कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर सामाजिक परिवर्तन और प्रगति का वाहक है और अगर समावेशी तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो ये सभी को समान अवसर मुहैया करा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने महासभा के 78वें सत्र के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'इस साल जनवरी में उन्होंने भारत की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने देखा कि भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचा का व्यापक विस्तार हुआ है और इससे लाखों लोग, जो पहले आर्थिक व्यवस्था से बाहर थे, उन्हें डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से वित्तीय स्वतंत्रता और समृद्धि हासिल हुई है।' उन्होंने कहा 'जिस तरह से आर्थिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे की जरूरत है, उसी तरह से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा सामाजिक परिवर्तन और प्रगति के वाहक के रूप में उभरा है। इसे समावेशी तरीके से लागू करके सभी को समान अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। फ्रांसिस ने कहा कि केवल सात वर्षों में भारत ने अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से अपने नागरिकों के लिए 80 प्रतिशत से अधिक वित्तीय समावेशन हासिल किया है, जो कि दुनिया भर में सभी डिजिटल लेनदेन का 60 प्रतिशत से भी ज्यादा है। डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था ने कई समस्याओं को खत्म कर दिया है। नागरिक स्टैक जैसे मॉडल दक्षिण एशिया के सभी देशों में लागू होने चाहिए। इससे लोगों को सशक्त बनाने में, विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी सम्मेलन में मौजूद यूएन की स्थायी सदस्य रूचिरा कंबोज और अमिताभ कांत।

### सम्मिलित प्रयासों से समावेशी दुनिया बना सकते हैं: अमिताभ

हमारा मानना है कि हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से एक समावेशी और समृद्ध दुनिया बना सकते हैं। सम्मेलन को भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद दुनिया ने कर्ज, जलवायु परिवर्तन, ईंधन और फर्टिलाइजर की चुनौतियां देखी हैं। यूरोप और मध्य पूर्व में संघर्ष हो रहे हैं, लेकिन इन चुनौतियों के बीच एक उम्मीद की किरण है कि डिजिटल तकनीक से हम साथ-साथ विकास कर सकते हैं। कांत ने कहा कि डीपीआई की मदद से कमजोर वर्गों, महिलाओं और छोटे और मध्यम उद्योगों को मदद मिलती है और बिना इसके सतत समावेशी विकास संभव नहीं है।

### भारत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल में वैश्विक नेता बना

डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि दुनिया की तीन अरब आबादी ने कभी भी इंटरनेट का उपयोग नहीं किया है। ऐसे में अंतर सरकारी स्तर पर इस डिजिटल विभाजन को खत्म करने और एक तिहाई आबादी को डिजिटल बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के प्रशासक अचिम स्टीनर ने कहा कि भारत प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में वैश्विक नेता बन गया है।

### भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में सभी की सहभागिता



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत की डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा अन्य देशों को भी प्रेरित करे और सभी इससे सीख लें और अपनी डिजिटल प्राथमिकताएं तय करें। संयुक्त राष्ट्र में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने मिलकर नागरिक स्टैक : डिजिटल बुनियादी ढांचा, नागरिकों को लिए परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समावेशी विकास और सभी को समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे की मदद से भारत में हो रहे विकास को साझा किया। सम्मेलन में वैष्णव ने कहा कि भारत ने ऐसी नीति बनाई है, जिससे डिजिटल क्रांति का सभी को लाभ मिले। वैष्णव ने कहा कि इस दृष्टिकोण ने ही इंडिया स्टैक को जन्म दिया, जो कि डिजिटल टूल्स का गुलदस्ता है और जो सभी के लिए उपलब्ध है। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विकास असल मायनों में सरकार, निजी क्षेत्र, गैर लाभकारी संस्थाएं आदि सभी की सहभागिता का नतीजा है।

## बाइक पर स्टंट करता पकड़ा स्पाइडर कपल, काटा चालान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 19 वर्षीय एक युवती और एक युवक को स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और बिना हेलमेट बाइक चलाने मामले में पुलिस ने पकड़ा और उनका चालान काट दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान आदित्य (20) और अंजलि (19) के रूप में हुई है, जो नजफगढ़ के रहने वाले हैं।



सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से प्रसारित हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और दिल्ली की 'अर्बन एक्सटेंशन रोड-2' पर बिना नंबरप्लेट वाली बाइक पर बगैर हेलमेट के स्टंट करता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच करने के बाद युवक और युवती के खिलाफ बिना हेलमेट, लाइसेंस, बिना नंबर प्लेट की बाइक चलाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया।

### सेवा विवादः केंद्रीय कानून के विरुद्ध दिल्ली सरकार की याचिका को सूचीबद्ध करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्रीय कानून के खिलाफ अपनी याचिका को पांच-न्यायाधीशों वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ के सामने शीघ्र सूचीबद्ध करने की अपील की। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आश्वासन दिया कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने के दिल्ली सरकार के अनुरोध पर गौर करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया कि पूरा प्रशासन ठप हो गया है और मामले की सुनवाई किए जाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि फिलहाल नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष एक मामले की सुनवाई जारी है और वह इस अनुरोध पर विचार करेंगे। वर्तमान में प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ यह जटिल कानूनी सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

## एक नजर

### पाक में चौक का नाम भगत सिंह रखने पर सरकार ने मांगा समय

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने शुक्रवार को शादमान चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के नाम पर रखने के मुद्दे पर हाईकोर्ट से और समय देने की मांग की। लाहौर हाईकोर्ट के न्यायाधीश शम्स महमूद मिर्जा, भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान की एक याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिका में शादमान चौक का नाम बदलकर भगत सिंह के नाम पर रखने के अदालत के आदेश का पालन नहीं करने के लिए प्रांतीय और जिला सरकार के तीन शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई थी। अब पंजाब सरकार के महाधिवक्ता इमरान ने अदालत से कहा कि चौक बदलने को लेकर सरकार को और समय दिया जाना चाहिए।

### तेलंगाना: परीक्षा परिणाम से आहत 7 विद्यार्थियों ने की आत्महत्या

**हैदराबाद।** परीक्षा में असफलता के कारण पिछले 48 घंटों में पूरे तेलंगाना में सात इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं की कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एग्जामिनेशन ने 24 अप्रैल को प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के परिणाम घोषित किए थे। महबुबाबाद के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, जिले के एक गांव में एक छात्रा ने अपने आवास पर फांसी लगा ली तो दूसरी ने कुएं में छलांग लगा दी। (पूर्वी क्षेत्र) के पुलिस उपायुक्त आर गिरिधर ने कहा कि सुल्तानबाजार के एक छात्र अपनी जान दे दी। वहीं शहर के नल्लाकुंटा के एक लड़का रेलवे ट्रैक के पास मृत पाया गया। मंचेरियल जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि तीन छात्रों ने परीक्षा में असफल होने के कारण अलग-अलग स्थानों पर आत्महत्या कर ली है।

### श्रीलंका में हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरों की स्वदेश वापसी

**कोलंबो।** श्रीलंका के जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए चौबीस भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को भारत वापस भेज दिया गया है। इससे दो दिन पहले भी पांच भारतीय मछुआरों के एक समूह को भारत भेजा गया था। अब चौबीस भारतीय मछुआरे श्रीलंका से स्वदेश वापस लौटे हैं। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा सभी मछुआरे कोलंबो से सवार हुए हैं और वर्तमान में अपने घर जा रहे हैं।

### वियतनाम के संसद प्रमुख का इस्तीफा

**हनोई।** वियतनाम में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के बीच राष्ट्र की संसद के प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार 21 अप्रैल को व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद और शक्ति का दुरुपयोग करने के आरोप में उनके सहायक फाम थाई हा को गिरफ्तार किया गया था। इसके कुछ दिनों बाद संसद प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने भी इस्तीफा दे दिया है। वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी ने ह्यू के स्वैच्छिक इस्तीफे को स्वीकार कर लिया। हालांकि, शुरुआती रिपोर्ट्स में यह नहीं कहा गया कि उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। लेकिन जांचकर्ताओं ने पाया कि ह्यू ने पार्टी के नियमों का उल्लंघन किया था।

## वैवाहिक रिश्ते को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरताः कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैवाहिक रिश्ते को अस्वीकार करना और निर्दोष पीड़ित बच्चों की जिम्मेदारी लेने से इनकार करना सबसे गंभीर प्रकार की मानसिक क्रूरता है। दिल्ली हाईकोर्ट ने तलाक की अर्जी खारिज करते हुए टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा कि क्रूरता का शिकार महिला हुई है, पुरुष नहीं। अदालत ने कहा कि जीवनसाथी पर लगाए गए विश्वासघात के निंदनीय, निराधार आरोप और यहां तक कि बच्चों को भी नहीं बख्शना, अपमान और क्रूरता का सबसे खराब रूप होगा, जो व्यक्ति के लिए तलाक मंजूर नहीं करने के लिए पर्याप्त है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना कृष्ण बंसल की पीठ ने कहा कि तलाक की याचिका खारिज करने वाली कुटुंब अदालत के आदेश को चुनौती देने संबंधी व्यक्ति की अपील में कोई दम नहीं है। पीठ ने कहा कि पति पत्नी के खिलाफ लगाये गये अपने किसी भी आरोप को साबित नहीं कर पाया है और उसने आत्महत्या करने की धमकी देने और आपराधिक मामलों में फंसाने के बारे में अस्पष्ट आरोप लगाए हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि विवाह एक ऐसा संबंध है जो आपसी विश्वास पर फलता-फूलता है और एक मधुर संबंध में कभी भी किसी की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचाई जाती।

### पतंग उत्सव



**पेरिस:** फ्रांस के बर्क-सुर-मेर का आकाश इन दिनों रंगों से भरा दिखाई दे रहा है। वजह- अंतर्राष्ट्रीय पतंग उत्सव। इसमें देश-विदेश के पतंगबाज और कलाकार शामिल हो रहे हैं। 28 अप्रैल तक चलने वाले इस पतंग उत्सव में इस बार 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल हो रहे हैं। ● एजेंसी

## गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस ने युवक पर चलाईं गोलियां, भारतवंशी की मौत

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- दो पुलिस अधिकारी व रूममेट को टक्कर मारने का था आरोप, यूपी का रहने वाला था मृतक सचिन साहू

अमेरिका में एक 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की सैन एंटोनियो में पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक को अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मारने और एक महिला पर गंभीर हमले के मामले में पुलिस गिरफ्तार करने पहुंची थी। जहां उसकी गोलीमार कर हत्या कर दी।

बेक्सर काउंटी मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने कहा कि पिछले वीकेंड पर पुलिस के साथ विवाद के दौरान 21 अप्रैल को टेक्सास के सैन एंटोनियो शहर में कई गोलियां लगने से सचिन कुमार साहू की मौत हो गई। सचिन कुमार साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। पुलिस प्रमुख बिल मैकमैनस ने कहा सचिन पर दो अधिकारियों को टक्कर मारने व अपने रूममेट पर हमला करने का आरोप था। उन्होंने कहा आगे की जांच जा रही है।

### भारतीय के लिए सुरक्षित है अमेरिका

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका एक सुरक्षित देश है और यह भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करता है। उन्होंने अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता को आश्वासन दिया कि जब तक वे अमेरिका में है, तो उनके बच्चे हमारे बच्चे हैं। जनवरी से अब तक अमेरिका में भारतीय मूल के आधा दर्जन छात्रों की हत्या के सवाल पर उन्होंने कहा-हम अमेरिका में भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करते हैं। अमेरिका में अनेक संसाधन मौजूद हैं, जो छात्रों को तैयारी करने में मदद कर सकते हैं।

## भारतीय-रूसी कंपनियों को मिली श्रीलंका के हंबनटोटा की जिम्मेदारी

**कोलंबो।** श्रीलंकाई सरकार के प्रवक्ता ने कहा है कि भारत और रूस की कंपनियां हंबनटोटा में मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेंगी। बता दें कि कि इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दुनिया का सबसे खाली हवाई अड्डा करार दिया गया था। अब सरकार के प्रवक्ता बंडुला गनवार्डेना ने कहा कि 9 जनवरी को श्रीलंकाई कैबिनेट की बैठक हुई।

इसमें नेताओं द्वारा अपने अपने पक्ष रखे गए और इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए। कैबिनेट द्वारा भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए मटाला अतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### स्याही लगी उंगली दिखाओ मुफ्त में डोसा खाओ

**बेंगलुरु।** चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग लगातार अभियान चलाता है, जिससे अधिक से अधिक लोग वोट करें और लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाएं। अब बेंगलुरु में स्थानीय व्यावसायिक संगठनों ने इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनोखी पहल की शुरुआत की है। इसके तहत शहर में मतदान करने वाले मतदाताओं को वोट देने पर मक्खन डोसा फ्री में खिलाए, अलग-अलग रेस्तरां के बाहर लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं, जहां लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं को मुफ्त डोसा, लड्डू, कॉफी और अन्य खाद्य उत्पादों पर छूट दी गई। इनमें से कुछ रेस्तरां लोकसभा चुनावों में मतदान करने वाले मतदाताओं को या तो मुफ्त में खाना दे रहे हैं या फिर बिल में छूट की पेशकश कर रहे हैं। अभियान के तहत मतदान करने वाले मतदाताओं को अपनी स्याही लगी उंगली दिखाने पर मुफ्त बटर डोसा, लड्डू और जूस दिया गया।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों को मिली सफलता, इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता है

# चंद्रमा पर गड्ढे से पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह का रहस्य उजागर

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर बने गड्ढे व पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह के बीच संबंध का पता लगाने की बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसका नाम 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह है। इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था। दरअसल कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह व चंद्रमा के सुदूर भाग में स्थित विशाल गड्ढे की कहानी बड़ी रोचक है।

यह गड्ढा 21 किमी चौड़ा है। और चंद्रमा के सुदूर भाग पर स्थित है। नासा के लूनर रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर कैमरे ने इस गड्ढे की तस्वीर ली है। इस गड्ढे का मिलान 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह से किया गया तो पता चला कि यह गड्ढा इसी क्षुद्रग्रह के कारण बना है। कालांतर में यह क्षुद्रग्रह चंद्रमा से टकराया होगा और वापस अंतरिक्ष में छिटक गया। इसके बाद अपनी कक्षा में घूमने लगा। इस क्षुद्रग्रह के बारे में पूर्व में कहानियां भी लिखी गयी हैं। इसकी विशेषता यह है कि इसे कभी पृथ्वी का अर्ध उपग्रह भी माना जाता था। यह चंद्रमा की तरह कक्षीय अवधियों में पृथ्वी के करीब रहता है और आने वाली कई शताब्दियों तक इसकी कक्षा स्थिर बनी रहेगी।

सूर्य के चारों ओर इसकी कक्षा पृथ्वी की कक्षा के साथ समकालिक है। इसके बारे में 2021 में स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक से इसका पता लगा लिया था। खगोलविदों ने नेचर एस्ट्रोनॉमी में इस नए शोध को प्रकाशित किया है। चंद्रमा में इस दूर के गड्ढे नाम जिओर्डानो ब्रूनो है। 16वीं सदी के इतालवी दार्शनिक, कवि, ब्रह्माण्ड संबंधी सिद्धांतकार और गूढ़विद्या पर इसका नाम पर रखा गया है। नासा समेत कई देशों के वैज्ञानिकों के सामूहिक शोध से इस रहस्य का खुलासा हुआ।



चंद्रमा पर बना गड्ढा।

### तियानवेन-2 मिशन कमोओलेवा करेगा नमूने एकत्र

2025 में लॉन्च होने वाला चीनी तियानवेन-2 मिशन कमोओलेवा के नमूने एकत्र करेगा। बाद में वापस पृथ्वी में लाएगा। दूसरा मिशन नासा का एन इ ओ सर्वेक्षक अंतरिक्ष दूरबीन को 2027 में लॉन्च किया जाएगा। इन दोनों मिशन के अध्ययन से इस क्षुद्रग्रह कामो'ओलेवा के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाएगा।

## फिलिस्तीन समर्थित प्रदर्शन के दौरान भारतीय मूल की छात्रा गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के प्रिंसटन विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली भारतीय मूल की एक छात्रा समेत दो विद्यार्थियों को परिसर में फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और उनके परिसर में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है। अचिंत्य शिवलिंगन कोयंबटूर में जन्मी और कोलम्बस में पली-बढ़ी हैं। विवि की एक प्रवक्ता ने बताया कि अचिंत्य को विवि परिसर में प्रवेश से रोक दिया गया है और अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने गुरुवार सुबह करीब सात बजे मैककॉश के प्रांगण में फिलिस्तीन के समर्थन में टेंट लगाकर डेरा डाल लिया। विवि की चेतावनी के बाद प्रिंसटन के दो विद्यार्थियों को गिरफ्तार कर लिया गया और टेंट को हटा दिया गया, लेकिन अन्य प्रदर्शनकारियों ने धरना जारी रखा।

# तिब्बत की स्वायत्तता की मांग पर बातचीत से चीन का इनकार

बीजिंग, एजेंसी

- चीन बोला- दलाई लामा के प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे...न कि भारत में बैठे निर्वासित अफसरों से

चीन ने शुक्रवार को कहा कि वह केवल दलाई लामा के प्रतिनिधियों से बात करेगा, न कि भारत में स्थित निर्वासित तिब्बती सरकार के अधिकारियों से। साथ ही दलाई लामा की तिब्बत की स्वायत्तता की लंबे समय से लंबित मांग पर बातचीत से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन निर्वासित तिब्बती सरकार और चीनी सरकार के बीच पर्दे के पीछे बातचीत की रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

वांग ने कहा कि चीन धर्मशाला स्थित निर्वासित तिब्बती सरकार को अलगाववादी गुट मानता है। यह पूरी तरह से चीनी संविधान और कानूनों के खिलाफ है, यह अवैध है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश ने इसे मान्यता नहीं दी है। बता दें, तिब्बत की निर्वासित सरकार के राजनीतिक प्रमुख पेन्पा त्सेरिंग ने गुरुवार को धर्मशाला में पत्रकारों के से कहा था कि पिछले साल से हमारे बीच पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है, लेकिन हमें तत्काल कोई अपेक्षा नहीं है। वांग ने कहा कि दलाई लामा के समूह के वार्ता को दो बुनियादी सिद्धांत हैं। पहला, निर्वासित सरकार या तथाकथित प्रशासनिक प्रतिनिधियों के बजाय दलाई लामा के प्रतिनिधियों से बात करेंगे। दूसरा, बातचीत व्यवस्था पर होगी, न कि तिब्बत की स्वायत्तता को लेकर, जो दलाई लामा की मुख्य मांग है।

